हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



- प्रदेश में एक दिन में करीब 50 ट्रक आलू की आवक होती है।
- छत्तीसगढ़ में पहाड़ी आलू की आवक बंगाल से होती है।

छत्तीसगढ़ में आलू के दाम आम आदमी का दम निकाल रहे हैं। आमतौर पर आलू 20 से 25 रुपए के बीच मिलता है। लेकिन अचानक इसके दाम 50 रुपए तक चले गए हैं। वजह है पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एक फैसला। आलू की कम आवक को देखते हुए पश्चिम बंगाल ने दूसरे राज्यों को आलू आपूर्ति को बाधित कर दिया है। छत्तीसगढ़ में वहीं से पहाड़ी आलू आता है।



**रोज 1500 टन की जरूरत, अभी आवक आधी**

# ममता बनर्जी के फैसले से बढ़े छत्तीसगढ़ में आलू के दाम, चिल्हर में 50 रुपए किलो

**आवक कम होने से कीमत में तेजी**

*पश्चिम बंगाल से आने वाले आलू की आवक कम होने के कारण कीमत में तेजी आई है। आवक सामान्य होने पर कीमत में कमी आ जाएगी।*
*- अजय अग्रवाल, अध्यक्ष, थोक आलू-प्याज व्यापारी संघ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि एक्सक्लूसिव**

वहीं उत्तर प्रदेश से आने वाले गोला और पहाड़ी आलू की कीमत कुछ कम है। यह 40 रुपए किलो बिक रहा है। लेकिन इसकी डिमांड बहुत कम रहती है। प्रदेश में एक दिन में करीब 50 ट्रक आलू की आवक होती है। यानी करीब हजार से 15 सौ टन। लेकिन इस समय इससे आधी आवक ही हो रही है। आलू को हर सब्जी के लिए राजा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बंगाल के कारण कीमत ज्यादा

कारोबारियों के मुताबिक इस समय आलू की कीमत आसमान पर जाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि छत्तीसगढ़ सहित देश के ज्यादातर राज्यों में पहाड़ी आलू की आवक बंगाल से होती है। पिछले कुछ समय से बंगाल सरकार ने आलू की आवक पर रोक लगाने का काम कर दिया है। सरकार चाहती है कि पहले अपने राज्य में पूर्ति हो इसके बाद माल बाहर भेजा जाए। ऐसा होने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 30 के स्थान पर 10 ट्रक

बंगाल से रोज राजधानी रायपुर में और प्रदेश के अन्य बाजारों में रोज करीब 30 ट्रक आलू आते हैं। एक ट्रक में 25 से 30 टन माल रहता है। इसी तरह से उप्र से आने वाला गोला और पहाड़ी आलू रोज करीब 20 ट्रक आता है। बंगाल से चोरी-छुपे दस ट्रक ही आलू आ पा रहा है। उप्र से माल आने में परेशानी नहीं है। लेकिन उप्र का आलू आमतौर पर रायपुर और दुर्ग संभाग में नहीं चलता है।




# मोदी ने कहा-विकसित भारत बनाने स्किल, रिसर्च और इनोवेशन जरूरी




*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक हुई। इसमें पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत 2047 हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। विकसित भारत बनाने स्किल, रिसर्च और इनोवेशन जरूरी है। राज्य इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे सीधे लोगों से जुड़े हुए हैं। बैठक में 10 सीएम नहीं पहुंचे, वहीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी बैठक छोड़कर चली गईं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है और राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि वे लोगों से सीधे जुड़े हुए हैं। आयोग ने मोदी के हवाले से सोशल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ममता बोलीं-मुझे बोलने नहीं दिया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को आयोग की बैठक छोड़कर बाहर निकल आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की ▶▶| शेष पेज 4 पर

**नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

## साय ने बताया छत्तीसगढ़ का विजन, कहा विकसित भारत में निभाएगा बड़ी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के विजन को साझा किया। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य की प्राथमिकताओं और विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसमें शिक्षा, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर

बैठक में श्री साय ने राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्य फोकस स्किल्ड मानव संसाधन तैयार करने पर है। छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बिजली के लिए मांगा सहयोग

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए केंद्र से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की प्रक्रिया को सरल कर दिया गया है और 100 गांवों को ▶▶| शेष पेज 4 पर

**आधी रात बदले गए राज्यपाल**

## रमेन डेका छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई राज्यों के राज्यपाल बदल गए हैं। राष्ट्रपति भवन की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार रमेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का राज्यपाल बनाया गया है।



राष्ट्रपति भवन की तरफ से यह भी जानकारी दी गई है कि असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को अब पंजाब का गवर्नर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उन्हें केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के एडमिनिस्ट्रेटर की भी जिम्मेदारी दी गई है। झारखंड के वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। सीएच विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल बनाया ▶▶| शेष पेज 4 पर

### असम से रहे लोकसभा सांसद

रमेन डेका 70 वर्षीय भाजपा से जुड़े रहे। वे 2009 से 2019 तक लोकसभा सांसद रहे। 2014 के चुनावों में वे असम की मंगलदोई सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर निर्वाचित हुए थे।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त राष्ट्र में मोरारी बापू करेंगे रामकथा

**वाशिंगटन।** आध्यात्मिक नेता मोरारी बापू रामचरितमानस की प्रासंगिकता का प्रसार करने के



लिए न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पहली बार रामकथा करेंगे। बापू ने कहा कि रामचरितमानस धार्मिक एवं सांस्कृतिक सीमाओं से परे एक वैश्विक संदेश देता है। यह सत्य, प्रेम और करुणा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों की बात करता है।

### सोरेन की जमानत को चुनौती, कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर



29 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने संबंधी झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। सोरेन ने 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने से पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

### ईडी का डर दिखाकर रिटायर्ड अफसर से 54 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** ईडी और मनी लांड्रिग का डर दिखाकर रिटायर्ड अफसर से 54 लाख 30 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई है। साइबर थाना मामले में अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञेय नगर निवासी केंद्र सरकार की नौकरी से रिटायर्ड अधिकारी जय सिंह चंदेल 71 साल के मोबाइल में 24 जून को अननोन मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें पोर्न वीडियो अपलोड करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर की कापी भेजी।

# इंदिरा आईवीएफ का लाइसेंस दो महीने के लिए निलंबित

**लापरवाही से महिला की मौतः आईवीएफ सेंटर में साठ दिनों तक नहीं हो पाएगी चिकित्सकीय प्रक्रिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

इलाज में लापरवाही कर महिला की मौत के लिए जिम्मेदार इंदिरा आ ईवीएफ सेंटर का लाइसेंस दो माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इन साठ दिनों की अवधि में वहां किसी तरह की उपचार प्रक्रिया पूरी नहीं की जाएगी। अप्रैल में हुई महिला की मौत के मामले में गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर सीएमएचओ ने यह बड़ी कार्रवाई की है।

पंडरी के इंदिरा आईवीएफ सेंटर के खिलाफ लगाए गए संगीन आरोप की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन सदस्यीय टीम का गठन किया था। स्त्री रोग, एनीस्थिसिया विशेषज्ञ के साथ नर्सिंग होम की नोडल अधिकारी ने मामले की जांच कर रिपोर्ट जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दी थी, जिस आधार पर यह कार्रवाई की गई है। लापरवाही के लिए साठ दिनों के लिए लाइसेंस ▶▶| शेष पेज 4 पर

- **अप्रैल की घटना, जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएमएचओ का एक्शन**


राजनांदगांव निवासी महिला की सर्जरी के बाद हुई थी मौत

अस्पताल और थाने का चक्कर लगाने के बाद हुआ पोस्टमार्टम, जांच शुरू

### स्ट्रेचर में ओटी से बाहर निकली

राजनांदगांव के ग्राम लखौली में रहने वाली नीलम पति मनोज साहू वहां संतान सुख की आस में इलाज करा रही थी। 19 अप्रैल को नीलम ने अस्पताल में बैठे-बैठे अपनी सेल्फी ली थी, उसके बाद उसे ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। कुछ घंटे बाद वह ओटी से स्ट्रेचर में बाहर लाई गई और परिवार वालों को बताया गया कि उसे मोवा के ममता नर्सिंग होम में रेफर किया जा रहा है। परिजन जब ममता नर्सिंग होम पहुंचे, तो डाक्टरों ने बताया कि नीलम की मौत हो चुकी है। इसके ▶▶| शेष पेज 4 पर

### स्वीकारी थी गलती

घटना के दौरान बवाल मचने पर इंदिरा आईवीएफ प्रबंधन ने अपनी गलती मानी थी। उसने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए इस पर दुख व्यक्त किया था और मामले की जांच में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया था। उसने तर्क दिया था कि सर्जरी के दौरान महिला मरीज के ब्लड ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पर्याप्त इंतजाम नहीं

*जांच में पाया गया कि इंदिरा आईवीएफ सेंटर में मरीजों की आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किया गया था। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे सही समय पर इलाज नहीं मिल पाया। संस्थान का लाइसेंस दो माह के लिए निलंबित किया गया है।*
*- डॉ.मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ*

**मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर लगाया झूठ बोलने का आरोप**

**जनता टीवी के कॉन्क्लेव में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी**

# पोर्टल खत्म करने की बात करना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना : नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

हरियाणा में विभिन्न योजनाओं को लेकर चल रहे पोर्टल को खत्म करने की बात करना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। भूपेंद्र हुड्डा इस तरह की बातें करके प्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की बात कर रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनता टीवी द्वारा चल रहे कॉन्क्लेव में कहीं। उन्होंने कहा कि पोर्टल आने की व्यवस्था होने से भ्रष्टाचार समाप्त हो गया है। अब लोगों को अधिकारियों के चक्कर नहीं ▶▶| शेष पेज 4 पर



**हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। प्रदेश की जनता पहले की तरह दुखी नहीं है। हमारी सरकार ने साढे 9 साल बहुत अच्छा कार्य किया है इसलिए तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### झूठ से सत्ता चाहती है कांग्रेस

सैनी ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर सत्ता प्राप्त करना चाहती है लेकिन काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। लोकसभा चुनाव में इन्होंने संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठ बोलकर जनता में भ्रम फैलाया और वोट प्राप्त किया लेकिन इस बार जनता कांग्रेस के झूठ को समझ चुकी है। जनता टीवी द्वारा पंचकूला में चल रहा है कॉन्क्लेव में हरियाणा के सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं।



## भारत की 13वीं निजी यूनिवर्सिटी यूजीसी 12(बी) मान्यता प्राप्त

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी

24th YEARS OF EXCELLENCE ESTD. 2000 | SRI GROUP

Approved & Recognized By :

## आर्थिक एवं अन्य कारणों से एडमिशन नहीं ले पा रहे विद्यार्थियों हेतु

# सुनहरा अवसर

## यूनिवर्सिटी स्थापना माह : विशेष योजना

### योजना अवधि : 25 से 31 जुलाई 2024 तक..

**योजना के अंतर्गत**

- ट्यूशन फीस में राहत : इच्छुक व्यक्ति / संस्थानों के सहयोग से..(By Sponsorship)
- पढाई के साथ कार्य अनुभव : पार्टटाइम कार्य के माध्यम से आय..(Earn While Learning)
- कक्षा उपस्थिति से फीस में विशेष राहत : योजना अनुसार..(Attendance Incentive)

***श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी द्वारा विद्यार्थियों के हित में व्यापक संपर्क कर अधिकाधिक सहयोग हेतु प्रयास किया जावेगा..***

## रोजगार परककोर्स :

### (शासकीय रोजगार, गैर शासकीय रोजगार एवं स्वरोजगार हेतु )

**चिकित्सा के क्षेत्र में**

- नेत्र परीक्षण हेतु : बी ओप्टोमेट्री (B. Optometry), एम ओप्टोमेट्री (M. Optometry) (यह कोर्स अंचल में केवल श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है)
- मेडिकल लैब टेकनीशियन हेतु : बी.एस.सी-एम् एल टी (BSc-MLT)
- आहार विशेषज्ञ : बी.एस.सी-न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स (Bsc Nutrition & Dietetics)
- हॉस्पिटल में रोजगार : डिप्लोमा इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट
- घरो में रोगी / वृद्ध की देखभाल : डिप्लोमा इन होम बेस्ड हेल्थ केयर
- फार्मेसी विशेषज्ञ हेतु : बैचलर ऑफ़ फार्मेसी, डिप्लोमा इन फार्मेसी

**अन्य रोजगार परक कोर्स :**

- लॉ विभाग : एल एल बी, बी.ए.-एल एल बी, बी कॉम- एल एल बी, एल एल एम्
- लाइब्रेरी विभाग : बी.लिब, एम्.लिब
- होटल मैनेजमेंट : डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट, बी.बी.ए (एच.एम्), बी.एच.एम्.सी.टी
- पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग : बी.जे , एम्.जे , बी.ए.(जे.एम्.सी), एम्.ए.(जे.एम्.सी)
- फैशन & इंटीरियर डिजाईन : डिप्लोमा, पी.जी. डिप्लोमा, बी.ए., एम्.ए., बी.एस.सी., एम्.एस.सी.
- योग विभाग : डिप्लोमा, पी.जी. डिप्लोमा, बी.ए., एम्.ए., बी.एस.सी., एम्.एस.सी.
- इंजीनियरिंग, आईटी, साइंस, मैनेजमेंट एंड कॉमर्स एवं अन्य कोर्सेस....

**योजना लाभ लेने हेतु -**

QR code को स्कैन कर रजिस्ट्रेशन करें




FOLLOW ON:

www.sruraipur.ac.in

एन एच-30, पोस्ट माना, नई धमतरी रोड, रायपुर(छ.ग.)

7222910411

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



बालोद में भी तालाबों पर कब्जा किया गया, कुंडी और बरेज तालाब में तने मकान

# तालाब पी गए लोग, कब्जा कर मकान बनाए अब उनमें भी दरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एनजीटी ने छत्तीसगढ़ के 122 तालाबों में कब्जे बताए हैं। हरिभूमि उनकी लगातार असलियत उजागर कर रहा है। लेकिन इससे इतर भी खबरें आ रही हैं। पूरे छत्तीसगढ़ में सैकड़ों तालाब ऐसे हैं जहां कब्जा हुआ है। ऐसा ही बालोद में है। एनजीटी की लिस्ट में भले ही तालाबों का जिक्र नहीं है लेकिन पालिका बालोद क्षेत्र में करीब दर्जन भर तालाबों में से वार्ड क्रमांक 17 में स्थित कुंडी व बरेज तालाब में वार्डवासियों ने अतिक्रमण कर घर बनाए हैं। तालाब के पानी में घर का कुछ हिस्सा डूबा हुआ है, वहीं पानी में डूबे होने के कारण मकान की दीवार पर दरारें पड़ गई हैं जिससे जान माल के नुकसान का अंदेशा बना हुआ है।

हरिभूमि लाइव पांचवीं किस्त



शहर के कुंडी व बरेज तालाब में वार्डवासियों द्वारा अतिक्रमण कर मकान बना रहे हैं। इससे तालाब का क्षेत्रफल सिमटते जा रहा है। यही स्थिति रही तो दोनों ही तालाब का नामोनिशान मिट जाएगा और तालाब के जगह घर नजर आएंगे। हरिभूमि ने शहर के दर्जन भर तालाबों की पड़ताल की, जिसमें शिकारी पारा स्थित कुंडी व बरेज दोनों ही तालाब में वार्डवासियों द्वारा अतिक्रमण करने के कारण स्थिति बेहद खराब है।

### इन तालाबों की स्थिति है बेहतर

शहर के दशोंदी तालाब, आमा तालाब, दशहरा तालाब, काशिबन तालाब, लाला तालाब, रिठिया तलाब, पाररास तालाब, बूढ़ादेव तालाब, कुन्दरूपरा अटल आवास तालाब की स्थिति बेहतर है, क्योंकि इन तालाबों के चारों ओर नगर पालिका ने बाउंड्रीवाल बनवाई हैं। जिसके कारण इन तालाबों में अतिक्रमण नहीं हुआ है, जबकि कुंडी व बरेज तालाब में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिसके चलते वार्डवासी अतिक्रमण कर रहे हैं।

### जिम्मेदारों ने बरती लापरवाही

लापरवाही नगर पालिका प्रशासन की है, क्योंकि पालिका प्रशासन द्वारा शहर के लगभग सभी तालाबों के चारों ओर बाउंड्रीवाल कर नाली बनवाई गई है, ताकि वार्डवासियों द्वारा तालाब में अतिक्रमण न कर सकें, लेकिन कुंडी व बरेज तालाब में बाउंड्रीवाल नहीं बनाया है और न ही तालाब के चारों ओर नाली का निर्माण किया गया है। ऐसे में तालाब जब सूखने की कगार पर होता है, तो वार्डवासी अपने घर के ठीक पीछे तालाब के कुछ हिस्सों को कब्जा कर लेते हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में शिव नगर रेलवे स्टेशन के एक युवक की शनिवार सुबह एक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रंजीत सरोज (30) के रूप में हुई है, जो अलीगंज के कोटिया ककरहवा गांव का रहने वाला था। रंजीत का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह काफी दिनों से बीमार था।

### ड्रग्स तस्करी के आरोप में महिला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** थाईलैंड की एक महिला को मादक पदार्थ कोकीन की देश में तस्करी करने की कोशिश करने के आरोप में यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी महिला को 23 जुलाई को बैंकॉक से दिल्ली आने के बाद पकड़ा गया था।

### तीन घंटे लेट हुई ट्रेन, तो मिल सकता है रिफंड



**नई दिल्ली।** ट्रेन 3 घंटे या उससे ज्यादा की देरी से चलती है तो वह टिकट रिफंड ले सकते हैं। यह सुविधा कंफर्म तत्काल टिकट वाले यात्रियों को नहीं मिलती है। रिफंड के लिए टिकट डिपॉजिट रसीद फाइल करनी होती है। आईआरसीटीसी के ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर टीडीआर फाइल कर सकते हैं।

### भारत से जाएगा 'एक गगनयात्री'



**नई दिल्ली।** भारत के गगनयान मिशन की तैयारियां जोरों पर हैं। अब केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया है कि गगनयान मिशन के चार गगनयात्रियों में से एक गगनयात्री को अगस्त में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र भेजा जाएगा। भारत के गगनयात्री को इसरो और नासा साथ मिलकर आईएसएस भेजेंगे।

### फौजी बाबा की सेवादार ने बेरहमी से की हत्या

**खंडवा।** ओंकारेश्वर के प्रतिष्ठित संत फौजी बाबा की उनके ही सेवादार ने गला घोंटकर हत्या कर दी। वे पूर्व सैनिक थे हृदयविदारक घटना शनिवार दोपहर 3 बजे उनके आश्रम चंद्रबिंदु में घटी, जहां उनका शव बरामद किया गया।पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक जो बाबा का सेवादार था को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अभिषेक की महत्वाकांक्षाएं और मांगें घटना का मुख्य कारण थीं।

*भारी बारिश ने कई इलाकों में तबाही मचाई है। कई स्कूलों का हाल बेहाल है। बस्तर के किरंदुल में भारी बारिश से रेलवे यार्ड में पानी भर गया। इस बीच, महानदी उफान पर आ गई है। शिवरीनारायण में महानदी की धार खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। इससे बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को पत्र लिखकर हीराकुंड बांध के गेट खोलने की मांग की है।*

छत्तीसगढ़ में कई इलाकों में बाढ़-बारिश से प्रभावित हुआ जनजीवन

महानदी की धार खतरे के निशान के करीब पहुंची

# महानदी पर मंडराया बाढ़ का खतरा, हीराकुंड बांध के गेट खोलने छत्तीसगढ़ ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा/ जगदलपुर/ कोटा/ कवर्धा/ मैनपुर/ बिलासपुर/ अंबिकापुर/ मुंगेली/ कोरबा की विशेष रिपोर्ट

लगातार हो रही बारिश से महानदी उफान पर आ गई है। महानदी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। शिवरीनारायण में महानदी की धार खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। इससे बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में बाढ़ से बचने के लिए उड़ीसा के हीराकुण्ड बांध के गेट खोलने की जरूरत महसूस होने लगी है। हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर के मुख्य अभियंता ने इस संबंध में पत्र लिखकर मुख्य अभियंता संबलपुर, ओडिशा से मांग की है। जिले के साथ ही ऊपरी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार अच्छी बारिश हो रही है। इससे महानदी पाटो पाट बह रही है। महानदी का जल स्तर शिवरीनारायण में खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है। शबरी सेतु के करीब 3 फीट नीचे तक पानी आ गया है। वहीं, चंद्रपुर में महानदी का जल स्तर पुल से करीब 7 फीट नीचे है। इधर, बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को भी जिले के अलावा ऊपरी इलाकों में भी दिनभर बारिश होती रही। ऐसी स्थिति में यदि ▶▶| शेष पेज 4 पर





**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के ग्राम मैनपुरकला में एक व्यक्ति का निधन हो गया। जिसकी शव यात्रा उफनती नदी को पार करते हुए निकाली गई थी।



### कक्षा के भीतर पानी खड़े होकर पढ़ाई

मुंगेली जिले के लोरमी विधानसभा के ग्राम पंचायत उजियारपुर। यहां बच्चे जान को जोखिम में डालकर पढ़ने मजबूर हैं। यहां के स्कूल के भीतर पानी भर जाता है, ऐसे में पढ़ाई करना मुश्किल हो जाता है। बच्चे खड़े-खड़े मध्याह्न भोजन करते हैं।

### खदान में आया पानी, बाढ़ में एक अधिकारी बहा

- एसईसीएल कुसमुंडा खदान के गोदावरी फेस का मामला
- रेस्ट सेल्टर में बैठे थे अधिकारी, अचानक आया पानी का सैलाब



**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा खदान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब झमाझम बारिश के दौरान रेस्ट सेंटर में बैठे कर्मी बाढ़ आने पर भागने लगे। इस आपाधापी में दो कर्मी पानी के बहाव में फंस गए। एक अधिकारी को तो किसी तरह साथी कर्मियों ने बचा लिया पर दूसरे अधिकारी को पानी कोयले के साथ बहाता हुआ नीचे ले गया। तत्काल इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद एसडीआरएफ ▶▶| शेष पेज 4 पर

### किरंदुल में डूबा रेलवे यार्ड



किरंदुल में पहाड़ी डिपॉजिट से गहरे गड्ढे में जमा पानी का दीवार फूटकर समूचे किरंदुल में तबाही का मंजर देखा गया था। यहां इतनी बारिश हुई कि किरंदुल रेल यार्ड बारिश के पानी से तालाब के रूप ले लिया है। यार्ड साइडिंग में पानी भरने से लौह अयस्क की ढुलाई पिछले दो दिनों से ठप है। इसके चलते रेल प्रशासन को प्रतिदिन 5 से 7 करोड़ का राजस्व नुकसान होना बताया गया है। जानकारी के अनुसार बारिश की स्थिति ऐसी ही रही तो आने वाले 4 से 5 दिन तक ढुलाई कार्य बाधित हो सकता है।



### उत्तराखंड में मां-बेटी की मौत महाराष्ट्र में तीन की गई जान

**नई दिल्ली/मुंबई/टिहरी।** देश के कई इलाकों में भारी बारिश ने खूब तबाही मचाई। उत्तराखंड के टिहरी में दीवार ढहने से मां-बेटी की मौत हो गई, वहीं मुंबई में चार मंजिला इमारत ढह गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में लगातार बारिश के बाद शनिवार को एक गांव में हुए भूस्खलन में 42 वर्षीय एक महिला और उसकी किशोर वय बेटी की मौत हो गई। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के अनुसार टोली गांव में पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल कर्मियों द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सरिता देवी और 15 वर्षीय अंकिता के शव बरामद किए गए।

- भारी बारिश बनी आफत, भूस्खलन से हो गई मौत

#### ढह गई चार मंजिला इमारत

महाराष्ट्र में नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर इलाके में शनिवार तड़के चार मंजिला एक आवासीय इमारत के ढह जाने की घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान मोहम्मद मिराज अल्ताफ हुसैन (30), मिराज सैफ अंसारी (24) और शफीक अहमद रहमत अली अंसारी (28) के रूप में की गयी है। उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। 52 अन्य को बाहर निकाल लिया गया था।

#### आठ ट्रेन रद्द,चार का मार्ग परिवर्तित

कर्नाटक के यडाकुमारी में भूस्खलन होने के कारण मंगलुरु-बेंगलूरु रेलखंड पर शनिवार को आठ ट्रेन को रद्द कर दिया गया। चार अन्य को मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। दक्षिण पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि मंगलुरु और बंगलुरु के बीच यडाकुमारी में बारिश से भूस्खलन हुआ। इसके परिणामस्वरूप आठ ट्रेन को अगले आदेश तक रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी के साथ चार अन्य ट्रेन का मार्ग बदल दिया गया है।

# वेटिंग की भीड़ कम होते ही कोच हुए क्लीन, सफाई को लेकर 80 फीसदी शिकायतें कम

सफाई व्यवस्था बेहतर होने से रेलवे के लिए यात्रियों की नाराजगी हुई कम





- रेलवे प्रशासन ने कहा- जून और जुलाई में सफाई को लेकर 80 प्रतिशत कम हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे बोर्ड के वेटिंग यात्रियों को सफर करने से रोक लगाने के बाद ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ तो कम हुई ही है, साथ ही सफाई व्यवस्था भी पहले से बेहतर हो चुकी है। हरिभूमि की मुहिम के बाद बोर्ड के एक फैसले ने यात्रियों की शिकायत देशभर में अब कम कर दी है। रायपुर से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में जहां एक दिन में सफाई को लेकर शिकायत दर्जन से अधिक होती थी, जो अब सप्ताह में मिल रही है। हरिभूमि ने शनिवार को आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वेटिंग यात्रियों ▶▶| शेष पेज 4 पर

हरिभूमि फॉलोअप

**केस 1**

#### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

जून से पहले इस ट्रेन में सफाई और भीड़ को लेकर जोन में शिकायत महीने में 80 से अधिक पहुंच जाती थी, जो अब 10 से 15 हो चुकी है। ट्रेनों में एक महीने के भीतर वेटिंग यात्रियों के कम होने से रेलवे की नियमित सफाई से शिकायत कम हुई है।

**केस 2**

#### गोंडवाना एक्सप्रेस

रायगढ़ से दिल्ली जाने वाली जोन की प्रमुख ट्रेन है। मार्च से मई के बीच हर महीने 60 से अधिक यात्रियों की शिकायत अत्यधिक भीड़ को लेकर थी, जो अब पूरी तरह से कम हो चुकी है। सफाई को लेकर रायपुर में शिकायत भी नहीं मिली है। विभिन्न स्टेशनों से भी शिकायत कम होने लगी है।

#### शिकायत कम हुई है

हम लगातार शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जिसके आधार पर ट्रेनों में जून के बाद से सफाई और भीड़ को लेकर शिकायत कम हो चुकी है। 80 फीसदी ट्रेनों में सफाई से यात्री संतुष्ठ है। लंबी दूरी की ट्रेनों में सफाई व्यवस्था बेहतर हो चुकी है। यात्रियों की शिकायतों पर तत्काल मदद पहुंचा रहे हैं।

\- **समीर कांत माथुर**, सीपीआरओ, दपूमरे

### भारत की मनु स्वर्ण से एक कदम दूर...




**पेरिस।** भारत की मनु भाकर पेरिस ओलंपिक की महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालिफिकेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाकर स्वर्ण पदक से एक कदम दूर है। 22 साल की भाकर ने क्वालिफिकेशन में 580 का स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया।

## कुएं में रिसी जहरीली गैस, तीन की मौत



- बेमेतरा जिले के ग्राम कुआं में हुआ हादसा

**बेमेतरा।** नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत चंदनु थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कुआं में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। गांव में स्थिति एक निजी कुएं में पंप ठीक करने नीचे उतरे अधेड़ सहित तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नवागढ़ एसडीएम, तहसीलदार एवं थानेदार घटनास्थल पहुंचे। ▶▶| शेष पेज 4 पर

#### घटना स्थल पहुंचे अधिकारी

हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम सक्रिय ही गई और नवागढ़ एसडीएम-मुकेश कुमार गोड़, एएसपी ज्योति सिंह, तहसीलदार विनोद बंजारे, थाना प्रभारी एसएल बंजारे ▶▶| शेष पेज 4 पर

## खाई में गिरी कार, पांच बच्चों समेत आठ की मौत

अनंतनाग में बड़ा हादसा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से पांच बच्चों समेत एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक पुलिसकर्मी, दो महिलाएं और छह से 16 वर्ष की आयु के पांच बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहे थे तभी उनका वाहन के डक्सुम में सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।

अमरनाथ गुफा मंदिर में हर दिन पहुंच रहा जत्था

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों का टूटा रिकॉर्ड 4.5 लाख से अधिक ने किए दर्शन

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर के अमरनाथ गुफा मंदिर में शनिवार को 7,500 से अधिक तीर्थ यात्रियों ने प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग के दर्शन किए जिससे इस दुर्गम पवित्र स्थल पर दर्शन कर चुके श्रद्धालुओं की संख्या 4.5 लाख को पार कर गई। इसके साथ ही तीर्थयात्रियों का रिकॉर्ड टूट गया। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक भक्तों ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए थे।



#### 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ गुफा मंदिर जम्मू और कश्मीर प्रदेश की राजधानी श्रीनगर के उत्तर-पूर्व में स्थित है। इस गुफा की लंबाई 19 मीटर और चौड़ाई 16 मीटर है। कश्मीर के दो आधार शिविर से 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा औपचारिक रूप से 29 जून को शुरू हुई थी। इसका समापन 19 अगस्त को होगा।

#### जम्मू से 1,700 श्रद्धालु रवाना

दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 1,700 से अधिक श्रद्धालु शनिवार तड़के कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू के एक आधार शिविर से रवाना हुए। श्रद्धालुओं का 30वां जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच 63 वाहनों में तड़के तीन बजकर 25 मिनट पर जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। 999 तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना है।

**मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट को लेकर प्रतिक्रिया जारी है। इसका विश्लेषण भी अपने अपने हिसाब से किया जा रहा है। सरकार ने जहां इसे विकासोन्मुखी बजट बताया है, उद्योग जगत ने इसका स्वागत किया है, वहीं विपक्ष ने इसे दिशाहीन बजट बताया है। कांग्रेस ने तो यहां तक कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में जो बजट पेश किया है, वह कांग्रेस के मेनिफेस्टो के कुछेक अंश का ही कॉपी पेस्ट बजट है। कांग्रेस बजट पर चाहे जैसी भी राजनीति करे, लेकिन अगर बजट में कुछ अच्छा है तो सभी दलों को इसका स्वागत करना चाहिए, आखिर सभी राजनीतिक दलों का मकसद देश का विकास ही करना है। यूं तो यह वित्त वर्ष 2024-25 का तिमाही बजट है, फिर भी वित्त मंत्री ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है। सैलरीड क्लास को नई कर व्यवस्था में राहत दी है, रोजगार सृजन पर खास ध्यान दिया गया है, कृषि क्षेत्र को फिर से प्राथमिकता दी गई है, रक्षा क्षेत्र पर फोकस है, जनकल्याण योजनाओं को विस्तार दिया गया है। बजट समावेशी है, दूरदर्शी है, विकसित भारत को गति देने वाला है। बजट में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया गया है। सरकार ने अर्थवयवस्था के बुनियाद को मजबूत करने के लिए बजटीय आवंटन किया है। आम बजट को लेकर हो रही राजनीति और इस बजट के सकारात्मक पक्ष का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# बजट सबके लिए, सियासत ठीक नहीं



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार

**चाहे सरकार हो या विपक्ष, सबका दावा है कि उनकी राजनीति का उद्देश्य देश के लोगों का जीवन स्तर सुधारना है। सवाल यह है कि जब सबका यही उद्देश्य है तो कल्याणकारी योजनाएं कोई भी लाए, उसे खुश होना चाहिए। लेकिन हकीकत में कांग्रेस खुश नहीं है, उसे लगता है कि अगर सरकार ने बजट में रोजगार सृजन के प्रस्ताव को ईमानदारी से लागू कर दिया तो उसकी ओर आकर्षित हो रहे युवाओं के आकर्षण में कमी आ सकती है। जिसकी वजह से उसे सियासी नुकसान हो सकता है या भविष्य में जितने फायदे मिलने की उम्मीदें रही हैं, वह पूरा नहीं हो पाएगा। लिहाजा बजट को लेकर आरोप लगाना कि यह राजनीतिक बजट है, उसका कोई मतलब नहीं।**

विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार ने बजट को लेकर राजनीति की है। विपक्ष का आरोप है कि इस बजट में नीतीश कुमार और एन चंद्रबाबू नायडू ने अल्पमत सरकार को समर्थन देने की कीमत वसूली है। आरोप यह भी है कि सरकार बचाने के लिए भाजपा ने बिहार और आंध्रप्रदेश को विशेष पैकेज दिया है, जबकि अन्य राज्यों को कुछ खास हासिल नहीं हुआ है। आरोप को बढ़ाते हुए विपक्ष यहां तक कह रहा है कि यह पूरे देश का बजट नहीं है। कांग्रेस तो यहां तक कह रही है कि मौजूदा बजट उसके चुनाव घोषणा पत्र की कॉपी है। तो जहां तक बजट में राजनीति का सवाल है तो शायद ही कोई सरकार या दल होगा, जिसने अपने कार्यकाल में प्रस्तुत बजट में राजनीति ना की होगी। हर राजनीतिक दल की अपनी विचारधारा है, उसका अपना एजेंडा होता है, उसका अपना वोट बैंक होता है। बजट हो या अन्य सरकारी फैसले, हर राजनीतिक दल और सरकार अपने कदम उठाते वक्त उनका ध्यान रखती है। इसके साथ ही हर राजनीतिक दल अपने भावी और लक्षित वोट बैंक को लुभाने के लिहाज से भी फैसले लेता है। हर राजनीतिक दल की चाहत होती है कि उसका मौजूदा वोट आधार बढ़े। इस लिहाज से भी वह अपने राजनीतिक फैसले लेता है और उसकी सरकारें भी अपनी नीतियां इसी हिसाब से बनाती और बढ़ाती हैं। इस नजरिए से देखें तो अगर मोदी सरकार ने नीतीश और नायडू के राज्यों को कुछ विशेष सहूलियतें दी है तो कोई गलत नहीं है। अगर बिहार बाकी राज्यों की तुलना में पिछड़ा है, वह जनसंख्या पलायन का दंश झेलने को मजबूर है तो हर सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि उस देश के साथ कदमताल करने के लिए बिहार को अगर सहूलियत देनी पड़ी तो दे। मदद का हाथ बढ़ाना पड़े तो बढ़ाए। अगर आंध्र प्रदेश को भी मदद की दरकार हो तो मिलनी चाहिए। सिर्फ बिहार और आंध्र ही नहीं, जो राज्य पिछड़ा है, उसे आगे लाने और उसे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मदद की स्पष्ट नीति होनी चाहिए। अव्वल तो हम देश को एक इकाई के तौर पर देखने का दावा करते हैं। अपना संविधान नागरिक को देश की मूल इकाई घोषित करता है। इस लिहाज से हर नागरिक बराबर है। लेकिन आर्थिक और सामाजिक नजरिए से देखें तो हर नागरिक बराबरी की बेंच पर नहीं बैठा है। समान मतदान और कानून के सामने बराबरी के अधिकार ने एक हद तक बराबरी की इस अवधारणा को जिंदा जरूर रखा है। यह बात और है कि अक्सर अमीर और गरीब के लिए कानूनी पेच और प्रक्रियाएं, यहां तक कि न्यायिक अवधारणा भी बदल जाती है। इन बातों को छोड़ दें तो कम से कम आर्थिक आधार पर बराबरी की ओर बढ़ने की कोशिश होनी चाहिए। प्रशासनिक सहूलियत और सांस्कृतिक आधार पर हमने राज्य गठित कर लिए तो इसका यह मतलब नहीं कि उनकी असमानताओं की अनदेखी की जाए। किसे नहीं पता है कि बिहार के उत्तरी हिस्से में हर साल कोसी नदी प्रलय लेकर आती है। जिससे तकरीबन आधा बिहार नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर रहता है। इसी तरह समूचे देश को पता है कि तेलंगाना के अलग होने के बाद हैदराबाद आंध्र की राजधानी नहीं रहा। उसे राजधानी बनाने के लिए संसाधन चाहिए ही होंगे। इसलिए अगर बिहार और आंध्र को सहूलियतें कुछ ज्यादा मिली भी हैं तो उसे राजनीतिक चश्मे से देखने की बजाय जमीनी हकीकत के लिहाज से समझा जाना चाहिए।

## सबके लिए बजट में आवंटन

वैसे यह भी अर्ध सत्य ही है कि बाकी राज्यों को बजट में कुछ नहीं मिला। जबकि इस बजट में अगर रेल परियोजनाएं हैं, अगर कृषि बजट को सवा लाख करोड़ से बढ़ाकर एक करोड़ 52 लाख करोड़ कर दिया गया है, अगर सड़क परियोजनाओं की बाढ़ लाई गई है, अगर केंद्रीय करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ाया गया है तो इससे किसी एक ही राज्य का भला नहीं होना है, बल्कि देश के हर राज्य को भला होना है। बजट में आदिवासी लोगों के लिए बजट में वित्त मंत्री पूर्वोदय योजना लेकर आई हैं। जिसके जरिए झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। झारखंड को एक और योजना का सीधा फायदा मिलेगा। बजट प्रस्तावों में 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' योजना भी लाई गई है। आदिवासी गांवों और लोगों के विशेष विकास के लिए विशेष रूप से डिजाइन इस योजना का फायदा उन सभी राज्यों को मिलना है, जहां आदिवासी आबादी है। झारखंड में जहां 27 फीसद आबादी जनजातीय है। वहीं छत्तीसगढ़ में करीब 32 फीसद आबादी जनजातीय समुदाय की है। 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के दायरे में 63 हजार गांवों को लाया जाना है। जिससे सीधे तौर पर पांच करोड़ जनजातीय लोगों की जिंदगी बदलने की कोशिश की जानी है। जाहिर है कि इसका फायदा ओडिशा, झारखंड और छ्त्तीसगढ़ के साथ कांग्रेस शासित तेलंगाना को भी मिलेगा, क्योंकि इन्हीं राज्यों में देश की सबसे ज्यादा जनजातीय आबादी रहती है।

## कांग्रेस के भी थे सियासी वादे

कांग्रेस ने युवाओं को लुभाने के लिए तीस लाख खाली पड़े सरकारी पदों को भरने और डिप्लोमा धारक सभी बेरोजगार युवाओं को इंटर्नशिप और एक लाख रुपये सालाना देने का वादा किया था। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने इस वायदे को खूब प्रचारित किया। राहुल गांधी कहा करते थे कि इधर सरकार बनी और उधर खटाखट-खटाखट खाते में पैसे ट्रांसफर होने लगेंगे। माना जाता है कि इससे युवाओं का एक वर्ग विपक्ष की ओर आकर्षित भी हुआ। कांग्रेस की सीटें बढ़ने में इस वायदे की भी बड़ी भूमिका मानी जा रही है। बजट में सरकार ऐसी योजना तो लेकर नहीं आई, अलबत्ता वह युवाओं के लिए इंटर्नशिप योजना लेकर आई है। जिसके तहत हर साल एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दी जानी है, जिसके लिए उन्हें पांच हजार रुपये मासिक और एक मुश्त साल में एक बार छह हजार रुपये भी दिए जाने हैं। करीब चार करोड़ दस लाख युवाओं को कुशल बनाने की भी योजना लाई गई है। एंजल टैक्स खत्म किया गया है। इन्हीं योजनाओं का हवाला देकर कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा रही है कि उसके वायदे को सरकार ने कॉपी कर लिया है। इसके बहाने कांग्रेस सरकार पर बजट को लेकर हमलावर भी है।

## बजट पर कांग्रेस का स्यापा निरर्थक

चाहे सरकार हो या विपक्ष, सबका दावा है कि उनकी राजनीति का उद्देश्य देश के लोगों का जीवन स्तर सुधारना है। सवाल यह है कि जब सबका यही उद्देश्य है तो कल्याणकारी योजनाएं कोई भी लाए, उसे खुश होना चाहिए। लेकिन हकीकत में कांग्रेस खुश नहीं है, उसे डर है कि अगर बजेट के रोजगार सृजन प्रस्ताव को ईमानदारी से लागू कर दिया गया तो उसकी ओर आकर्षित हो रहे युवाओं के आकर्षण में कमी आ सकती है। जिसकी वजह से उसे सियासी नुकसान हो सकता है या भविष्य में जितने फायदे मिलने की उम्मीदें रही हैं, वह पूरा नहीं हो पाएगा। लिहाजा बजट को लेकर कांग्रेस का आरोप लगाना कि यह राजनीतिक बजट है, उसका कोई मतलब नहीं। आम बजट के जरिये विकास को गति देने का प्रयास है।

# रेल का सुहावना सफर



बजटः रेलवे
विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

निर्मला सीतारमण ने बजट 2024 में रेलवे के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। रेलवे के लिए 2.62 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। बजट में रेलवे को दिल खोलकर धन आवंटन करना इस बात का संकेत है कि सरकार रेलवे का सफर और सुहावना करना चाहती है। रेलवे का चौतरफा विकास करने का सिलसिला तो लगातार चल ही रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाए, रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हो, नई ट्रेनों के संचालन पर फोकस किया जाए। दरअसल, इस 21वीं सदी में भारत के तेज विकास के लिए रेलवे का विकास और भारतीय रेलवे में तेजी से सुधार बहुत जरूरी है। इसलिए ही केंद्र सरकार भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए रिकॉर्ड निवेश कर रही है। अब वंदे भारत, तेजस, हमसफर जैसी आधुनिक ट्रेनें देश में बन रही हैं। सुरक्षित व आधुनिक कोचों की संख्या में भी रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है। रेलवे स्टेशनों को भी एयरपोर्टों की तरह ही सुन्दर ढंग से विकसित किया जा रहा है। बजट के बाद अब रेल पटरियों का भी तेजी से विस्तार होगा। इस लिहाज से दो स्तरों पर काम होना चाहिए। पहला, नई-नई जगहों में रेल लाइनें बिछाई जाएं जहां पर रेलवे ने अब तक दस्तक ही नहीं दी है। दूसरा, विस्तार यह सोचकर किया जाये कि अब देश के रेल नेटवर्क को आपको दो की बजाय तीन-चार या पांच पटरियों पर दौड़ाना होगा। तब ही देश का रेल यातायात सुगम होगा। देश के सभी मुख्य रेल मार्गों पर कम से कम चार-पांच रेल ट्रैक तो बनने ही चाहिए। तभी रेल यात्रियों और मॉल परिवहन की भारी बोझ को सहने में सक्षम होगा। इस प्रकार, दो-दो सवारी गाड़ियों और मालगाड़ियों के आवागमन के लिए ट्रैक व पांचवा इमरजेंसी ट्रैक सेना, पुलिस बल, राहत कार्य के लिए विशेष ट्रेनों आदि के लिए। रेलवे अपनी तमाम महत्वाकांक्षी योजनाओं को तब ही लागू करने में सफल होगा जब वह अपने यहां काम संस्कृति में सुधार करेगा। रेलवे में अब भी निठल्ले और कामचोर कर्मियों की एक फौज है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार चाहती है कि जल्द से जल्द काम हों और नई परियोजनाओं पर समय से अमल किया जाए। पर यह तब ही मुमकिन होगा जब रेलवे में सब मिलकर काम करेंगे।

रेलवे बोर्ड के पूर्व मेंबर और लेखक डॉ. रविन्द्र कुमार कहते हैं कि रेल बजट को खत्म कर जनरल बजट के साथ मिला देने से लाभ क्या हुआ ? पता नहीं। पर नुकसान क्या हुए ? वह हैं: फोकस खत्म हो गया, पहले रेल बजट नीचे से इनपुट लेकर ऊपर जाता था अतः एक प्रतिबद्धता सभी में देखने को मिलती थी। तब राष्ट्रीय फोकस होता था। देश रेल बजट की प्रतीक्षा करता था। उसमें सभी के लिये कुछ न कुछ होता था। अतः रेल कर्मियों और अधिकारियों का भी फोकस रहता था। अब ऐसा नहीं है। बजट कब आया, कब गया किसी को नहीं पता। कुछ लेना देना नहीं। रेलवे बजट जब आता था तो उसके प्रोजेक्ट पर, नई ट्रेनों पर, नई सुविधा नई लाइन इन पर फोकस होता था। लोग नज़र रखते थे इस से रेलवे पर भी एक दबाव रहता था। पहले कुछ काम ठेके पर दिये जाते थे अब कुछ ही काम हैं जो रेलवे कर रही है बाकी सब ठेकेदार, एजेंसी, पीपीपी या फिर रेलवे की पी. एस. यू. के माध्यम से ठेकेदार ही कर रहे हैं। जिस से शोषण को एक नई दिशा मिली है। 8-10 हजार में आप जिस नौजवान, नवयुवती को ले रहे हैं उसकी प्रतिबद्धता, उसका प्रशिक्षण, उसकी रुचि, उसका मन लगा कर काम करना सभी तो घेरे में है। आखिर कुछ तो फर्क रखें रेल संचालन और डिलिवरी बॉय में। रेलवे के साथ कई चुनौतियां भी हैं। इस बजट में हुए आवंटन के जरिये रेलवे में अपेक्षित सुधार होगा।

# विकसित भारत के पैमाने का बजट जरूरी



आम बजट
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी
चेयर प्रोफेसर, केंद्रीय विवि पंजाब

मोदी 3.0 सरकार के पहले बज़ट के अब कई तरह से विश्लेषण हो रहे हैं। विपक्ष आलोचना कर रहा है, तो सत्ता-पक्ष इसे जनोन्मुखी बता रहा है। इस बज़ट को सरकार ने समावेशी विकास एवं संवृद्धि, सामाजिक न्याय, विकसित भारत की कल्पना, अमृतकाल के लिए रणनीति के रूप में व्याख्यायित किया है और इसे कर्त्तव्यकाल का बज़ट बताया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बज़ट से भारतीय जनमानस को काफी आश्वस्त करती हुई कहीं भी कि रिफॉर्म, परफॉर्मऔर ट्रांसफॉर्म के सिद्धांत के अनुसरण में सरकार अब अगली पीढ़ी के सुधार हाथ में लेगी और कारगर क्रियान्वयन के लिए राज्यों और हितधारकों के साथ सहमति बनाएगी। तटस्थ भाव से बज़ट को देखा जाए तो यह एक तिमाही बजट है। कुछ महीने बाद फिर से देश का नया बजट फरवरी में पेश होगा। प्रेक्षकों का मानना है कि इस पर ज्यादा न निराश होने की ज़रूरत है और न ही ज्यादा उत्साहित होने की,क्योंकि इस बजट का असर तो पड़ेगा लेकिन आंशिक प्रभाव पड़ेगा। भारत में बजट आने से पूर्व और बाद की जद्दोजहद इस बात के लिए होती है कि सरकार जनता को मंहगाई व भूख से बचाव का प्रावधान करे। कामकाजी लोग, किसान,मजदूर तबके के लोग और सरकारी नौकरी-पेशे के लोग अपने–अपने तरीके से अपने फायदे की अपेक्षा करते हैं। सरकार का दावा है कि इस बजट में सबका ख्याल रखा गया है और इससे भारतीय जीवन-गुणवत्ता में व्यापक रचनात्मक सुधार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह बजट नए अवसर, नई ऊर्जा लेकर आया है, यह ढेर सारे नए रोजगार, स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है। यह बेटर ग्रोथ और ब्राइट फ्यूचर लेकर आया है। उन्होंने बजट पेश होने के बाद अपनी त्वरित टिपण्णी में कहा भी कि ये बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बजट है। ये देश के गांव-गरीब-किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। यह बजट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने के, उस पूरी प्रक्रिया में कैटेलिस्ट का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा।

## एक सतर्क बजट

इस बजट को एक सतर्क बजट कहा जा रहा है क्योंकि हिंदुस्तान की गतिशीलता के लिए युवाओं के रोजगार व उनके कौशल विकास को विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें नेट जीरो@2070, विकसित भारत@2047, अमृतकाल@कर्तव्य बजट, लखपति दीदी जैसी संकल्पनाएँ हैं। लखपति दीदी के माध्यम से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी होने का सुख समादृत है। मत्स्य संपदा, डेयरी विकास,आत्मनिर्भर कृषि व किसान इस बजट के केंद्र में हैं। सरकार की ओर से लोक केंद्रित, समावेशी बजट बनाने की कोशिश की गई है।

## रोजगार सृजन पर जोर

भारत के लिए इस बजट में सबसे बड़ी जो तारीफ करने वाली बात है, वह यह है समृद्धि युवाओं को पर्याप्त रूप से साधन संपन्न वसशक्त बनाने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से परिवर्तनकारी सुधार कीयोजनाओं को केन्द्रित



किया है। स्किल इंडिया मिशन, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, सामाजिक न्याय, अवसंरचना, नवाचार, अनुसंधान और विकास, अगली पीढ़ी के सुधार के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। किसानों के लिए सरकार ने विशेष ध्यान दिया है और कृषि में उत्पादकता, उत्पादकता में सुधार, बाजार दक्षता, प्रौद्योगिकीय संचार का लक्ष्य लेकर एक मजबूत और समावेशी आर्थिक ढांचा बनाने की कोशिश इस बजट में दिखी है। भूमि, श्रम, वित्त और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में प्रस्तावित सुधार स्थायी विकास को बढ़ावा देने वाले हैं और सभी नागरिकों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है तो इससे उनमें आशाएं भी आने वाली हैं। दो लाख करोड़ रुपये की लागत से पांच योजनाओं और पहलों से संबंधित प्रधानमंत्री का पैकेज अगले 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा एक बड़ा कदम है।

## स्पेस इकोनॉमी पर ध्यान

अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का 5 गुना विस्तार करने पर जोर देने के लिए सरकार ने बजट में प्रावधान किया है। 4 करोड़ वेतनभोगी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को आयकर में बड़ी राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था अपनाने वाले लोगों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 करोड़ रुपये किया गया।पारिवारिक पेंशन पर छूट को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये किया गया। भारत का मध्य वर्ग अपनी इकोनॉमिक स्ट्रेंथ को भले ही सीधे महसूस न करे लेकिन सरकार ने इस बजट के माध्यम से आत्मनिर्भर स्मार्ट भारत बनाने की कोशिश की है।

## गतिशील भारत के लिए

अब जो दुनिया भर में एसडीजी के लिए जो पंचायते हैं, उसके हिसाब से देखें तो भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन-यापन ही सबसे कठिनाई का विषय है और आनंद का भी। नीति आयोग ने अपने एसडीजी सूचकांक को 70 प्रतिशत से अधिक बता दिया लेकिन बजट में जब मध्य वर्ग महंगाई से मुक्ति खोजता है। अच्छा स्वास्थ्य हेतु अस्पताल खोजता है तो आयुष्मान भारत योजना उसे नाकाफी लगती है। गाँव गरीब आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से ही लाभान्वित नहीं होना चाहती अपितु सरकार ने बहुत गंभीरता से यदि इस बजट में स्वास्थ्य अवरसंरचना के विकास पर थोड़ा ज्यादा ध्यान देती तो यह बजट हर वर्ग बहुत मन से वरेण्य होता। हथियार, युद्ध, संघर्ष से निपटने के लिए बजट जरूरी है लेकिन मानवीय जरूरतों के लिए भी बजट में सरकार से अपेक्षा होती है। एसडीजी के जितने लक्ष्य हैं, उसे ध्यान में रखकर सरकार यदि आने वाले समय में भारतीय बजट पेश करेगी तो निश्चय ही इस अंतरिम बजट में हुई कमी की भरपाई कर सकेगी क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो सतत विकास लक्ष्य के मुद्दे हैं, वह जनोपायोगी, प्रकृति व जलवायु के मुद्दे से ज्यादा जोड़ते हैं।

## आशावादी भारत की आकांक्षा

मुनाफा और कर के गणित को समझें। भारत के विविधता का समाजशास्त्र समझें। इकोनॉमिक-फोबिया से उबरे हुए मनुष्य की खोज में अंतिम जन के बजट को अब भारत के नक्से पर मुद्रित करें तभी गतिशील भारत का बजट सामने आ सकेगा। सब मिलाकर देखा जाये तो यह अंतरिम बजट भारत की जनता के लिए है, वह इसे चाहे अनचाहे स्वीकार करेगी, लेकिन हमारी जो नीतिगत जिम्मेदारियां हैं जो मनुष्य के कल्याण पर आधारित हैं, उसे सरकार बजट में प्रावधान करे, आने वाले समय में तो निश्चय ही भारत सरकार विकसितभारत होने का सपना पूर्ण हो सकेगी और एक लोकलुभावन लोकप्रिय राज्य की कसौटी पर सरकार की महिमा का गान गुंजित होगा।विकसित भारत के पैमाने का बजट होना जरूरी है।

# बदलेगी खेती-किसानी की तस्वीर



कृषि बजट
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार केंद्रीय बजट में कृषि और इससे जुड़े सेक्टरों के लिए बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपये प्रावधान किया है। ये पिछले बजट के 1.25 लाख करोड़ रुपये से 21.6 फीसदी यानी 25 हजार करोड़ रुपए ज्यादा है। कुल मिलाकर इस साल कृषि बजट कुल बजट का 3.15 फीसदी है। बहरहाल, बजट में कृषि के उत्पादन में उत्पादकता और लचीलापन लाने पर पूरा फोकस किया गया है। इसके अलावा भी खेती-किसानी के लिए कई लोक-लुभावन घोषणाएं भी की गई हैं।जो हर बार की तरह इस बार भी बजट में देखने को मिला।लेकिन कृषि क्षेत्र के लिए वित्त मंत्री ने वैसा कोई ठोस ऐलान नहीं किया, जिससे किसानों को सीधा फायदा उनकी जेब में आता दिखे। वित्त मंत्री जी ने अपने बजटीय भाषण में जरूर अगले दोवर्षों में एककरोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती में मदद करने की बात कही गई है। दलहन और तिलहन के लिए मिशन शुरू करने से लेकर, सरकार उनके उत्पादन और मार्केटिंग को मजबूत करने की बात कही है। इसके अलावा फसलों के उत्पादन, भंडारण और मार्केटिंग को मजबूत बनाया पर भी जोर दिया गया है। लेकिन किसानों के एक वर्ग के लगातार मांग के बाद भी न्यूयनतम समर्थन (एमएसपी) को लेकर बजट में कोई घोषणा नहीं हुई।जबकि किसान संगठन लंबे समय से एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की मांग कर रहेहैं।चंद राज्यों को छोड़ दें तो एमएसपीपर खरीद का ठोस तंत्र तक नहीं है। साथ ही किसान सम्माजन निधि की राशि में भी वित्त मंत्री ने कोई बढ़ोतरी नहीं की है। यानी पहले की तरह अब भी प्रधानमंत्री किसान सम्मा न निधि के तहत किसानों को साल में 6,000 रुपए ही मिलेंगे। जबकि खेती की बढ़ती लागत को देखते हुएकिसान और किसान नेता पीएम किसान निधि में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे थे।

बहरहाल, सरकार के तमाम घोषणाएं और वादों के बाद भी किसान नाराज है। किसानों का कहना है कि सरकार ने बजट में खाद्यान्न तेल और दालों के मामले में आत्मनिर्भर बनने के लिए अभियान चलाने की बात कही लेकिन जब तक एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनेगा तब तक खाद्यान्न तेलों, दलों के मामलों में आत्मनिर्भरता और फसलों का विविधिकरण सम्भव नहीं है। खेती करने वाले किसानों का कहना है कि सरकार ने खेती में 108 नई वैरायटी के बीजों को लाने की बात कही है लेकिन सरकार को पहले इस बात का जवाब देना चाहिए कि हमारे देशी बीजों को संरक्षित करने के लिए वह क्या कर रही है? नीतियां किसानों को आत्मनिर्भरता से बाजार पर निर्भरता की तरफ लेकर जाने का प्रयास कर रही हैं। किसानों ने ये भी कहा कि पिछले पांच सालों में वित्त मंत्रालय ने जितना बजट कृषि मंत्रालय को दिया उसमें से भी कृषि मंत्रालय ने एक लाख करोड़ वापस लौटा दिया जिससे ये साबित होता है कि वर्तमान सरकार खेती-किसानी के मुद्दों पर गंभीर नहीं है। गौर करने वाली बात ये है कि कृषि प्रधान देश भारत में आजादी के 77 साल बाद भी किसानों की समस्याएं दूर नहीं की जा सकी हैं। किसान अपने आप को आर्थिक रूप से सबसे कमजोर मान रहा है। समाज के हर वर्ग की आय साल-दर-



साल बढ़ रही है लेकिन किसान कर्ज के जंजाल से बाहर नहीं निकल पा रहा है। किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य अभी कई चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है। भारत के ज्यादतर किसान अब अपने बच्चों को खेती की जिम्मेदारी नहीं सौंपना चाहते हैं। भारतीय कृषि व्यवस्था में अपनी पूरी जिंदगी खपाने वाले किसान आज खेती को घाटे का सौदा बताते हैं। आखिर क्या कारण है कि तमाम प्रयासों के बावजूद कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर पाई है। इस पर गंभीर चिंतन की जरूरत है।

आज भारत विश्व की टॉप पांच सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। लेकिन आजादी के बाद योजनाबद्ध तरीके से कृषि में निवेश के बाद भी भारतीय किसान दूसरे देशों के मुकाबले काफी पिछड़ा हुआ है। देश की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता वैश्विक औसत से कम है। दूसरी तरफ देशभर में किसानों के असंतोष का सबसे बड़ा कारण उनकी उपज का सही मूल्य न मिलना रहा है और यही उनकी सबसे बड़ी समस्या है। किसानों की समस्याएं कोई नई नहीं हैं,लेकिन उनके समाधान की ईमानदार कोशिशें होती कभी नज़र नहीं आईं। देखा ये गया है कि समय बीतने के साथ किसानों की हालत में कोई बहुत बड़ा क्रांतिकारी सुधार नहीं हुआ है। किसानों को संतुष्ट करने के लिए देश के नीति-निर्धारक समय-समय पर जो उपाय करते हैं, वे तात्कालिक राहत पहुंचाने वाले होते हैं। इन उपायों के तहत किसानों को लुभाने वाले कदम उठाए जाते हैं, जबकि ज़रूरत ऐसे संरचनात्मक उपायों की है जो दीर्घकालिक हों और किसानों की समस्या को स्थायी तौर पर हल कर सकें। जैसे-यूनिवर्सल बेसिक इनकम जैसी योजना चलाना। इससे हर महीने एक निश्चित आय हो सकेगी और किसान उपज को औने-पौने दामों पर बेचने को विवश नहीं होंगे। लेकिन वास्तविकता ये है कि बिजली-पानी, खाद, बुनियादी ढांचे, विपणन और जोखिमों का सामना करने की क्षमता आदि जैसी किसानों की सामान्य समस्याओं को ही दूर करने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं।

कृषि को अभी तक की सरकारें सिर्फ देश की आवामका पेट भरने तक का ही संसाधन मानती आयी है। कृषि के माध्यम से देश की जीडीपीबढ़ाने पर कभी गहन मंथन नहीं हुआ है। अलग-अलग हिस्सों में किसानों कीसमस्याएं अलग हो सकती हैं, लेकिन कुछ समस्याएं हैं जो सब किसानों के साथ है। पिछले कई सालों से खेती करने की लागत जिस तेजी से बढ़ती जा रही है। उस अनुपात में किसानों को मिलने वाले फसलों के दाम बहुत ही कम बढ़े हैं। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार बजट में सरकार खेती-किसानीके साथ-साथ छोटे किसानों के लिए कुछ अहम घोषणाएं करेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कहने को बजट में कृषि सेक्टर के लिए योजनाओं का अंबार है। लेकिन छोटे किसानों के समस्याओं का समाधान होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में सवाल फिर यही खड़ा होता है कि खेती-किसानी की तस्वीर कैसे बदलेगी?

बेशक, कृषि राज्यों का विषय है और हर राज्य अपनी सुविधा और परिस्थितियों को मद्देनज़र रखते हुए ही अपनी कृषि नीतियों का निर्धारण करता है। इस मामले में केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करने की ज़रूरत है, लेकिन आज का सच यही है कि किसानों को खेती-बाड़ी से जो आय हो रही है, वे उससे कहीं ज्यादा के हक़दार हैं। लेकिन अल्पकालिक उपायों से उनकी आय में बढ़ोतरी कर पाना संभव नहीं है। इसके लिए लंबे समय तक प्रतिबद्धता के उपाय करने होंगे, तभी किसानों की आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार आ सकता है। फिर भी देश की अर्थव्यवस्था में रफ्तार लाने के लिए बजट में कृषि क्षेत्र और ग्रामीण विकास के लिए अधिक धन की व्यवस्था करनी चाहिए थी। हर साल बढ़ने वाली मंहगाई दर इससे अधिक बढ़ जाती है। किसान सम्मान योजना मद में अधिक बजट देने की जरूरत थी।

*अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। इसमें रिपब्लिकन पार्टी की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी के ओर से अब कमला हैरिस मैदान में हैं। कमला ने आधिकारिक तौर पर अपनी उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया है।*

# कमला हैरिस ने घोषित की आधिकारिक उम्मीदवारी, ट्रंप से होगा मुकाबला

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

एक सोशल मीडिया पोस्ट में कमला ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी दावेदारी के लिए फॉर्म पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस पोस्ट के बाद अब ये आधिकारिक तौर पर तय हो गया है कि राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप के सामने कमला ही होंगी।

***हर वोट जीतने करूंगी कड़ी मेहनत : कमला***

*कमला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज मैंने आधिकारिक तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए फॉर्म पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। मैं हर एक वोट जीतने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी। नवंबर में हमारा जनता द्वारा संचालित चुनाव अभियान जीतेगा।'*

### कौन हैं कमला हैरिस?

भारतीय मूल की कमला का जन्म 1964 में कैलिफोर्निया के ऑकलैंड में हुआ था। उनकी मां श्यामा गोपालन चेन्नई में पैदा हुई थीं, वहीं उनके पिता डोनाल्ड हैरिस जमैका के थे। कमला ने हावर्ड और कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री हासिल की है। 2017 में उन्होंने पहली बार कैलिफोर्निया से सीनेट का चुनाव लड़ा और अमेरिका की दूसरी अश्वेत महिला सांसद बनीं। 2020 में वे अमेरिका की पहली महिला पहली अश्वेत और पहली भारतीय-अमेरिकी उपराष्ट्रपति बनीं।





### कमला को मिला दिग्गजों का समर्थन

कमला को अमेरिका के बड़े नेताओं और व्यवसायी वर्ग का समर्थन मिल रहा है। 26 जुलाई को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने भी कमला के समर्थन का ऐलान किया। वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन पहले ही कमला का समर्थन कर चुके हैं। उन्हें पूर्व हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव नैंसी पेलोसी और प्रमुख डेमोक्रेटिक फंडरेजर जॉर्ज क्लूनी का भी समर्थन मिल चुका है। ऐसे में कमला की दावेदारी मजबूत हो गई है।

### बाइडन ने चुनाव न लड़ने का किया था ऐलान



बता दें कि पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन दावेदारी कर रहे थे, लेकिन हाल ही में उन्होंने दावेदारी छोड़ने का ऐलान कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वे देश के नागरिकों से अधिक प्यार करते हैं और नेतृत्व युवा पीढ़ी को सौंपने के लिए ऐसा कर रहे हैं। हालांकि, बाइडन की उम्र और स्वास्थ्य को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच उनपर उम्मीदवारी छोड़ने का दबाव बढ़ता जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### नवी मुंबई में इमारत ढही मलबे में तीन की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई इलाकों में मसूलादार बारिश हो रही है। मुंबई, नवी मुंबई पुणे के हालात बेहद खराब हो गए हैं। जगह-जगह पानी भर गया है। इस बीच नवी मुंबई से एक दर्दनाक खबर सामने आई है नवी मुंबई के बेलापुर इलाके शाहबाज गांव में सुबह एक 3 मंजिला इमारत ताश के पत्तों की तरह ढह गई जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। इससे पूरे इलाके में कोहराम मच गया। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है।

### चुनाव से पहले राकांपा की जन सम्मान यात्रा आज से





**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) रविवार से पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख सुनील तटकरे के नेतृत्व में जन सम्मान यात्रा शुरू करेगी। राकांपा विधान पार्षद शिवाजीराव गर्जे और पार्टी प्रवक्ता आनंद परांजपे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जन सम्मान यात्रा राज्य के सभी जिलों से होकर गुजरेगी। गर्जे ने कहा, ''तटकरे 28 जुलाई को नासिक से यात्रा शुरू करेंगे और लोगों को महायुति सरकार की योजनाओं के बारे में बताएंगे तथा पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत, दो घायल



**जालौन।** जालौन में कालपी कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गयी तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र पचौरी ने बताया कि कालपी कोतवाली क्षेत्र के कुशल गांव में आज शाम बलराम, भोले, राजेंद्र तथा सुरेंद्र पाल खेतों में बकरियां चरा रहे थे, इसी दौरान आकाशीय बिजली उनपर गिरी। उनके अनुसार बलराम और भोले की खेत में ही मौत हो गई। इस घटना में राजेंद्र एवं सुरेंद्र पाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया।

## कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास हुई मुठभेड़, आतंकियों को घेरा

# सेना ने मार गिराया एक घुसपैठिया, सेना का जवान शहीद, एक अधिकारी सहित 4 जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

कुपवाड़ा में पिछले 3 दिनों में आतंकियों से यह दूसरी मुठभेड़ है, जो जिले के कामकारी इलाके में सेना के आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकियों से मुठभेड़ अभी जारी है।

आपको बता दें कि, कुपवाड़ा जिले में तीन दिनों के भीतर यह दूसरी आतंकी मुठभेड़ है। इससे पहले 24 जुलाई को लोलाब इलाके में एक अभियान में एक आतंकी को मार गिराया गया था, जिसमें एक भारतीय जवान भी शहीद हो गया था। आतंकियों की तलाश में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। इसके बाद सेना के जवानों ने इस पूरे इलाके को घेर लिया गया।

### आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़

इंडिया टुडे के अनुसार, सुरक्षा बलों ने संभावित आतंकवादी गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद माछिल सैक्टर के कामकारी इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था। इस दौरान नियंत्रण रेखा के पास आतंकियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक जवान शहीद हो गया और मेजर रैंक के अधिकारी सहित 4 जवान घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई में सेना ने एक आतंकवादी को भी मार गिराया।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को आतंकवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। इसी तरह मेजर रैंक के एक अधिकारी सहित 4 जवान घायल हो गए। मुठभेड़ में एक आतंकवादी भी मारा गया है। घायलों को सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पहाड़ों में छिपे हैं 40-50 आतंकवादी

सेना के सूत्रों के अनुसार, लगभग 40 से 50 पाकिस्तानी आतंकवादियों का एक समूह जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिलों के ऊपरी इलाकों में छिपा हुआ है। घुसपैठ करने में सफल रहे ये आतंकवादी प्रशिक्षित हैं और उनके पास आधुनिक हथियार हैं, जिनमें रात्रि में देख पाने की क्षमता वाली अमेरिकी निर्मित एम-4 कार्बाइन राइफलें भी शामिल हैं।

### एक महीने से हो रहे हमले

मालूम हो कि, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से ही आतंकवादी हमले हो रहे हैं। करीब एक महीने से अधिक के समय से ऐसे हमले हो रहे हैं। जिनमें रियासी इलाकों के अलावा बारामुल्ला, अनंतनाग, कुपवाड़ा और कश्मीर के दूसरे इलाके शामिल हैं।



### भूमिगत व सुरंगों को पता लगा रहे जवान

ज्ञात हो कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घुसपैठ की प्रयास बीते महीने से ज्यादा देखे जा रहे हैं। इसके लिए सुरक्षा बल भूमिगत और सीमा पर सुरंगों का पता लगाने में जुटे हुए हैं। तालाशी अभियान में ड्रोन का भी सहारा लिया जा रहा है। सुरक्षा बल सुरंगों की आशंका को खत्म करने के लिए घने झाड़ीदार इलाकों को भी साफ करने में जुटे हैं। सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा के चाक-चौबंद बढ़ा दिए गए हैं।



### तीन आतंकियों के स्केच जारी, 5 लाख इनाम घोषित

जम्मू कश्मीर पुलिस ने डोडा हमले में शामिल तीन आतंकवादियों पर पांच-पांच लाख रुपए इनाम घोषित करते हुए शनिवार को स्केच जारी किए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ये तीनों जिले के ऊपरी इलाकों, खासकर डेसा जंगल में घूम रहे हैं। पुलिस ने कहा जानकारी देने वाले लोगों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक फोन नंबर साझा किए हैं, ताकि लोग संपर्क कर सकें। डोडा हमले में एक कैप्टन समेत चार सैनिक शहीद हो गए थे।

## मोदी ने भाजपा के मुख्यमंत्रियों से लिया कार्यों पर फीडबैक

# संगठन की अनदेखी न हो पार्टी पदाधिकारियों के सुझाव व शिकायतें सुनी जाएं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा शासित राज्यों के सीएम को रात्रिभोज दिया। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा के दिल्ली स्थित मुख्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अपने मुख्यमंत्रियों से राज्यों के राजनैतिक हालातों तथा जनकल्याण एवं विकास कार्यों पर फीडबैक लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी पार्टी के सभी मुख्यमंत्रियों के साथ भविष्य की योजनाओं पर तो चर्चा की ही साथ ही लोकसभा चुनाव के नतीजों पर राज्यवार मंथन किया। बैठक में उन राज्यों पर भी फोकस किया गया जिनमें विधानसभा चुनाव होना हैं। इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। यह बैठक आज भी होगी।

### पार्टी व संगठन की अनदेखी कतई न हो

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों को आगाह किया कि पार्टी संगठन की अनदेखी किसी भी रूप में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन पार्टी की ताकत है, लेकिन शिकायतें आ रही हैं कि पार्टी के पदाधिकारियों के सुझाव और शिकायतों पर प्रशासन और पुलिस अधिकारी ध्यान नहीं देते। मंत्री भी अनदेखी करते हैं।

# नीट मामला : तालाब से मिला बोरे में बंद मोबाइल का ढेर, सीबीआई ने एक और को धरदबोचा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/पटना

नीट पेपर लीक मामले में पटना की सीबीआई टीम ने धनबाद से पवन नामक एक आरोपित को हिरासत में लिया है। सीबीआई टीम उससे पूछताछ कर रही है। उससे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर धनबाद के नुनूडीह शहीद गुरुदास चटर्जी फुटबाल मैदान के समीप भाटबांध तालाब में गोताखोरों की मदद से घंटों खोजबीन कर बोरे में बंद कई मोबाइल बरामद किए हैं।

माना जा रहा है कि आरोपितों ने पेपर लीक से जुड़े साक्ष्य छिपाने के लिए तालाब में मोबाइल फेंक दिए थे। बता दें कि नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की कार्रवाई देश के कई हिस्सों में चल रही है। जांच एजेंसी को जैसे-जैसे सूचनाएं मिल रही है वह कार्रवाई को अंजाम दे रही है।

पवन ने दी मोबाइल की जानकारीसूत्रों की मानें तो शुक्रवार को केंद्रीय जांच एजेंसी को सूचना मिली कि पवन धनबाद में है और वहीं छिपा है। सूचना के आधार पर जांच टीम ने कार्रवाई की और पवन को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के क्रम में पवन ने जानकारी दी कि जिले के सुदामडीह स्थित एक तालाब में कुछ दस्तावेज और उपकरण फेंके गए हैं। जांच टीम आरोपी को लेकर सुदामडीह गई, जहां तालाब से मोबाइल और दस्तावेज बरामद किए गए। पवन को जांच टीम पटना लेकर गई है।



### तीन घंटे बाद गोताखोरों ने निकाला बोरा

गोताखोरों ने बताया कि सीबीआई ने एनडीआरएफ टीम को बुलाया था। टीम के आने में देर होने पर स्थानीय युवकों से खोजबीन के लिए कहा। बोरा खोलने पर करीब सात से अधिक टूटे मोबाइल, दो इंसुलेटर आदि मिले। इन सामग्री को सीमेंट के बोरे में भर बांध कर पोखर में फेंका गया था। देखने से लग रहा था कि मोबाइलों को जानबूझ कर पत्थर से तोड़ा गया था।

- घंटों खोजबीन कर तालाब से निकाला गया बोरे में बंद मोबाइल
- मामले में सीबीआई अबतक 36 को कर चुकी है गिरफ्तार
- गोताखोरों की टीम को घंटों की मशक्कत के बाद मिली सफलता

### धनबाद में तीसरी छापेमारी

नीट यूजी पेपर लीक मामले में धनबाद में सीबीआई की यह तीसरी छापेमारी थी। इससे पहले सीबीआई की टीम ने इस मामले में दो अलग-अलग छापेमारी कर सरायढेला थाना क्षेत्र के रहने वाले अमन सिंह और झरिया के अमित उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया था।

### अब तक 36 की गिरफ्तारी

सीबीआई इस मामले में अबतक 36 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। शुक्रवार को पटना में सीबीआइ ने रिमांड पर लिए गए 10 आरोपितों को विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां कोर्ट ने बिचौलिया की भूमिका में रहे सुरेंद्र शर्मा की रिमांड अवधि 29 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। वहीं, अन्य नौ आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



### दिल्ली के आईएएस कोचिंग सेंटर में भरा पानी, डूबने से 2 छात्राओं की मौत

**नई दिल्ली।** राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण 2 छात्रा और एक छात्र अंदर फंस गए थे। सूचना पाकर मौके पर जब तक एनडीआरएफ की टीम पहुंची तब तक दोनों छात्राओं की मौत हो चुकी थी। दोनों छात्राओं के शव मिल गए हैं वहीं एक छात्र अभी भी लापता हैं। मौके पर मौजूद एक छात्र ने बताया कि 7 बजे के करीब लाइब्रेरी बंद होती है। इस दौरान हम लोग करीब 35 बच्चे मौजूद थे। सभी विद्यार्थी बाहर आ गए थे लेकिन तीन फंस गए थे।

***सीवर फटने से भरा पानी, जांच के आदेश :*** *दिल्ली की मेयर शेली ओबेरॉय ने बताया कि एक नाला/सीवर फटने से बेसमेंट में अचानक बाढ़ आ गई। वहीं शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। इस दुर्घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।*

# 10 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किया बैठक से किनारा, नीतीश कुमार भी नहीं पहुंचे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट 2024 संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ है और गैर भाजपा शासित राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण है। इसलिए हम इस बैठक का बहिस्कार कर रहे हैं। इंडिया ब्लॉक के कई मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक से किनारा कर लिया। इनमें कई बड़े राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हैं। इंडिया गठबंधन का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट 2024 संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ है और गैर भाजपा शासित राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण भी है।

लिहाजा इंडिया ब्लॉक के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है। बहिष्कार करने वाले मुख्यमंत्रियों में बिहार नीतीश कुमार, केरल पिनराई विजयन, तमिलनाडु एमके स्टालिन, कर्नाटक सिद्धारमैया, तेलंगाना रेवंथ रेड्डी, दिल्ली अरविंद केजरीवाल, पंजाब भगवंत मान, हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू, झारखंड हेमंत सोरेन, पुदुचेरी एन. रंगास्वामी।





***केंद्र सरकार तमिलनाडु की उपेक्षा कर रही : स्टालिन***

*नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने पर तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया बजट भाजपा का बहिष्कार करने वाले राज्यों और लोगों के प्रति प्रतिशोध की कार्रवाई जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को वोट देने वालों से बदला लेने के लिए बजट तैयार किया है। केंद्र की भाजपा सरकार लगातार तमिलनाडु की उपेक्षा कर रही है।*

### जान-बूझकर छवि खराब कर रहे विपक्षी



बजट को लेकर इंडिया ब्लॉक के आरोपों पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पलटवार किया था। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि विपक्ष के नेता जानबूझकर सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। नीति आयोग की मीटिंग में शामिल होने के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं।

***केरल के सीएम ने पीएम को लिखा था पत्र :*** *केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री को बताया था कि वह बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। पहले राज्य के वित्तमंत्री केबी बालागोपाल के मीटिंग में शामिल होने की बात थी, लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि मंत्री केबी बालागोपाल भी शामिल नहीं हुए।*

### जदयू के त्यागी ने बताया व्यक्तिगत कारणों से नहीं पहुंचे नीतीश, दोनों डिप्टी सीएम मौजूद रहे

बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी बैठक में शामिल नहीं हुए। बिहार का प्रतिनिधित्व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने किया।वे इसके पहले भी गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल नहीं हुए थे और बिहार का प्रतिनिधित्व तत्कालीन डिप्टी सीएम ने किया था। इस बार भी दोनों उपमुख्यमंत्री बैठक में शामिल हुए. इसके अलावा, बिहार से चार केंद्रीय मंत्री नीति आयोग के सदस्य हैं और वे सभी बैठक में उपस्थित रहे। जेडीयू महासचिव केसी त्यागी ने इस मुद्दे पर कहा कि मुख्यमंत्री व्यक्तिगत कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सके। इसके पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है। हम तो बजट और नीति आयोग की बैठक से उत्साहित हैं।

# मार्च में युवक ने किया खतरनाक स्टंट, अब वीडियो हुआ वायरल; घर पहुंची पुलिस तो एक हाथ व पैर कट चुका था

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई में एक युवक को खतरनाक स्टंट दोहराना भारी पड़ गया। दरअसल, युवक ने मार्च महीने में सेवरी रेलवे स्टेशन पर खतरनाक स्टंट किया था। कुछ दिन पहले पुराने स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

लोगों ने युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जब पुलिस युवक तक पहुंची तो पता चला कि दोबारा वही स्टंट करने पर युवक को अपना एक हाथ और पैर खोना पड़ा। रेलवे ने कहा कि हम सभी यात्रियों से आग्रह करते हैं कि वे जानलेवा स्टंट से बचें और ऐसी घटनाओं की सूचना तत्काल रेल पुलिस या स्टाफ को दें।



### युवक का घर मिला तो पुलिस के होश उड़े

वीडियो वायरल होने के बाद सेंट्रल रेलवे ने वायरल वीडियो से स्टंट करने वाले की पहचान फरहत शेख के रूप में की। जब पुलिस वडाला के एंटॉप स्थित उसके घर पहुंची तो उसके होश उड़ गए क्योंकि स्टंट करने वाले युवक का एक हाथ और पैर ही नहीं था। पूछताछ में युवक ने बताया कि अप्रैल महीने में जब वह दूसरी बार वैसा ही स्टंट कर रहा था तभी वह ट्रेन की पटरी पर आ गया और उसको अपना एक पैर और हाथ गंवाना पड़ा।

### प्लेटफॉर्म पर किया खतरनाक स्टंट

स्टंट करते युवक का वीडियो 14 जुलाई को वायरल हुआ था। वीडियो में एक युवक चलती ट्रेन को पकड़ कर प्लेटफॉर्म में फिसल रहा है। युवक के स्टंट का वीडियो मार्च महीने का है। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आरपीएफ ने मामला दर्ज किया और युवक की तलाश प्रारंभ की।

- मुंबई के एंटॉप का रहने वाला है युवक
- फरहत शेख के रूप में हुई पहचान
- मध्य रेलवे ने ट्वीट कर दी जानकारी

### रेलवे ने वीडियो शेयर कर दी नसीहत

*हादसे के बाद से युवक बिस्तर पर है। अब इस युवक का वीडियो शेयर कर रेलवे ने अपील की है कि इस तरह के स्टंट को बिल्कुल भी न दोहराएं। वहीं सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। अन्य यूजर्स ने लिखा इस तरह के स्टंट्स के खिलाफ जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। हो सके तो इन घटनाओं को सिनेमा हॉल में दिखाया जाए, ताकि लोगों को समझ आए कि ऐसे स्टंट्स के क्या परिणाम हो सकते हैं और इससे क्या नुकसान हो सकता है।*



## जैकेट के शेष

### ममता बनर्जी के ....

माना जाता है। किसी भी सब्जी में आलू को मिलाकर बनाना आम बात है। इसी के साथ आलू की कीमत भी हमेशा आम रही है। आमतौर पर सामान्य समय में आलू थोक में 5 से 10 रुपए और चिल्हर में 15 से 20 रुपए रहता है। कई बार भारी आवक और ज्यादा पैदावार के कारण चिल्हर में आलू 8 से 10 रुपए में भी मिल जाता है। बहुत कम ऐसा होता है कि इसकी कीमत बढ़ती हो। कई अवसरों पर जब कीमत बढ़ती भी है तो यह 25 से 30 रुपए तक जाती है, लेकिन इसकी कीमत 40 से 50 रुपए तक बहुत कम पहुंचती है।

### बंगाल के कारण ....

से वहां से आलू की आवक पूरी तरह से बंद तो नहीं हुई है, लेकिन अधिकृत तौर पर जरूर आवक बंद है। चोरी-छुपे जरुर कुछ माल आ रहा है, लेकिन यह आवक आधी से भी कम है। ऐसे में कीमत आसमान पर चली गई है। रायपुर की थोक मंडी में कीमत 30 से 32 रुपए है। चिल्हर में इसकी कीमत 50 रुपए हो गई है।

### मोदी ने कहा-विकसित ....

मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारत को 20247 तक विकसित राष्ट्र बनाना हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि वे लोगों से सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों के साथ-साथ अवसरों का भी है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल बनाना चाहिए।

### ममता बोलीं-मुझे ....

एकमात्र प्रतिनिधि होने के बावजूद उन्हें भाषण के दौरान बीच में ही रोक दिया गया। बनर्जी ने कहा कि पांच मिनट के बाद उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया, जबकि आंध्र प्रदेश, गोवा, असम और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को अधिक देर तक बोलने की अनुमति दी गई।

### साय ने बताया ....

और तकनीकी उन्नति पर जोर दिया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रस्तावित योजनाओं को साझा किया, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में राज्य की भूमिका को स्पष्ट करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित भारत में प्रमुख भूमिका निभाएगा। वर्तमान में राज्य का जीएसडीरी 5.05 लाख करोड़ रुपए है, जिसे अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार और लक्ष्यों पर काम शुरू किया गया है।

**26 तक 96 फीसदी घरों तक पहुंचेगा पेयजल** : मुख्यमंत्री साय ने बताया, छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक 96 प्रतिशत घरों में पेयजल पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत का लक्ष्य 2047 तक केवल विकसित ही नहीं, बल्कि जल-सुरक्षित भारत 2047 भी होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से तकनीकी और आर्थिक सहयोग की उम्मीद जताई। इसके अलावा, रायपुर में नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग और रिसर्च इंस्टिट्यूट को और मजबूत करने के साथ-साथ वर्षा-जल संरक्षण अनुसंधान केंद्र की स्थापना की भी मांग की। उन्होंने कहा, इसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ में बारिश के पानी को सही से संचित और इस्तेमाल किया जा सकेगा।

**भूमि के रिकॉर्ड कर रहे डिजिटल** : मुख्यमंत्री साय ने भूमि और संपत्ति के मुद्दों पर कहा, छत्तीसगढ़ में सभी भूमि रिकॉर्ड डिजिटल किए जा रहे हैं। इस तकनीक से पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण लगेगा। उन्होंने बताया कि इस सुधार से भूमि विवादों को आसानी से सुलझाया जा सकेगा, जिससे राज्य में निवेश और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं के प्रति समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार की सहायता से छत्तीसगढ़ राज्य अपने विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करेगा और विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर समस्त केन्द्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केन्द्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर्स, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, गवर्निंग काउंसिल के सदस्य व छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन उपस्थित रहे।

### रमेन डेका छत्तीसगढ़ ....

गया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल बनाया गया है। उन्हें मणिपुर की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा के कैलाशनाथन को पुडुचेरी का उपराज्यपाल बनाया गया है।

### बिजली के लिए ....

पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बनाने की योजना बनाई है। सरकारी भवनों में रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है, और नया रायपुर के अधिकांश सरकारी भवनों में ये संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं, जिनसे विद्युत आपूर्ति ग्रिड में की जाती है।

### इंदिरा आईवीएफ का ....

निरस्त किए जाने के बाद संस्थान में उस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय गतिविधियों को पूरा नहीं किया जाएगा।

**थाने का लगाते रहे चक्कर** : पत्नी को खोने के गम में डूबा मनोज अपने रिश्तेदारों के साथ घटना के दूसरे दिन देर रात मोवा और देवेन्द्र नगर थाने के चक्कर लगाता रह गया था। काफी कोशिशों के बाद देवेन्द्र नगर थाने में मर्ग कायम कर जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। मामले में पुलिस स्तर पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई थी।

### स्ट्रेचर में ओटी ....

बाद दोनों अस्पतालों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

### स्वीकारी थी गलती...

प्रेशर में असामान्य गिरावट हुई थी।

### पोर्टल खत्म करने ....

काटने पड़ते। पोर्टल के कारण हर वर्ग के लोगों का भला हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार के समय टेंशन लेने के लिए बुजुर्गों को 6-6 महीने चक्कर काटने पड़ते थे। पेंशन के नाम पर सरेआम भ्रष्टाचार होता था। भाजपा की सरकार ने पोर्टल के माध्यम से सर भ्रष्टाचार समाप्त कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पोर्टल के माध्यम से अपने आप पेंशन बनकर बुजुर्गों के खाते में आ जाती है। कांग्रेस द्वारा 5 हजार पेंशन करने की घोषणा पर प्रहार करते हुए नायब सैनी ने कहा कि जब भूपेंद्र हुड्डा मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन क्यों नहीं बढ़ाई। हमारी सरकार ने हमेशा बुजुर्गों का सम्मान किया है। आज 1 लाख 32 हजार बुजुर्गों की नियमित पेंशन आ रही है। कांग्रेस सरकार की तरह किसी को भी पेंशन लेने के लिए अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता जान चुकी है कि भूपेंद्र हुड्डा झूठ बोलकर सत्ता में आना चाहते हैं। आज यह लोग 24 घंटे बिजली देने की बात कर रहे हैं जबकि कांग्रेस के शासनकाल में बिजली कुछ घंटे के लिए भी नहीं आती थी। प्रदेश के लोग बिजली की किल्लत से परेशान थे लेकिन भाजपा ने आज बिजली के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार किए हैं। आज 5506 गांव में 24 घंटे बिजली आ रही है जबकि पहले गांव में हमेशा अंधेरा रहता था। शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की भारी की परेशानी रहती थी।

### हर वर्ग के ...

हमने जो कार्य किए हैं वह विपक्ष के लिए भी हैरान करने वाले हैं। कांग्रेसी नेता भी जब खाना खाते हैं तो भाजपा और नरेंद्र मोदी के कार्यों की प्रशंसा करते हैं लेकिन बाहर आकर हमारी आलोचना शुरू कर देते हैं।

# सुल्तानपुर से पराजित मेनका, सपा सांसद की जीत के खिलाफ पहुंचीं हाईकोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री रहीं मेनका गांधी साल 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में हार को बाद उन दिग्गजों में शामिल हो गई हैं, जो इस बार संसद में नहीं दिखाई दे रहे हैं। वहीं, बीजेपी ने उनके बेटे वरुण गांधी को भी इस बार टिकट नहीं दिया था। अब मेनका गांधी ने सुल्तानपुर से अपने प्रतिद्वंद्वी रहे चुने गए सांसद रामभुआल निषाद के चुनाव को कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने उनका निर्वाचन रद्द करने की अपील की है। मेनका गांधी की तरफ से चुनाव याचिका वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशान्त सिंह अटल ने दाखिल की। याचिका में कहा गया है कि राम भुआल निषाद पर 12 मुकदमे दर्ज हैं, मगर उन्होंने चुनाव आयोग में दिए गए हलफनामे में केवल 8 मुकदमों का ज़िक्र किया है।

### हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका

जानकारी के मुताबिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सुल्तानपुर से पूर्व बीजेपी सांसद मेनका गांधी ने लखनऊ हाईकोर्ट में सुल्तानपुर लोकसभा चुनाव में सांसद चुने गए रामभुआल निषाद के चुनाव को चुनौती दी है। हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका में मेनका गांधी ने सपा सांसद राम भूआल निषाद का निर्वाचन रद्द करने की अपील की है।



■ लोकसभा चुनाव में 43174 वोटों से हारी थीं

### मेनका गांधी नहीं बचा पाईं अपनी सीट

बता दें कि उत्तर प्रदेश की सुल्तानपुर लोकसभा सीट से बीजेपी लीडर मेनका गांधी इस बार अपनी सीट नहीं बचा पाई हैं। यहां समाजवादी पार्टी के रामभुआल निषाद ने 43174 वोटों से फतह हासिल की है। वहीं, अगर पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों की बात करें, तो बीजेपी की मेनका गांधी ने 4,59,196 वोटों से जीत दर्ज की थी।

### कौन हैं सांसद राम भुआल निषाद?

राम भुआल निषाद पहले भाजपा में ही थे, लेकिन बाद में सपा में शामिल हो गए थे। लोकसभा चुनाव में दिए गए शपथपत्र के मुताबिक, उनके खिलाफ 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनकी उम्र 64 साल है। लोकसभा चुनाव में दिए शपथपत्र में उन्होंने अपनी आय का स्त्रोत कृषि उपज और राजनेता पेंशन बताया है। रामभुआल निषाद कौड़ीराम विधानसभा सीट से दो बार विधायक भी रह चुके हैं।

### बसपा सरकार में रह चुके हैं मत्स्य राज्य मंत्री

वह साल 2007 में उत्तर प्रदेश में बसपा सरकार में मत्स्य राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। राम भुआल की गोरखपुर, सुल्तानपुर और इसके आसपास के इलाकों में काफी अच्छी पकड़ मानी जाती है। 2012 में उन्होंने गोरखपुर ग्रामीण से भाजपा से टिकट मांगा था। लेकिन उनके स्थान पर विपिन सिंह को टिकट दे दिया गया था। इस बात से वह भाजपा से नाराज हो गए थे।

### सीएम योगी के खिलाफ भी लड़ चुके हैं चुनाव

2014 के लोकसभा चुनाव में रामभुआल निषाद वर्तमान में यूपी के सीएम आदित्यानाथ योगी के खिलाफ खड़े हुए थे, लेकिन जीत दर्ज नहीं कर पाए थे और तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद उनको बसपा से टिकट मिला था, लेकिन उनके विवादित बयानों के बाद उनका टिकट काट दिया गया था। इसके बाद 2024 में सपा ने उनको सुल्तानपुर से टिकट दिया था। सपा की टिकट पर उन्होंने सुल्तानपुर से जीत दर्ज की है।

## नेम प्लेट विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर

एजेंसी ▸▸ मुजफ्फरनगर




यूपी के मुजफ्फरनगर में होटल और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की बाध्यता समाप्त करने संबंधी दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हिंदू संघर्ष समिति सक्रिय हो गई है। हिंदू संघर्ष समिति के नेता नरेंद्र पवार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटल और ढाबों पर नेम प्लेट लगाए जाने का आदेश देने की गुहार लगाई है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटल ढाबा समेत खाद्य पदार्थों की दुकानों पर संचालकों के नाम वाले बोर्ड लगाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई तक अंतरिम रोक लगा दी थी। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर पूरे प्रदेश में होटल ढाबे और खाद्य पदार्थों की दुकानों पर संचालको के नाम वाले बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके विरोध में सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र डाला गया।

## अगले महीने यूक्रेन जाएंगे पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच पिछले करीब ढाई साल से जारी भीषण युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने अगस्त में कीव की यात्रा कर सकते हैं।

इसके लिए दोनों देश जरूरी संभावनाओं की तलाश कर रहे हैं। कूटनीतिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी 24 अगस्त 2024 को यूक्रेन के राष्ट्रीय दिवस के मौके पर राजधानी कीव की यात्रा कर सकते हैं। इसके बाद उनके पोलैंड जाने की भी संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के बीच पिछले महीने 14 जून को इटली के अपूलिया में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर भी एक मुलाकात हो चुकी है। इसमें जेलेंस्की ने पीएम मोदी को कीव की यात्रा करने का निमंत्रण दिया था।

## पेज एक के शेष

### महानदी पर मंडराया बाढ़...

ऊपरी इलाकों से नदी का बहाव कम नहीं होता है तो महानदी रौद्र रूप ले सकती है। ऊपरी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश और सहायक नदी नालों के भी पाटो पाट चलने से महानदी के जल स्तर में बढ़ोतरी लगातार हो रही है। शिवरीनारायण के आसपास के नाले ऊफान पर आ गए हैं। क्षेत्र में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इससे निचली बस्तियों को अलर्ट करा दिया गया है। बाढ़ की संभावना को लेकर स्थानीय प्रशासन मुस्तैद है। बाढ़ के खतरे को टालने के लिए पत्र लिखकर ओडिशा के हीराकुंड बांध का गेट खोलने की मांग की गई है। हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर के मुख्य अभियंता ने इस संबंध में 27 जुलाई को पत्र भेजा है। मुख्य अभियंता एवं बेसिन प्रबंधक महानदी बेसिन बुरला जिला संबलपुर, ओडिशा को पत्र भेजकर हीराकुंड बांध के गेट खोलने की मांग की गई है।

**खाट से गर्भवती को तीन किमी ले गए, तब मिला एंबुलेंस**

**गोदावरी फिर उफानी, एनएच 30 जाम, तेलंगाना के भद्राचलम में थर्ड वार्निंग कोण्टा।** लगातार दस दिनों से बाढ़ तथा बढ़ते-घटते जल स्तर से पड़ोसी राज्य के सीमाओं में जन जीवन अस्त-व्यस्त है। छत्तीसगढ के अंतिम छोर कोण्टा बार्डर से लगे ओड़िशा, आंधप्रदेश, तेलंगाना तथा कोण्टा नगर व आस-पास के वनांचल ग्रामों, जो शबरी तथा तेलंगाना के गोदावरी तटों पर बसे हैं, उन्हें इस वर्ष भी बाढ़ का खतरा है। वहीं एराबोर इलाके के लेंड्रा गांव में गर्भवती महिला को खाट पर लिटाकर भारी बारिश में ग्रामीणों ने 3 किलोमीटर दूर पैदल चलकर एंबुलेंस तक पहुंचाया। पड़ोसी ब्लॉक मुख्यालय आंध्रप्रदेश के चिंतुर के हिस्सों को शबरी का पानी घेर लिया है। वहीं तेलंगाना के राम नगरी भद्राचलम से गुजरती गोदावरी नदी फिर से उफान पर है। गोदावरी शबरी के तेजी से बढ़ते जल स्तर से यहां जन जीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 30 चट्टी बार्डर के पास व भद्राचलम के नेल्लिपाका के पास शुक्रवार शाम से मार्ग को बाधित कर दिया है। सुकमा कलेक्टर हरिस.एस ने शबरी नदी तट के सभी गांव के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

**स्कूल की छत मरम्मत योग्य** : जानकारी मिलने के बाद स्कूल का मुआयना कराया गया है, लगातार बारिश होने के बाद स्कूल छत से पानी की कुछ बूंदे टपक रही है। छत मरम्मत योग्य है। जिसे ठीक कराया जाएगा। - महेन्द्र गुप्ता, सहायक संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग, कबीरधाम

**शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे: डमरूधर पुजारी** : बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा स्कूल मरम्मत के नाम पर लाखों करोड़ो रुपए राशि जारी होने के बाद भी संबंधित विभाग के अफसरों ने समय पर स्कूलों की मरम्मत नहीं करवाई और आज हमारे क्षेत्र के बच्चों को कई स्कूलों में जान जोखिम में डाल कर पढ़ाई करने मजबूर होना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग की लचर कार्यशैली से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर शिकायत करेंगे और जांच कर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

**क्या कहते हैं बिन्द्रानवागढ़ के विधायक** : बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा स्कूल जतन योजना के नाम पर राज्य सरकार ने गरियाबंद जिले को 90 करोड़ रुपए राशि जारी किया, लेकिन मैनपुर देवभोग क्षेत्र में निर्माण कार्य बेहद धीमा है। मैं स्वयं कई स्कूलों का निरीक्षण किया हूं। छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने विवश हो रहे हैं।

मैदान में प्रार्थना कर रहे थे 126 बच्चे, उसी समय बिजौर स्कूल के दो कमरों की छत का प्लास्टर गिरा

- राहत की बात रही कि किसी भी बच्चे या टीचर्स के हताहत होने की खबर नहीं

**- आनन-फानन में बच्चों को पास के ही मिडिल स्कूल भवन में शिफ्ट कर दिया गया** : बिलासपुर। प्राथमिक शाला बिजौर स्कूल के दो कमरों की छत का प्लास्टर शनिवार की सुबह उस समय भरभरा कर गिर गया जब सभी बच्चे स्कूल मैदान में प्रार्थना कर रहे थे। राहत की बात रही कि किसी भी बच्चे या टीचर्स के हताहत होने की खबर नहीं है। यह स्कूल बिल्हा विकास खण्ड अंतर्गत आता है। संकुल समन्वयक के मुताबिक उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है। आनन-फानन में इसके बाद स्कूल के बच्चों को पास के ही मिडिल स्कूल भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार अब मिडिल स्कूल भवन में सुबह की पाली में प्राथमिक और दोपहर की पाली में मिडिल की क्लासेस लगेंगी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन द्वारा दी गई सूचना के बाद मौके पर वार्ड पार्षद, संकुल समन्वयक और शाला प्रबंधन समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ध्यान रहे कि इससे पहले हुई घटना के बाद स्कूल मरम्मत के लिए जिला खनिज न्यास से 1.98 लाख स्वीकृत किया गया था और स्टॉफ रूम का मरम्मत नगर निगम द्वारा किया गया था। हालांकि मरम्मत का काम पूरा नहीं हो सका है।

**कुछ कमरे पूरी तरह डिस्मेंटल के लायक**: ध्यान रहे कि इस स्कूल में कुल दर्ज संख्या 136 की है। इसमें शनिवार को 126 बच्चे उपस्थित थे। इसके साथ ही प्रभारी प्रधान पाठिका सहित कुल 6 शिक्षक-शिक्षिका भी मौजूद थे। इसमें स्कूल में प्रभारी एचएम शिप्रा सिंह बघेल, रामबाई चौधरी, अनीता लकड़ा, सतीश कुमार शर्मा, ममता सोनी और पोलेश्वर कुमार यादव उपस्थित रहे। स्कूलों के शिक्षकों ने बताया कि स्कूल में लगातार घटनाएं हो रहीं लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूल में कुछ कमरे पूरी तरह डिस्मेंटल करने के लायक हैं। इन कमरों में तक बच्चे खेलते हुए पहुंच जाते हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**यहां क्लास लगाना खतरे से खाली नहीं** : ध्यान रहे कि इस स्कूल का में इससे पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। उस दौरान स्टॉफ रूम की छत का प्लास्टर गिर गया था। ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ की मानें तो पूरा स्कूल भवन ही जर्जर अवस्था में है। यहां क्लास लगाना खतरे से खाली नहीं है। लगातार हो रही दुर्घटना से बच्चे भी दहशत में दिखे। संकुल समन्वयक मनोज सिंह के अनुसार पूरे स्कूल भवन की हालत ही खराब है। इस बारे में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

**बजट की मांग की गई है** : बिजौर प्राथमिक स्कूल के बच्चों को पास के ही मिडिल स्कूल भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। अब मिडिल स्कूल भवन में सुबह की पाली में प्राथमिक और दोपहर की पाली में मिडिल की क्लासेस लगेंगी। प्राथमिक स्कूल भवन की मरम्मत के लिए बजट की मांग की गई है। - टीआर साहू, जिला शिक्षा अधिकारी

**पूल टूटा, बच्चे पढ़ाई से वंचित** : मुंगेली। जिले के आख़िरी छोर के दो गांव रजपुरा और कोहड़िया को जोड़ने वाली सड़क पर बने पूल के टूट जाने से दोनों गांव का संपर्क लगभग टूट गया है। दोनों गांव के लोग जरूरत के लिए बरसात में नवागढ़ ब्लॉक की ओर से घूमकर मुंगेली आते हैं। रजपुरा में मिडिल और हाई स्कूल नहीं है, इसलिए अस्थाई रूप रखे पत्थर से बच्चे इसी मार्ग से घोरपुरा और टेमरी स्थित स्कूल पढ़ने के लिए आते हैं। अभी 1, 2 दिन पहले 1 बच्चा स्कूल आने के प्रयास में बह गया था। किसी तरह उसकी जान बची थी। पुल नहीं बना तो 4 महीने बच्चे पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे।

**मैनपुर में टूटती छत के नीचे बैठ पढ़ाई** : गरियाबंद कि मैनपुर में खुले कई सरकारी स्कूलों की स्थिति खराब हो चुकी है। बताया जा रहा है कि स्कूल जतन योजना के नाम पर गरियाबंद जिला को 90 करोड़ रुपए की राशि जारी होने के बाद भी बच्चों को जर्जर स्कूल में पढ़ने को मजबूर होना पड़ा है। ग्राम पंचायत मैनपुकला में वर्ष 2004-05 में लगभग 8 लाख रुपए की लागत से पूर्व माध्यमिक शाला भवन का निर्माण किया गया था। यह भवन का छत का प्लास्टर टूट टूटकर गिर रहा है। लगातार बारिश से पानी का रिसाव हो रहा है। बच्चों को बारिश के दिनों में जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करते देखा जा सकता है। इस स्कूल में 71 छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या है। जिला पंचायत के पूर्व सदस्य सियाराम ठाकुर, युवानेता तनवीर राजपूत, सुधीर राजपूत, गज्जू नेगी एव शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष पार्वती बघेल ने बताया मिडिल स्कूल में जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे है। कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन सुधार नहीं किया गया है।

**जान जोखिम में डाल स्कूल जाते हैं शिक्षक और बच्चे** : अम्बिकापुर। सरगुजा में ऐसे दर्जनभर स्कूल हैं, जहां पुल-पुलिया का निर्माण नहीं होने के कारण शिक्षक एवं बच्चों को बरसात में उफनते नदी-नाले को पार कर स्कूल पहुंचते हैं। इन खतरनाक नदी-नालों पर पुल-पुलिया बनाने ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी है। विकासखण्ड मैनपाट में चार गांव ऐसे हैं जहां शिक्षक अपनी जान को खतरे में डालकर उफनती नदी-नाले को पार कर स्कूल पहुंचते है। सबसे खतरनाक स्थिति ग्राम करमहा की है जहां शिक्षकों को चौड़े पाट वाली घुनघुट्टा नदी को पैदल पार करना पड़ता है। दूरस्थ ग्राम करमहा में शासन द्वारा एक मिडिल एवं 3 प्राइमरी स्कूल संचालित हैं। मिडिल स्कूल में 4 एवं 3 प्राथमिक शालाओं में 4 शिक्षक पदस्थ हैं। सभी शिक्षक घुनघुट्टा नदी को पैदल पार कर हर दिन स्कूल पहुंचते हैं। अन्य दिनों में नदी का जलस्तर कम हो जाता है लेकिन बरसात में चार महीने तक घुनघुट्टा नदी उफान पर रहती हैं इसके बावजूद शिक्षक अपनी जान जोखिम में डालकर हर दिन स्कूल पहुंचते हैं। इसी तरह सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ ग्राम महुली के बच्चे बरसात में उफनते बेबदी नाला को पार कर अपना भविष्य गढ़ने हर दिन खतरे के बीच स्कूल जाते है।

### खदान में आया...

की टीम को रेस्क्यू के लिए बुलाया गया। एसईसीएल की रेस्क्यू टीम भी पानी में गुम हुए गोदावरी फेस के क्वारी इंचार्ज जितेंद्र विनायक नागरकर की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि अब तक क्वारी इंचार्ज जितेंद्र विनायक नागरकर की कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। समाचार लिखे जाने तक खदान में बहे अधिकारी का पता नहीं चल सका है।

### कुएं में रिसी...

देर रात तक दुर्ग एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर शवों को कुएं से बाहर निकाला। नवागढ़ विकासखण्ड अंतर्गत एवं चंदनु थाना से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कुआं में 55 वर्षीय ग्रामीण आत्माराम साहू पिता परदेशी साहू अपनी निजी जमीन पर बने कुएं में मोटर पंप में फंसे कचरे को ठीक करने नीचे उतरा था। कुएं की गहराई पर मौजूद जहरीली गैस के प्रभाव में आने से वह बेहोश गया। आत्माराम को बेहोश होता देख पास ही मौजूद गांव के ही राकेश साहू पिता बाबूलाल साहू (25) एवं रामकुमार ध्रुव पिता रामलाल ध्रुव (45) के कुएं में रस्सी के सहारे उतरे, लेकिन वे भी एक एक कर बेहोश हो गए। इस घटना की जानकारी अन्य लोगों ने चंदनु थाना को दी।

**बरसात के मौसम में कुएं में उतरना जानलेवा** : बेमेतरा एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी ने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में कुएं में उतरना जानलेवा होता है, क्योंकि बारिश के दौर में नमी होने से कुएं की गहराई में जहरीली मिथेन गैस होती है। उसके प्रभाव में आते ही तत्काल बेहोशी छा जाती है एवं प्रभावित व्यक्ति की तुरन्त मौत भी हो जाती है। इसलिए ऐसे नम मौसम में कोई भी जरूरी या अन्य कार्य के लिए कुएं में उतरना अथवा नीचे जाना स्वयं के लिए खतरनाक साबित हो जाता है। इस मामले में आम नागरिकों को सतर्क, सावधान व सजग रहने की रहने की जरूरत होती है।

### घटना स्थल पहुंचे...

मौके स्थल पर पहुंचे। उसके बाद दुर्ग से एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां देर रात तक तीनों ग्रामीणों के शव को निकाला गया। वहीं हादसे के बाद तीनों मृतकों के परिजनों में मातम की स्थिति छा गयी है।

### वेटिंग की भीड़ कम...

के कम होने से बाथरूम, बेसिन साफ नजर आए। इसके अलावा सीट के नीचे भी कचरे की सफाई भी देखने को मिली। पहले स्लीपर कोच में भीड़ अधिक होने की स्थिति में नियमित सफाई नहीं हो पाती थी, लेकिन अब वेटिंग यात्रियों की भीड़ कम होने के बाद कोच में गंदगी भी कम हुई है। छत्तीसगढ़, गोंडवाना, संपर्कक्रांति, सारनाथ समेत दूसरे जोन की ट्रेन दरभंगा, समरसता, पूरी-अहमदाबाद समेत अन्य ट्रेनों में भी भीड़ कम होने से कोच में सफाई व्यवस्था से यात्रियों का सफर भी आरामदायक हो चुका है।

**डस्टबिन और बेसिन भी पूरी तरह साफ** : ट्रेनों में ज्यादातर यात्रियों की शिकायत रहती थी कि डस्टबिन की गदंगी पूरे कोच में फैली हुई है। ऐसी स्थित अधिक यात्रियों के सफर करने से होती थी। शाम 3 बजे पुरी- अहमदाबाद में डस्टबिन में कचरा पूरी तरह साफ नजर आया। इसके अलावा बेसिन में गंदगी भी नहीं फैली हुई थी। शौचालय में साफ था। कोच में अनावश्यक भी भीड़ नहीं थी। केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्री ही सफर कर रहे थे। इसी तरह छत्तीसगढ़ और गोंडवाना में सफाई को लेकर सबसे अधिक शिकायत होती थी। ट्रेन में जायजा लेने पर कोच में गंदगी नजर नहीं आई। डस्टबिन भी निर्धारित जगह पर था। गोंडवाना के शौचालय में भी गंदगी नहीं थी। छत्तीसगढ़ के स्लीपर कोच के सीट नीचे में भी प्लास्टिक झिल्लियां या फिर अन्य कचरा नजर नहीं आया।

**हर दिन शिकायतों की मॉनिटरिंग** : जून महीने में रेलवे ने वेटिंग यात्रियों पर रोक लगाया था, जो अब पूरे देश में यह नियम लागू हो चुका है। यात्रियों ने वेटिंग टिकट के साथ सफर करना बंद कर दिया है। रेलवे के अधिकारियों का भी कहना है कि यात्रियों की लगातार भीड़ और सफाई को लेकर शिकायत कम हुई है। सीपीआरओ समीर कान्त माथुर ने बताया कि वार रूप में रोज शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाती है।

पहले सफाई को लेकर हर दिन दर्जनों शिकायत देखने को मिलती थी, जो अब वर्तमान में 80 प्रतिशत कम हो चुकी है। जून से जुलाई के बीच शिकायत का औसत कम हुआ है। हर 10 दिनों में शिकायत की मॉनिटरिंग करते हैं कि यात्रियों के द्वारा कौन सी शिकायत अधिक मिली है। अब हम विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को व्यवस्था बेहतर करने का सीधे निर्देश दे रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों की नाराजगी कम हुई है।

**केस 03, अंबिकापुर एक्सप्रेस** : रायपुर से अंबिकापुर जाने एक ही ट्रेन है इसलिए यात्रियों का दबाव अधिक होता था, लेकिन अब भीड़ को लेकर शिकायत कम हुई है। इस ट्रेन में स्लीपर कोच से यात्रियों की शिकायत सप्ताह में 5 से 6 के आसपास है। सफाई को लेकर शिकायत 80 प्रतिशत कम हुई है।

पेंट्रीकार के कारण बीते दिनों ट्रेनों में गंदगी देखने को मिली थी, जिसे लेकर सख्त निर्देश दिया गया है। 80 प्रतिशत सफाई व्यवस्था बेहतर हो चुकी है। हमारा प्रयास है कि यात्रियों की शिकायत को पूरी तरह दूर करें। आने वाले दिनों में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। - अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम

## राशिफल


**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।


**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।


**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।


**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।


**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।


**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।


**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।


**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5585

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 5584 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5596

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5595 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# तरकश

संजय के. दीक्षित

## हैवानित और हैवान सिस्टम

राजधानी रायपुर से लगे जिले में स्थित एक बड़ी शैक्षणिक संस्था में पांच बरस की नर्सरी की बच्ची से दुष्कर्म की घटना हो गई। घर लौटने पर मासूम को जब तकलीफ बढ़ी तो उसके घर वाले एमडी के पास ले गए। डॉक्टर ने कहा, गायनिक से दिखाइये। लेडी डॉक्टर ने जांच के बाद प्रिसक्रिप्शन में लिखा...प्रायवेट पार्ट से ब्लीडिंग और व्हाईट डिस्चार्ज मिला है। पता चला, बच्ची को स्कूल की आया टॉयलेट कराने वाशरुम ले गई और उसे छोड़कर किसी और काम में व्यस्त हो गई। करीब घंटे भर बाद वाशरुम के पास बच्ची रोते हुए मिली। याने वाशरूम में उसके साथ किसी ने हैवानियत की। मगर उसके बाद सिस्टम की हैवानियत शुरू हो गई। प्रिसक्रिप्शन में इतना साक्ष्य होने के बाद भी मासूम का मेडिकल कराने की बात तो दूर, मामले पर पर्दा डालने का काम शुरू हो गया। एसपी साब हालांकि तेज-तर्रार हैं मगर पता नहीं खून गरम कर देने वाले इस केस में वे ठंडे कैसे पड़ गए? लिहाजा, परिजन एक विधायक को पकड़कर आईजी से फरियाद करने पहुंचे। मगर विधायकजी को लोगों ने समझा दिया, आपको मंत्री बनना है...आप काहे को पचड़े में पड़ते हो। एक कांग्रेस विधायक के दरवाजे पर बच्ची के परिजन पहुंचे तो उन्होंने हाथ खड़ा कर दिया। बताते हैं, कांग्रेस विधायक के घर का कोई बच्चा वहां पढ़ता है। हालांकि, आईजी के निर्देश पर एक महिला एडिशनल एसपी जांच करने पीड़िता के घर पहुंची मगर बयान लेने की बजाए वे परिजनों को चतुराईपूर्ण प्रेशर के साथ उन्हें कंविंस करने में कामयाब हो गई कि छोटी बच्ची है...मेडिकल कराना होगा...बार-बार थाने का चक्कर लगेगा। बच्ची पर इसका प्रभाव ठीक नहीं पडेग़ा, उपर से आपलोगों की प्रतिष्ठा खराब होगी। अब पीड़िता के घरवाले क्या करते...पक्ष-विपक्ष के विधायकों को देख लिया, एसपी, आईजी कुछ नहीं किए। उन्होंने भी बेरहम सिस्टम के आगे सरेंडर कर दिया। ऐसा भी नहीं कि किसी को बदनाम करने ऐसा किया जा रहा हो...जैसा प्रचारित करने का प्रयास किया गया। पीड़िता का परिवार काफी धन-दौलत वाला है...फैक्ट्री, होटल का काम है। फिर अपनी मासूम बच्ची को कोई मोहरा क्यों बनाएगा। और यह भी...जब सिस्टम उसके साथ ऐसा हैवान हो सकता है तो फिर सोचिए आम आदमी के साथ क्या होता होगा।

## प्रभारी मंत्री, प्रभारी सचिव का संयोग

जिले के विभाजन में सक्ती के अलग होने के बाद भी जांजगीर छत्तीसगढ़ का टॉप टेन जिले में आता है। लॉ एंड आर्डर के मामले में तो टॉप थ्री बोल सकते हैं। सुबह से क्राइम की खबरें आनी शुरू हो जाती हैं। किसिम-किसिम के अपराध होते हैं। कलेक्टर तक को भी नहीं बख्शते। याद होगा, एक कलेक्टर हनी ट्रेप के शिकार होकर अपनी कुर्सी गंवा बैठे थे। खैर बात प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव के संयोग की। इस समय ओपी चौधरी जांजगीर के प्रभारी मंत्री हैं और सोनमणि बोरा प्रभारी सचिव। दोनों के साथ कॉमन यह है कि ओपी जांजगीर के कलेक्टर रह चुके हैं और बोरा भी। कलेक्टरी के तौर पर बोरा का पहला जिला जांजगीर था और ओपी का दूसरा जिला। बोरा जब बिलासपुर के कमिश्नर थे, उस समय ओपी जांजगीर के कलेक्टर रहे। बोरा जब दौरे में जाते थे तो कलेक्टर के नाते जाहिर तौर पर कमिश्नर का वेलकम करना ही पड़ता है। मगर वक्त का पहिया घूमना बोलें...या फिर संयोग...ओपी अब मंत्री

## आईएएस की पोस्टिंग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीति आयोग की बैठक में शामिल होने दिल्ली गए हैं। वहां से लौटने के बाद आईएएस पोस्टिंग के कुछ आदेश निकलेंगे। दो संभागों में कमिश्नरों की पोस्टिंग करनी ही पड़ेगी। इस समय रायपुर डिविजनल कमिश्नर डॉ0 संजय अलंग के पास बिलासपुर का भी चार्ज है। दो दिन बाद 31 जुलाई को वे रिटायर हो जाएंगे। सो, सरकार को इन दोनों जिलों में नए कमिश्नर पोस्ट करना होगा। बता दें, सचिव और कमिश्नर का रैंक सेम होता है। और सचिव में इस समय अफसरों की भरमार हो गई है। डायरेक्ट में भी और प्रमोटी में भी। सिकरेट्रीज इतने हो गए हैं कि गिनना मुश्किल हो गया है। सो, सरकार को बहुत मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी।

## आईजी बदलेंगे

जैसा कि एक बार तरकश में लिख चुके हैं कि अब थोक में आईएएस, आईपीएस की लिस्ट नहीं निकलेगी। एक-एक, दो-दो करके ही तबादले होंगे। मसलन बलरामपुर एसपी को सीएम सिक्यूरिटी में लाया गा और राजेश अग्रवाल को उनकी जगह भेजा गया। इसके बाद फिलहाल एसपी लेवल पर कोई लिस्ट नहीं निकलेगी...कोई हिट विकेट हो गया तो उसकी बात अलग है। आईजी स्तर पर जरूर कुछ बदलाव हो सकते हैं। कुछ पुलिस रेंजों के आईजी बदलने पर सरकार विचार कर रही है।

## नए मंत्री, कमजोर विपक्ष!

कांग्रेस की सड़क की लड़ाई में सानी नहीं है मगर सदन में कमजोर पड़ जाती है। चाहे पांच साल सत्ता में रही तब भी भूपेश बघेल के मंत्रियों का परफार्मेंस पुअर रहा। रविंद्र चौबे और अकबर के अलावा बाकी मंत्री आए दिन हाउस में घिर जाते थे। बीजेपी के अकेले अजय चंद्राकर सबको पस्त कर देते थे और अब कांग्रेस विपक्ष में हैं, जब भी यही हाल है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सधे और मारक शब्दों, शेरों-शायरियों के जरिये थोड़े-बहुत माहौल जरूर बना लेते हैं। भूपेश बघेल पांच साल के सीएम रहे हैं। मगर दोनों की अपनी मर्यादा है। हमले करने का काम आमतौर पर मंझोले सदस्य करते हैं, जो कि विपक्ष के पास है नहीं। ऐसे में, विपक्ष का रोल सत्ता पक्ष को निभाना पड़ रहा है। सत्ता पक्ष के कई विधायकों ने इस बार अपने ही मंत्रियों को टारगेट करते सवाल दाग। मानसून सत्र में तो ऐसा ही नजर आया। अलबत्ता, विष्णुदेव साय के नए और पहली बार के मंत्री भी विपक्ष पर हॉवी होते नजर आए। नक्सली मामले पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दमदारी से जवाब दिया। तो वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी सत्ता और विपक्ष, दोनों तरफ से आए बाउंसरों को उसी अंदाज में उठाकर मारा। हालांकि, कुछ नए मंत्रियों ने ओवरकांफिडेंस में ज्यादा ही परफार्मेंस दिखा दिया। लक्ष्मी को माफी मांगनी पड़ गई तो दयालदास को स्पीकर ने टोका।

## दो सवाल आपसे

1. ऑल इंडिया सर्विस के किस अफसर को मंत्री से अतिशय नजदीकियां भारी पड़ गई?
2. छत्तीसगढ़ का अगला DGP कौन होगा?

अपराध : जिले के दो थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटना

# शराबी पिता ने की पुत्र की हत्या

# नशोड़ी बाप ने किया अनाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम भिथीडीह में एक पिता ने शराब के नशे में टंगिया से अपने पुत्र की हत्या कर दी, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच विवेचना में लिया है। प्रार्थिया मृतक की पत्नी प्रीति कमार ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई 2024 को सुबह से ही उसके ससुर देवान कमार एवं पति राजू कमार शराब पिए हुए थे, और खाने-पीने की बात को लेकर विवाद कर रहे थे।

इसके बाद प्रीति दोपहर में अपने पति के साथ खाना खाने के बाद, अपने बच्चे को लेकर अकेली ग्राम चरौदा रथयात्रा देखने चली गई और घर पर उसके पति और ससुर थे।

प्रार्थिया ने बताया कि शाम करीब 4 बजे उसके चाचा ससुर देवनाथ कमार ग्राम चरौदा में उसे बताया कि तुम्हारे ससुर देवान कमार ने तुम्हारे पति राजू को टंगिया से मार दिया है, जिस पर प्रार्थिया ग्राम चरौदा से घर आकर देखी तो उसका पति किचन में खून से लथपथ पड़ा था, उसके सीने में गंभीर चोट लगी थी और उसकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रार्थिया ने बताया कि उसके ससुर देवान कमार ने टंगिया से मारकर उसके पति की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### शराबी बाप ने बेटी से किया अनाचार

दूसरी घटना में शराब के नशे में धुत्त पिता ने अपनी ही नाबालिग बेटी से रेप किया। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि क्षेत्र का निवासी एक व्यक्ति अपनी पुत्री को लेने गया था। अपनी 13 वर्षीय नाबालिग मासूम पुत्री पर शराब के नशे में धुत्त पिता की नीयत खराब हो गई और उसने कोमाखान के समीप रेप की घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना की सूचना के बाद आरोपी कोमाखान पुलिस की पकड़ में आ गया है।

## वनांचल में फैला डायरिया, 60 बीमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

अंबागढ़ चौकी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत करमतरा के आश्रित ग्राम लेड़ीजोब में हैंडपंप का दूषित पानी के सेवन करने से लगभग 60 महिला, पुरूष व बच्चे उल्टी-दस्त के प्रकोप से पीड़ित हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अं. चौकी तथा दल्लीराजहरा में परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी है। अं.चौकी विखं मुख्यालय से 15 किमी दूर स्थित ग्राम लेडीजोब की कुल आबादी लगभग एक हजार की है, जहां एक ही मुहल्ले के लोग डायरिया के प्रकोप से प्रभावित होने की जानकारी प्राप्त हुई है। बताया गया कि गांव में स्थापित बोरिंग के दूषित पानी का जिन परिवारों ने उपयोग किया, उन घरों में उल्टी-दस्त का प्रकोप देखने को मिला है।

## 13 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम सहित अन्य जिला में सक्रिय रूप से काम कर रही 13 लाख की इनामी महिला नक्सली ने कबीरधाम पुलिस के सामने आत्म समर्पण किया है।

माना जा रहा है कि नक्सल उन्मूलन अभियान तथा शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिला पुलिस बल के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जा रहा है, साथ ही नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सल गस्त सर्चिंग में वृद्धि हुई है जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है। इसी का असर है कि नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प लेकर नक्सल संगठन में सक्रीय महिला नक्सली रानीता उर्फ हिड़मे कोवासी पति प्रेम पिता सन्नू कोवासी आयु लगभग 22 वर्ष निवासी पुलनपाड़, गोल्लापरा थाना चिंतलनार जिला सुकमा ने 27 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कलेक्टर कबीरधाम जन्मेजय महोबे (भाप्रसे), पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ अभिषेक पल्लव (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भापुसे) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल (रापुसे), उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, कृष्ण कुमार चंद्राकर, सतीश धुर्वे की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित महिला का नक्सल नक्सली संगठन में थी सक्रिय आत्म समर्पण करने वाली महिला नक्सली रानीता उर्फ हिड़मे कोवासी के संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार रानीता वर्ष 2016 जुन में किस्टाराम एरिया में बाल संगम में शामिल हुई थी।

## जबर्रा के जंगल में 40 हाथी कर रहे विचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिकासेर हाथी दल के 30 से 40 हाथी दुगली परिक्षेत्र के पश्चिम चारगांव में विचरण कर रहे हैं। वन विभाग ने चारगांव, जबर्रा, खरखा, गजकन्हार, तुमबाहरा, कल्लेमेटा, डोंगाडुला, बिलभदर को अलर्ट कर ग्रामीणों को जंगल जाने से मना किया है।

हाथी निगरानी दल प्रभारी संदीप सोम ने बताया कि दुगली के सहायक परिक्षेत्र जबर्रा के परिसर पश्चिम चारगांव में सिकासेर हाथी दल का लोकेशन है। दल में हाथी की संख्या 30 से 40 है। हाथी से फसल नुकसान की खबर नहीं है।



### गरियाबंद लौटा दंतैल एमई 3

महीनेभर से कुकरेल, धमतरी, सिंगपुर के जंगल में विचरण कर रहे चंदा दल का एक दंतैल एमई 3 वापस गरियाबंद लौट गया है। इसका लोकेशन पांडुका बताया जा रहा है।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

धमतरी। खेत देखने गए वृद्ध किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पुरी निवासी बृजलाल निर्मलकर पिता बंजूराम उम्र 71 वर्ष पीडब्ल्यूडी में मेट का कार्य करता था। सेवानिवृत्त होने के बाद से वृद्ध खेती किसानी का काम देख रहा था। शुक्रवार की शाम वृद्ध खेत देखने के लिए गया था। उसके खेत में मोटरपंप लगा हुआ है। वहीं पर बिजली का पोल भी है। विद्युत पोल में लगे टेंशन तार में करंट आ गया। खेत गए वृद्ध करंट की चपेट में गया।

## गुमशुदा



प्रेमाधन साहू पिता बनमाली साहू उम्र 55 साल ग्राम परसवानी, थाना सांकरा, जिला महासमुन्द(छग) जो चौथी कक्षा तक पढा है तथा उड़िया, लारिया भाषा बोलता है। हुलिया रंग गेहुँआ, कद 5 फिट 6 इंच, चेहरा लम्बा, बाल घुंघराले,दाढ़ी मूंछ अधपका है जो बिना बताए घर से 20/10/2016 को कही चला गया तो आस पड़ोस, रिश्तेदार में पता तलाश किया गया किंतु कही पता नही चल पाया।जिसके बाद इसकी रिपोर्ट थाना सांकरा में 20/10/2016 को 11.30 बजे दर्ज कराया गया। यह व्यक्ति जिस किसी सज्जन को दिखे या मिले तो कृपया सूचित करें।

थाना प्रभारी सांकरा
जिला महासमुन्द (छग)
संपर्क करें 9479192312, 9770676576

**न्यायालयः प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**

प्रो.क्र. - 1677, प्र.क्र. -73/24
पे.ता. 03.09.2024, धारा 13 हि.वि.अ.

आवेदक/ आवेदिका — रिद्धिसिद्धि साहू

बनाम

अनावेदक / अनावेदिका — नेहाल साहू

प्रति,

अनावेदक/ अनावेदिका :-नेहाल साहू

निवासी पता: उम्र 24 वर्ष, पिता श्री पी.के. साहू, निवासी बाजार चौक, भाठागांव, कुरूद, थाना कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

उपरोक्त आवेदक/आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 13 हि.वि.अ. का प्रकरण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 03.09.2024 को दिन 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करे। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य/ दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 03.09.2024 को प्रस्तुत कर सकते है।

यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 27 माह 07 सन् 2024 को जारी किया गया।

स्थान रायपुर — दिनांक 27.07.2024

मुहर — प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली**
रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website : risali.urbanecg.gov.in

क्र./लो.क.वि./2024/731 — रिसाली, दिनांक 26/07/2024

**ई-निविदा निरस्त सूचना**

नगर पालिक निगम रिसाली कार्यालय हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय कार्य हेतु ई-निविदा क्रं. 156349 दिनांक 19.07.2024 को जारी किया गया था।

उक्त ई-निविदा को अपरिहार्य कारणों से निविदा नियम शर्तो के कंडिका क्रं. 24 के अनुसार (किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।) नगर पालिक निगम रिसाली कार्यालय हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय कार्य हेतु ई-निविदा क्र. 156349 को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महाप्र(हस)/भू.रा./2024/39 — दिनांक 25.06.2024

**सूचना**

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत कुरजा कालरी के डिपलरिंग हेतु ग्राम परसापानी के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

| Sl No | Name as per Land Owner on date of sanction 9(i) | Name as per P-II & B-I Statement 1-A [Landowner on date of compensation assessment] | Name of PAP proposed for employment | | Document | Name |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामदास पिता भोला पाव, जाति- पाव ग्राम- परसापानी खसरा नं. 68 (पी) रकबा 2.699 हे. 6.66 एकड़ | रामदास पिता भोला पाव, जाति- पाव, ग्राम- परसापानी खसरा नं. 68 (पी) रकबा 2.699 हे. 6.66 एकड़ | सुरेश कुमार पाव पिता प्रेमलाल पाव | 1 | वशंवृक्ष | सुरेश कुमार पाव पिता प्रेमलाल |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | सुरेश कुमार पाव पिता स्व. प्रेमलाल |
| | | | | 3 | राशन कार्ड | सुरेश कुमार पाव |
| | | | | 4 | मतदाता परिचय पत्र | निरंक |
| | | | | 5 | आधार कार्ड | सुरेश कुमार पाव पिता प्रेमलाल पाव |
| | | | | 6 | शिक्षा प्रमाण पत्र | निरंक |
| | | | | 7 | रोजगार पंजीयन | SURESH KUMAR PAW |
| | | | | 8 | पेनकार्ड | SURESH KUMAR PAW S/O PREMLAL PAW |
| | | | | 9 | जाति प्रमाण पत्र | SURESH KUMAR PAW S/O LT. PREMLAL |

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भूस्वामी एवं आश्रित रोजगार बाबत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिति में दावा-आपत्ति मान्य नही होगा।

SECL/24-25/120 — क्षेत्रीय महाप्रबंधक, हसदेव क्षेत्र

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)

**सूचना**

विद्युत लाईनों / उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत अंडरग्राउंड केबल वर्क एवं सी.टी.पी.टी बदलवाने के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों / उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फिडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30.07.2024 मंगलवार | प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. मेडिकल कॉलेज सबस्टेशन | 11KV. नहरपारा फिडर | झूलेलाल चौक एवं आसपास का क्षेत्र, होटल ग्रेण्ड इंटरनेशनल, स्टेशन रोड गुरूद्वारा एवं आसपास का क्षेत्र, स्टेशन बाजार, संजय गांधी चौक, केलकर पारा देशबंधु स्कूल, सूरजादेवी मार्केट एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि। |
| 2. | 31.07.2024 बुधवार | प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. नूतन राईस मिल सबस्टेशन | 11KV, स्टेशन रोड फीडर | नागोरॉव, नेमीचंद गली. तेलघानी नाका चौक, स्टेशन रोड, संजय गांधी चौक, अरिहत कॉम्पलेक्स, स्टेशन चौक, नर्मदा पारा, फाफाडीह चौक, होटल सुधा, सम्राट टॉकिज के आस पास का क्षेत्र, होटल रायपुर इन, होटल ली-रियो, होटल रॉयल एमवीएन्स एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि। |
| | | | 33/11 के.व्ही. गुढ़ियारी सबस्टेशन | 11KV, रिंग रोड फीडर | तेलघानी नाका चौक के आस पास का क्षेत्र, राठौर चौक, गुरूनानक चौक, निवेदिता स्कूल, भारत माता कॉम्पलेक्स, बालाजी टॉवर, होटल शुभम, प्रभात टॉकिज के आस पास का क्षेत्र, देशबन्धु स्कूल, भाजपा कार्यालय रामसागर पारा, मांगड़ा पारा एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि। |
| | | | 33/11 के.व्ही. पुलिस लाईन सबस्टेशन | 11KV बुढ़ापारा फीडर | पुलिस आफिसर्स मेस की एक सप्लाई, पुलिस लाईन हेलीपेड, कालीबाडी चौक के आसपास का क्षेत्र, जिला चिकित्सालय, हनुमान नगर, दानीगर्ल्स स्कूल, डिग्री गर्ल्स कॉलेज, गुरूकुल काम्पलेक्स, बुढ़ापारा बिजली आफिस के आसपास का क्षेत्र एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि। |
| | | | 33/11 के.व्ही. नगर निगम सबस्टेशन | 11KV, कालीमाई फीडर | लक्ष्मी प्लाजा, गांधी मैदान, कांग्रेस कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, महिला थाना चौक, ओ.सी.एम. चौक, हिन्दु हाई स्कूल, काली माता मंदिर के आस-पास का क्षेत्र, गॉस मेमोरियल मैदान, एकता एनक्लेव के आस-पास का क्षेत्र एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि। |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइये।

उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र बुढ़ापारा 6269753678 गंज जोन 07712574797 केन्द्रीय कॉल सेन्टर -1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउन लोड कर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जनहित में विद्युत आपूर्ती हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन/रोड/तालाब का निर्माण करना अवैधानिक है। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करें।

(ए.के.निवडिंग)
Emp. No. 93516424
कार्यपालन यंत्री (न.सं. मध्य)
छ.ग. स्टेट. पावर डिस्ट्री. कं. लिमि. रायपुर

SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchan 2024 — TULIP

**कार्यालय नगर पंचायत भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)**
**स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0**

क्र./832 — दिनांक 27/07/2024

// आवश्यकता//

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बी.टेक. / बी.ई. स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05/08/2024 | 4500/- प्रतिभागी | 02 | 7974749205 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे। — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत भखारा

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड रायपुर**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN- U4018T2003SGC051822
कार्यालय - कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण) रायपुर
न्यु पुरैना बस्ती रोड, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुरैना के बाजु,
दूरभाष 0771-2574766 — Email-eecitysouth.raipur@cspc.co.in

क्रमांक / 051-56/ सामान्य / 2090 — रायपुर, दिनांक 26/07/24

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर संभाग (दक्षिण) छ.स्टे. पा. डि. कं.लिमि., रायपुर के अंतर्गत निम्नांकित 33/11 के. व्ही. लाईनों का संधारण / रखरखाव से संबंधित कार्य किया जाना है। जिसके कारण कुछ स्थानों पर विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। अतः दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 13:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसारसमय में वृद्धि की जा सकती है।

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 29.07.2024 दिन सोमवार | 11. के. व्ही. सोलस हाइट्स फीडर | सोलस हाइट्स, खुशी वाटिका, खुशी इन्केलेव, लाविस्टा, श्रवण जयंती चौक, मधुबन कॉलोनी के आसपास का क्षेत्र। |
| 2 | | 11 के.व्ही. लालबाग फीडर | मेट्रो हाइट्स, एयरटेल ऑफिस, हॉटल किंग वे, चंद्रा आइकॉन, संतोषी पारा पुरैना, पुरैना तालाब के आसपास का क्षेत्र। |
| 3 | 30.07.2024 दिन मंगलवार | 11 के. व्ही. आम्रपाली फीडर | आम्रपाली कॉलोनी; लालगंगा रिगालिया, शांति रेसीडेन्सी, जैन विहार, वी 3 केसकेट के आसपास का क्षेत्र। |
| 4 | | 11 के.व्ही. फुन्डहर फीडर | उच्चदाब उपभोक्ता अग्रसेन धाम, बालाजी मंदिर, चोकरधानी . एवं वी. डब्लू केन्यान होटल, लव - कुश वाटिका, गौरव गार्डन, साधना मंडप एवं वी.आई.पी. रोड का क्षेत्र |
| 5 | | 33 के.व्ही. इंडीयन ऑयल फीडर | उच्चदाब उपभोक्ता मे. अग्रसेन धाम, मे. अग्रवाल सभा सालासार बालाजी मंदिर, श्री जितेन्द्र मोहन सावलानी (चोकरधानी), आर. एम. व्ही. रिसोर्ट डी.डब्ल्यू केन्यॉन हॉटल |
| 6 | 31.07.2024 दिन बुधवार | 11 के. व्ही. सिमरन सिटी फीडर | सिमरन सिटी फेस-5, रावतपुरा फेस-2, बी.एस.यू. पी. पीली बिल्डिंग, अमन शांति विहार के आसपास क्षेत्र। |
| 7 | | 11 के.व्ही. एम. एम. फीडर | बाबा गेलाराम नगर, युनियन बैंक, प्रोगेसिव प्वाइंट, आहुजा आटा चक्की, महाराजा प्लाजा, कैपीटल प्लाजा, समता परिषद, ऋषभ रेसीडेन्सी, आदिनाथ, आलौकिक धाम के आसपास का क्षेत्र। |
| 8 | | 11 के.व्ही. बजाज फीडर | पुरैना चर्च, वालफोर्ट रिंग रोड़ - 1, बजाज कॉलोनी सेक्टर-1, बढ़ीया चाय के आसपास का क्षेत्र, कासा ड्रीम के आसपास का क्षेत्र। |
| 9 | | 11 के.व्ही. रूलर फीडर | लतामंगेशकर बाड़ी, टाटा बाड़ी, काठाडीह रोड़, सोनकर, फेब्रीकेशन, केसरी बगीचा रोड़ के आसपास का क्षेत्र। |
| 10 | 01.08.2024 दिन गुरूवार | 11 के.व्ही. जिवनानी फीडर | जीवनानी स्कूल, ड्रीम होमस गली नं. 10 से 14, पुष्पांजली कॉलोनी, प्रधानमंत्री आवास योजना के आसपास का क्षेत्र। |
| | | 11 के.व्ही. डुन्डा फीडर | पॉममीडोस, फलोरल सिटी, डूण्डा बस्ती, के.पी.एस. स्कूल, पुराना धमतरी रोड, शारदा ऑफसेट, दुर्गा विहार, अविवा ग्रीन सिटी एवं आस-पास का क्षेत्र |
| 11 | 02.08.2024 दिन शुक्रवार | 11 के.व्ही. ओम विहार फीडर | फुण्डहर पानी टंकी के पास, फुण्डहर बस्ती, फुण्डहर चौक, साहू होटल के पास, ओम विहार एवं वी.आई.पी. रोड का क्षेत्र |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा की बचत करें।

कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण)
छ.स्टे.पा. डिस्ट्री.कं.लिमि.रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

क्र. 09/न.पा.नि./जोन क्रमांक-7/लो.नि.वि./2024-25 — दिनांक 23/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 14.08.2024 को सायं 03:30 बजे तक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखों में) | निविदा प्रपत्र फार्म | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 47 पं. रामगोपाल तिवारी नगर में स्थित छठघाट में सीसी रोड निर्माण कार्य। | 07.00 | A | क्लास ''डी'' एवं उच्च |

नगर निगम के विभागीय वेब साईट www.bilaspurnagernigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-7,
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchan 2024 — TULIP

**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0**

क्र./369 — दिनांक 26/07/2024

// आवश्यकता//

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक / बीई स्नातक आवेदकों से स्वच्छ टुलिप कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| इंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम अवधि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 08 से 12 सप्ताह | 05/08/2024 | Rs. 4500.00 | 05 | 7000808421 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे। — आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर - 19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा - संशोधित) के तहत सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स सेन्ट्रल सीमेंट इण्डस्ट्रीज, ग्राम सरोरा, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा खसरा क्रमांक 807/4 एवं 811, कुल क्षेत्रफल 3.095 हेक्टेयर में क्षमता विस्तार के तहत स्टेड अलोन सीमेंट ग्राईंडिंग यूनिट क्षमता 150 टन प्रतिदिन (4,500 टन प्रतिमाह) से बढ़ाकर 1,000 टन प्रतिदिन ( 30,000 टन प्रतिमाह ) के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत लोक सुनवाई दिनांक 29/08/2024 को प्रातः 11:00 बजे से स्थल तिल्दा पीडब्ल्यूडी रोड, एनएच -रायपुर-बिलासपुर हाईवे की ओर, यूनिक ब्रिक्स एंड बिल्डिंग प्रोडक्ट्स के पास (अक्षांश, देशांतर - 21.562912, 81.741980) शासकीय रिक्त भूमि ग्राम - सरोरा, विकासखण्ड - तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.) में नियत की गई है, में नियत की गई है। यह भी सूचित हो कि :-

1. लोक सुनवाई के दौरान सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों को फिजिकल / सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।
2. लोक सुनवाई में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जावेगा तथा समय - समय पर सेनेटाईजर का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
3. लोक सुनवाई स्थल पर सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था कम से कम 02 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा।
4. कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशो का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर 2006 (यथा - संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन/पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.), कार्यालय कलेक्टर रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.). मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला रायपुर (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.), कार्यालय सरपंच / सचिव, ग्राम पंचायत सरोरा, तहसील तिल्दा, जिला - रायपुर, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड नं. - 2, टाटीबंध रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

S-40945/2

# ये हैं असली स्टार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

निर्देशक आदित्य धर ने 27 जुलाई को अपनी अगली फिल्म के लिए रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल के साथ अपने मेगा प्रोजेक्ट की घोषणा की है। आदित्य धर ने बतौर डेब्यू डायरेक्टर 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' फिल्म के साथ 350 करोड़ की कमाई कर इतिहास रच दिया था। अब आदित्य के इस मेगा प्रोजेक्ट की कंगना ने खुलकर तारीफ की है। घोषणा के तुरंत बाद, अभिनेत्री कंगना ने उनके पोस्ट को फिर से शेयर किया और इस सहयोग के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने अभिनेताओं के साथ फ्रेम में निर्देशक आदित्य को शामिल करने के लिए निर्माताओं की सराहना की। कंगना ने एक्स पर इस प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए लिखा, 'इस घोषणा के बारे में, जो सबसे सराहनीय है और जिसकी मैं तारीफ करती हूं वह यह है कि सितारों के बीच निर्देशक की तस्वीर भी है। फिल्म निर्माता सिनेमा के असली सितारे हैं, उनके साथ अलग तरह व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। पूरी टीम को बधाई।' इस फिल्म की शूटिंग अब आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है।



# तय समय पर रिलीज नहीं होगी यश की फिल्म 'टॉक्सिक'?

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को 10 अप्रैल 2025 को बड़े पैमाने पर रिलीज किया जाना है। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि इस फिल्म की रिलीज में देरी हो सकती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर चर्चा है कि यश की 'टॉक्सिक' अगले साल गर्मियों में रिलीज नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में देश भर के कई सितारे एक साथ काम कर रहे हैं और निर्माता इसे बड़े पैमाने पर बना रहे हैं। उनकी तारीखें मिलना एक बड़ी चुनौती है और इसलिए शेड्यूल उम्मीद से ज्यादा लंबा लग रहा है। इस वजह से टीम ने रिलीज की तारीख को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही यह भी बताया गया कि फिल्म में बहुत सारे विजुअल इफेक्ट्स होंगे। हालांकि, नई रिलीज डेट का कोई जिक्र नहीं है। दिसंबर 2023 में यश ने फिल्म का ऐलान एक प्रोमो साझा करके किया था। साथ ही उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा था, 'आप जो खोज रहे हैं, वह आपको खोज रहा है'- रूमी वयस्कों के लिए एक परी कथा।' फिल्म की शूटिंग साल के अंत एक जारी रहेगी।



# ब्रेकअप के बाद भी मलाइका की केयर करते दिखे अर्जुन

**मुंबई।** अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा कुछ समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। दोनों काफी समय से एक-दूसरे के साथ नजर आ रहे थे। हालांकि शुक्रवार को मलाइका और अर्जुन को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। एक वीडियो सामने आया है जहां दोनों रैम्प वॉक देख रहे थे। इस दौरान दोनों एक-दूसरे से दूर बैठे थे। दोनों के बीच काफी डिस्टेंस था। वहीं एक और क्लिप सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि मलाइका को भीड़ से बचाने के लिए अर्जुन पहले रास्ता बनाते हैं और फिर मलाइका वहां से चली जाती हैं। इसके बाद अर्जुन भी चले जाते हैं। इस वीडियो को देखकर अर्जुन की सभी तारीफ कर रहे हैं कि कैसे ब्रेकअप के बाद भी अर्जुन की मलाइका को लेकर केयर और रिस्पेक्ट बरकरार है।



## मुझे चीटर का टैग दिया गया : रणबीर



नई दिल्ली। रणबीर ने कहा, 'मैंने दो बहुत सफल अभिनेत्रियों को डेट किया और बस यही मेरी पहचान बन गई कि मैं एक प्लेबॉय हूं। मुझे अपने जीवन के एक बहुत बड़े हिस्से के लिए चीटर का टैग दे दिया गया था। मुझे इसकी परवाह नहीं है क्योंकि यह पूरी तरह सच नहीं है। लोग पूरी कहानी नहीं जानते हैं और मैं इस तरह के किसी व्यक्ति के बारे में कभी पब्लिकली बात नहीं करूंगा, क्योंकि यह बहुत निजी बात है। लेकिन, अगर इससे उस व्यक्ति को खुशी मिलती है तो मुझे उस इंसान से कोई भी दिक्कत नहीं है।' उन्हें इस चीज से तब परेशानी हुई, जब यह उनके माता-पिता के पास पहुंची और इससे उन्हें प्रॉब्लम होने लगी।



# ठिठुरती सर्दी में शूट की थी 'आज की रात'...

**नई दिल्ली।** श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर चर्चा में हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद कुछ दिन बाद इस फिल्म का आइटम सॉन्ग 'आज की रात' आउट हुआ था, जिसमें तमन्ना भाटिया ने अपने लटके-झटकों से आग लगा दी थी। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टा पर 'आज की रात' गाने का बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इसमें एक्ट्रेस ठिठुरती सर्दी में इस गीने की शूटिंग करती हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने मजे लेते हुए कहा कि इस स्त्री को आइसक्रीम खाना पसंद है, आइसक्रीम बनना नहीं। जैसे ही शॉट कट हुआ, एक्ट्रेस ने ठंड से बचने के लिए शॉल लपेट लिया। जिस समय 'आज की रात' की शूटिंग हो रही थी, उसी दौरान तमन्ना भाटिया का जन्मदिन भी था। हालांकि गाने की शूटिंग के चक्कर में एक्ट्रेस को अपना बर्थडे तक याद नहीं था। उन्होंने बताया कि डांस करने के चक्कर में वह अपना बर्थडे तक भी भूल गई थीं।



# महाराज के सक्सेस से फूले नहीं समा रहे

**नई दिल्ली।** जुनैद खान ने फिल्म महाराज से बॉलीवुड में दमदार शुरुआत की है। एक्टर को उनकी इंप्रेस करने वाली परफॉर्मेंस के लिए काफी तारीफें मिल रही हैं। फिल्म की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुनैद खान के माता-पिता, आमिर खान और रीना दत्ता ने आमिर खान प्रोडक्शंस के बांद्रा ऑफिस में एक छोटी सी सक्सेस पार्टी आयोजित करने का फैसला किया है। इसमें करीबी फैमिली फ्रेंड्स शामिल होंगे। एक इन्वाइट किए गए गेस्ट ने शेयर करते हुए कहा है, 'जुनैद ने अपनी प्रतिभा के दम पर डेब्यू करने का फैसला किया था। रीना और आमिर ने उनके अपने तरीके से काम करने के फैसले का समर्थन किया। अब वे अपनी खुशी अपने करीबी दोस्तों और परिवार के साथ साझा करना चाहते हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स के बैनर तले सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा द्वारा निर्देशित महाराज नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड कर रही है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता


Vandana Global
Leading the New
An Integrated Steel Plant Since 1996

हमारे संस्थान में निम्नलिखित पदों पर उपयुक्त उम्मीदवारों की आवश्यकता है:

**स्पंज आयरन यूनिट**
वरिष्ठ प्रबंधक / प्रबंधक - DRI -1
प्रबंधक - शिफ्ट प्रक्रिया -1
शिफ्ट इंचार्ज प्रोसेस -1
केमिस्ट -3
वरिष्ठ फिटर/ फिटर- मैकेनिकल -5
रिगर -4

**रोलिंग मिल**
मुख्य पुल्पिट ऑपरेटर (ऑपरेशंस) -2
फर्नेस इंचार्ज आरएचएफ (ऑपरेशंस) -1
शिफ्ट इंचार्ज ऑपरेशंस -1
इंजीनियर हाइड्रोलिक मैकेनिकल -2
फिटर- मैकेनिकल -7
टेक्नीशियंस - मैकेनिकल -4
शिफ्ट इंजीनियर इलेक्ट्रिकल -1
वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन / इलेक्ट्रीशियन -8
शिफ्ट इंचार्ज क्वालिटी -1
ऑनलाइन कंट्रोल सुपरवाइजर -3
यूटीएम शॉप फ्लोर ऑपरेटर -2

**स्टील मेल्टिंग शॉप**
सामान्य मेंटेनेंस इंजीनियर - मैकेनिकल -2
फोरमैन -1
वरिष्ठ फिटर/ फिटर -5
वरिष्ठ प्रबंधक / प्रबंधक इलेक्ट्रिकल -1
वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन / इलेक्ट्रीशियन -8
क्वालिटी इंजीनियर -2
शिफ्ट केमिस्ट -2
स्पेक्ट्रो इंचार्ज -2

**कैप्टिव पावर प्लांट यूनिट**
इंस्ट्रूमेंट इंजीनियर - E&I -3
वरिष्ठ इंजीनियर / जूनियर इंजीनियर E&I -5
शिफ्ट इंचार्ज - O&M -2
वरिष्ठ इंजीनियर / इंजीनियर] - सोलर मेंटेनेंस -2
इंस्ट्रूमेंट टेक्नीशियन E&I -3
बॉयलर अटेंडेंट ग्रेड 1 / 2-O&M -4
फिटर बॉयलर / CHP- O&M -5
फ़ेब्रिकेटर फिटर - O&M -5

**फेरो अलॉय यूनिट**
वरिष्ठ प्रबंधक / प्रबंधक / उप प्रबंधक (RMHS) -1
टैपर फोरमैन -2
फिटर सह वेल्डर -5

**ऑटोमोबाइल**
शिफ्ट इंचार्ज ऑटोमोबाइल -3
मैकेनिक ऑटोमोबाइल -5

**प्रशासनिक- सुरक्षा गार्ड** - 20
(ट्रांसजेंडर को भी प्राथमिकता)

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने रिज्यूमे, शैक्षणिकप्रमाणपत्रों, नवीनतम वेतन विवरण और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ्स के साथ 29 और 30 जुलाई 2024 को सुबह 9.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक नीचे दिए गए पते पर वॉक-इन इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाता है।

वंदना ग्लोबल लिमिटेड
सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र फेस -II, रायपुर
कॉल और व्हाट्सएप नंबर:
9109155465, 6232103400
Khanna Advt.


### टीचर

**आवश्यकता है-** कक्षा नर्सरी से 8वीं तक सभी विषय पढ़ाने के लिए केवल शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। संपर्क:- *देव्यानी पब्लिक स्कूल, पुराना धमतरी रोड डूंडा*। मो. 9 3 0 3 0 1 3 5 8 4, 8959313304.(RO-6044)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** सहायक शिक्षक ,शिक्षक भौतिक,गणित विज्ञान कामर्स **सम्पर्क-राष्ट्रीय विद्यालय बैकुण्ठ धाम ,शारदा पारा कैम्प 2 भिलाई** (आरो नं -548)

**आवश्यकता है-** गुरू राम दास स्कूल तुलसी बाराडेरा रायपुर में शिक्षिका-4 पद, कम्प्युटर कर्मी-2 पद, एंव आयाबाई (रहने की सुविधा) की आवश्यकता है **संपर्क** - 6263349364.(RO-6043)

### बेकरी शॉप

**आवश्यकता है-** बेकरी शॉप में कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क करें: न्यू हीरा बेकरी, टिकरापारा, रायपुर। मोबाईल** 9754178006. (RO-296)

### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समेन व साड़ियो का अनुभवी सेल्समेन एंव हेल्पर की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर** 9 4 2 5 5 0 6 6 5 8, 9424200658. (RO-1643)

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु 12वीं पास टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, ऑफिसबॉय 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क:- दीपिका सर्विसेज, कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर, रायपुर** 9826652461. (RO-2899)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** मारुति अर्टिगा कार चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव, 12 वी पास,उम्र 25 से 35 वर्ष,वेतन योग्यता अनुसार। ओरिजनल ड्राइविंग लाइसेंस के साथ **संपर्क करे :- जन शिक्षण संस्थान, रायपुर मो.** 9993006776. (RO-126)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V- 30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित **संपर्क करें**- 8 2 2 5 0 2 2 8 8 9, 9827806026.(आरो नं -547)

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है, जिनको संपूर्ण छत्तीसगढ़ की जानकारी हो, वैध लाइसेंस के साथ **संपर्क करें- देव ट्रेवल्स कार रेंटल सर्विस, मोतीबाग, रायपुर मोबाइल:- 895 9910211.**(RO-1619)

### ऑफिस/टेलीकॉलर वर्क

**आवश्यकता है-** ऑफिस में टेलीकॉलर एवं बैक ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है जिसे कंप्यूटर के संपूर्ण ज्ञान हो इंटरव्यू रविवार सुबह 8:00 से शाम 4 बजे **संपर्क करें:- आदित्य इंटरप्राइजेस मोनिका बिल्डकॉन बिल्डिंग** D-432, 3rd **फ्लोर नियर** MLA रेस्ट हाउस टैगोरनगर रायपुर 8305308100.(RO-2896)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडिमेट कपड़े के दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है, बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें - प्रिया गारमेंट, जवाहर बाजार, शॉप नम्बर 24 मोबाइल नंबर** 9584071000, 9584000007.(RO-4412)

### सेल्सकर्मी

**आवश्यकता है-** रायपुर भनपुरी स्थित सी. एंड एफ. ऑफिस/ गोडाऊन हेतु SAP कंप्यूटर ऑपरेटर की। सी. एंड एफ. अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क- 9229287930 (समय- 10 से 6)**(RO-106)

### देखरेख

**आवश्यकता है-** नगपुरा के पास स्थित भालूकोन्हा बाड़ी में देखरेख हेतु परिवार की आवश्यकता तथा फैमिली वाला दुर्ग में ड्राइवर चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है **सम्पर्क:- 94255-14500, 9754-144001.**(आरो नं - 254)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** VPS किराना सुपर बाजार में काम करने हेतु दस युवक युवती कर्मचारी चाहिये, सुबह 11 से 6 बजे शाम तक, अपने आधार कार्ड के साथ आकर मिले, पता, कबीर जिम और पूजा ज्वैलर्स के पहले, VPS SUPER BAZAR, **भाटागांव रायपुर छत्तीसगढ़** VPS **सेठ नंबर** 8109 199 199.(RO-4441)

**आवश्यकता है-** लक्ष्मी मेडिकल हॉल रिसाली चरोदा सुपेला राजनंदगांव ब्रांच अनुभाविक युवक की आवश्यकता है संपर्क 9542174220 रिज्यूम व्हाट्सएप करे इंटरव्यूव सोमवार **दिनांक 29/07/24 को 12 बजे घड़ी चौक सुपेला ब्रांच** (आरो नं -546)

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर** : 7772011223. (RO-3919)

### टैलीकॉलिंग/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता, योग्यता 10वी - 12वी फिक्स सैलरी 4500 + कमिशन, **अनुभवी को वरियता,पता - ( छ.ग ) संपर्क करें** - 9 0 3 9 9 1 6 0 7 6.(RO-1330)

**आवश्यकता है-** देवास में रहकर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक वेतन 10000 +कमीशन 15000 से 20000+ बोनस+ रहना फ्री। कोई शुल्क नहीं लगेगा **सम्पर्क करे** 7 8 8 0 1 0 7 5 7 9, 7 4 1 5 9 5 2 8 1 5.(RO-1416)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लडको की आवश्यकता, योग्यता 10वी - 12वी फिक्स सैलरी + कमिशन, **अनुभवी को वर्रियता, पता - (छ.ग ) संपर्क करें** - 9 3 0 5 5 7 6 0 8 1 6261240639.(RO-1329)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर ऑफिस व कुम्हारी प्रेस के लिए सिक्यूरीटी गार्ड की। अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करें: 11.00 से 1.00 बजे। **संपर्क:- निखिल एग्रो प्रोडक्ट्स, 7, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.) सम्पर्क:- 0771-4200932.** (RO-124)

**आवश्यकता है-** परमानेंट नौकरी आरंग टोल प्लाजा में ,40-मजदूर, 20-सुरक्षागार्ड, 20-पुरुष, वेतन 10000/-, PF, ESI अर्जेंट,भिलाई में कंप्यूटर ऑपरेटर वेतन 15000 **संपर्क-7898003111, 9 3 2 9 2 8 0 8 6 3, 07883556724.** (आरो नं - 6358)

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर, गनमैन, बैकिंग स्टाफ सुपरवाईजर ड्राईवर (ऑटो+ बाईक) योग्यता 10वीं से पोस्ट ग्रेजुएट वेतन 10000-20000 बिलासपुर, बालोद, राजनांदगांव, हैदराबाद, बंगलौर चेन्नई हेतु **पता- शंकर नगर बिलासपुर 8461881111 8 2 9 9 1 4 4 8 2 4, 9303280228.** (RO-240)

### कृषि कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर रोड, भोजपुरी टोल नाका के पास ग्राम मोहदा मोड़ (बिलासपुर) में स्थित 2 एकड़ के फार्म हाउस में कार्य करने के लिए किसान परिवार की आवश्यकता है जो खेती एवं सब्जी उगाने के कार्य के अच्छे जानकार हो। रहने हेतु घर बिजली पानी की सुविधा **सम्पर्क करें**- 8 3 0 5 2 3 1 9 2 3, 6232059911.(RO-34948)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7 4 7 7 2 2 1 3 4 5, 9 9 7 7 6 7 6 4 4 7, बिलासपुर - 8 3 5 9 9 1 3 9 9 9, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (RO-2894)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai* Mo.- 9 8 2 6 1 9 6 5 1 5, 9826896515.(आरो -6357)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** लक्ष्मीनगर (संतोषी नगर क्षेत्र) रायपुर स्थित, 2044 स्क्वायर फीट डायवर्टेड प्लाट बेचना है, मकान, छोटे ग्रह उद्योग, गोडाऊन हेतु उपयुक्त, शीघ्र **संपर्क करें:- मोबाइल** 8 1 2 0 8 4 0 5 5 0, 9425843118.(RO-6038)

**प्लॉट उपलब्ध है-** दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क** - 7 2 4 7 0 - 0 6 6 1 0, 72470-06609.(आरो-6352)

**प्लॉट बेचना है -** कुरूद भिलाई में हाउसिंग बोर्ड ढांचा भवन EWS- 593 आकर्षक लोकेशन में 387.35sf प्लाट बेचना है **संपर्क करें** - 9 7 5 2 4 - 5 8 9 8 2, 79746-16112.(आरो नं - 255)

### जमीन

**जमीन बेचना है-** धनोरा रिसाली प्रियंका नगर में डायवर्टेड-1938 (40×48) वर्गफीट, पूर्व दिशा, लैंडमार्क सनराइज टावर,1300 रुपए प्रति वर्गफीट में बेचना है। Mo.- 91111-33315.(आरो नं .543)

**प्लॉट/ जमीन बेचना है-** प्रगति नगर रिसाली में राजू सैलून के सामने, दुकान के लिए कॉमर्शियल प्लाट 25x15=387 वर्गफीट बेचना है। **संपर्क:-** 94241-20426.(आरो न.- 549)

## For Rent किराया

**मकान किराये पर चाहिये-** रेल्वे स्टेशन के आसपास कोटा, गुढ़यारी, रामनगर, रामसागर पारा, फाफाडीह, समता, चौबे कॉलोनी, 1 बीएचके ऑफिस हेतु मकान किराये पर चाहिए 4000/- से 6000/- तक संपर्क:- 90393-21951. (RO-2898)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152





Healthcare

**चमड़ी रोग**

क्या आप कोई गंभीर चमड़ी रोगो से परेशान है जिसका उपाय नहीं मिल रहा हो, इसमे सोरियासिस एक जटिल लाईलाज रोग हैं। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
निशांत अग्रवाल(फार्मासाईटिस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़)समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)





## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**

उम्र 55 वर्ष बिलासपुर निवासी सुरक्षा गार्ड कार्यरत आय 10000 से 15000 प्रतिमाह हेतु चाहिए तलाकशुदा, विधवा मान्य, जाति बंधन नहीं।

सम्पर्क करें 9755088312

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**

बंगाली, नमोंशुध्द height 5'-8" Msc, B.ed (math) teacher Graduation गृह कार्य दक्ष कन्या चाहिए।

सम्पर्क करें 9926860370 6232801159



धरती पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों के बिना हम अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। बावजूद इसके विकास, सुविधा और हमारी लापरवाही के चलते प्राकृतिक संसाधनों पर संकट गहराता जा रहा है। धरती, इसके प्राकृतिक संसाधन और अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए प्रकृति का संरक्षण आवश्यक है। इसके लिए हम सभी अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर सकते हैं।



**विशेष: विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस**

## प्राकृतिक संसाधन बचाने की मुहिम

# हम सभी निभाएं अपनी भूमिका

कवर स्टोरी / रजनी अरोड़ा

हमारी धरती विविधताओं से भरी है। प्रकृति में मैदान-जंगल, खेत-खलिहान, पठार-पहाड़, नदियां, झीलें, सागर-महासागर, बर्फ से घिरा अंटार्कटिका-तपते रेगिस्तान जैसी विविधताएं मिलती हैं। ये एक-दूसरे पर निर्भर हैं, जाने-अनजाने आपस में जुड़े हुए हैं और धरती के ईको सिस्टम यानी पर्यावरण संतुलन को बनाए हुए हैं। लेकिन आज इस जैव विविधता का अस्तित्व खतरे में है। इसका बड़ा कारण है, विकास के नाम पर हम इंसानों द्वारा किया जाने वाला प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग। इसकी वजह से जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं आए दिन देखने को मिल रही हैं। जिसका असर हमारी धरती पर ही नहीं, जीव-जगत पर भी पड़ रहा है। दुनिया भर के वैज्ञानिक इसकी मूल वजह धरती पर बढ़ते मानव अतिक्रमण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और वातावरण में फैल रहे प्रदूषण को मानते हैं। इसे रोकने के लिए हम सभी को प्रभावी कदम उठाने होंगे। धरती के प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए हम अपने स्तर पर कई प्रयास कर सकते हैं।

### धरती को बनाएं हरा-भरा

जहां तक हो सके घर और आस-पास पेड़-पौधे लगाएं। ये धरती को खूबसूरत हरा-भरा ही नहीं बनाते, भूमि में कटाव कम कर मजबूती लाने, भूमि की उर्वरता बढ़ाने, पर्यावरण को प्रदूषण रहित रखने में भी मदद करते हैं। घर में तुलसी, मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, एलोवेरा, अरिका पाम, पाइन प्लांट, पीस लिली जैसे एयर प्योरीफाई करने वाले पौधे लगा सकते हैं। ये पौधे हवा को फिल्टर कर साफ बनाने में मदद करते हैं और घर में शुद्ध हवा का अनुपात बढ़ाते हैं।

### री-साइकलिंग पर दें ध्यान

सालों-साल खत्म ना होने वाली प्लास्टिक की चीजें भूमि, जल और वायु प्रदूषण का कारण तो है ही। साथ ही यह हमारे आस-पास पाए जाने वाले जानवरों और समुद्री जीवों द्वारा खाए जाने पर उनके मौत का कारण भी बनती हैं। प्लास्टिक से बनी चीजें कम से कम इस्तेमाल कर, प्रकृति संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। इसके साथ ही इस्तेमाल की हुई चीजों को अपनी कलात्मकता का जामा पहनाकर री-यूज करना बेहतर है। मसलन, प्लास्टिक बैग या बोतलों को एक बार इस्तेमाल करने के बजाय धोकर दोबारा इस्तेमाल करें। आप चाहें तो इन्हें दूसरी चीजें भी बना सकते हैं। जैसे प्लास्टिक बोतलों को गमले का रूप देकर उनमें पौधे लगा सकते हैं। पुराने टूथब्रश को घर में सफाई के काम में ला सकते हैं। पौधों में पानी पाइप से ना देकर बाल्टी, मग्गे या स्प्रिंकलर से दें। रसोई में दाल-सब्जियां किसी पतीले में धोएं। बचे पानी को पौधों में डालने से उन्हें पोषण भी मिलेगा। पुराने कपड़े, फर्नीचर, बर्तन जैसी चीजों को कूड़े में फेंकने के बजाय किसी थ्रिफ्ट स्टोर, चैरिटी संस्था या जरूरतमंद को देना बेहतर है। इससे लैंडफिल एरिया में वेस्ट का जमावड़ा भी कम होगा।







### रोकें पानी की बर्बादी

ब्रश करते या हाथ धोते समय पानी धीरे चलाएं। कई बार अनजाने में नल बंद करना लोग भूल जाते हैं। लेकिन क्या आपको मालूम है कि नॉर्मल स्पीड से चलने वाले नल में प्रति मिनट 2 गैलन पानी आता है। अगर आप ब्रश करते हुए या हाथ धोते हुए बेवजह नल नहीं चलाएंगे या बहुत धीरे चलाएंगे, तो रोजाना तकरीबन 7 गैलन पानी तो बचा ही सकते हैं। इसी तरह कई लोग शॉवर में नहाना पसंद करते हैं। क्या आपको मालूम है कि शॉवर से एक मिनट में तकरीबन 2 गैलन (7 लीटर) पानी निकलता है और आप करीब 20 गैलन पानी खर्च कर देते हैं। जबकि आप 10 लीटर की बाल्टी में पानी भर कर आसानी से 5 मिनट में नहा सकते हैं और पानी बचा सकते हैं।

पानी की बर्बादी का एक बड़ा कारण टपकते नल होते हैं। इसके अलावा घरों में फ्लश की वजह से एक दिन में तकरीबन 220 गैलेन पानी वेस्ट होता है। कोशिश करें कि टॉयलेट में फ्लशिंग टैंक लो हाइट का बनवाएं, जिससे अपेक्षाकृत पानी कम वेस्ट होता है। नल में लीकेज की वजह से हर साल 3,000 गैलेन पानी यूं ही बह जाता है। आप अपने घर में इन बातों का ध्यान रखकर पानी का वेस्टेज बचा सकते हैं।

### खाना ना हो बर्बाद

जीरो वेस्ट फूड की नीति अपनाएं। प्राकृतिक संसाधनों की कमी को देखते हुए सभी की कोशिश होनी चाहिए कि खाने को वेस्ट ना करें। भूख के हिसाब से अपनी प्लेट में उतना ही खाना लें, जितना आप खा सकें। यथासंभव गिलास में पानी भी अपनी आवश्यकतानुसार ही लें। अगर खाना बचता भी है, तो उसे फेंकने के बजाय अगले मील में खा लें या किसी भूखे को खिला दें। खाना बनाते वक्त फल, सब्जियों के छिलकों और वेस्ट हिस्से को भी ना फेंकें। कंपोस्ट बिन में डालकर अपने पौधों के लिए ऑर्गेनिक खाद बना सकते हैं।

### जीरो-पेपर पॉलिसी अपनाएं

वर्तमान डिजिटलाइजेशन के युग में सिर्फ ऑफिस ही नहीं, स्कूल-कॉलेजों में भी जीरो-पेपर पॉलिसी होनी चाहिए। ध्यान रहे कागज, पेड़ों को काटकर बनाए जाते हैं। अगर यूं ही पेपर की खपत ज्यादा हो तो इस प्राकृतिक संपदा का दोहन करना ही होगा। संभव हो तो रिसाइकिल पेपर का प्रयोग करें क्योंकि पेपर इस्तेमाल करने में कंजूसी पेड़ों को कटने से बचाएगी और वायु प्रदूषण कम होगा। पेपर नेपकिन या वाइप्स की जगह रूमाल या तौलिए का इस्तेमाल करें। सॉफ्ट कपड़े से बने रूमाल या तौलिए आप आसानी से धोकर री-यूज भी कर सकते हैं।

### एनर्जी को बचाएं

जब जरूरत ना हो तो लाइटें बंद कर दें। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब चलने बंद हो जाएं या इस्तेमाल ना कर रहे हों, तो उनकी स्टैंड-बाई लाइट्स भी बंद कर देनी चाहिए। क्योंकि इस स्थिति में लाइट की सप्लाई तो होती ही है। जहां तक हो सके कमरे में कम वोल्टेज में ज्यादा लाइट देने में सक्षम एलईडी लाइट्स लगाएं।

### निजी वाहन का यूज कम करें

यथासंभव निजी वाहन का कम से कम इस्तेमाल करें। स्कूल, ऑफिस या घूमने जाना हो तो अपनी कार के बजाय कार-पूलिंग, वैन-पूलिंग, गाड़ियों, बस, मेट्रो या ट्रेन जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करें। पेट्रोल के बजाय सीएनजी, इलेक्ट्रिक या सोलर वाहन को प्रेफ्रेंस दें। इससे एक तो पेट्रोल की बचत होगी, दूसरे इनके धुएं या गैस से वातारण दूषित नहीं होगा। कम दूरी के लिए साइकिल चलाना या पैदल जाना पर्यावरण और सेहत के लिहाज से बेहतर ऑप्शन है।

ऐसे छोटे-छोटे प्रयासों से हम सब प्रकृति के संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। *



### बनें जानवरों के संरक्षक

**वन्य जीवों** का ना सही आप पालतू या घर के आस-पास रहने वाले जानवरों के संरक्षक तो बन ही सकते हैं। घर के बाहर उनके लिए पानी और खाना रख सकते हैं। अपनी गैराज या बेसमेंट में उनके रहने का इंतजाम कर सकते हैं। फूलों वाले पौधे लगाने पर घर में तरह-तरह की तितलियां, मधुमक्खियां तो आएंगी ही, छोटी चिड़ियां भी आएंगी। आस-पास के दूसरे पक्षियों के लिए भी अपने घर में बर्ड फीडर बनाएं, जिसमें बाजरा, चावल जैसे अनाज और पानी रखें।

अवेयरनेस / लोकमित्र गौतम



हम सभी का जीवन पूरी तरह प्रकृति पर ही निर्भर है। यह जानकर भी हम प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर गंभीर नहीं रहते हैं। प्रकृति संरक्षण की महत्ता को समझने और इसको बचाने के लिए हम सभी का जागरूक होना जरूरी है।

## जब प्रकृति रहेगी संरक्षित तब हम भी रहेंगे सुरक्षित

इक्कीसवीं शताब्दी को ज्ञान की सदी कहा जाता है। माना जाता है कि इंसान ने मानव इतिहास की शुरुआत से लेकर बीसवीं सदी तक जितना ज्ञान अर्जित किया था, उससे कहीं ज्यादा 21वीं सदी के पहले दो दशकों में ही हासिल कर लिया है। लेकिन इतने ज्ञान और इतनी समझ के बावजूद इस दौर में धरती का निरंतर क्षरण, कुदरत का लगातार ध्वस्त होते जाना हैरान करने वाला है। हम अपने ज्ञान और मेधा की किसी भी ताकत से धरती में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को रोक नहीं पा रहे हैं। यह हम सभी के लिए चिंता से ज्यादा शर्म का विषय है, क्योंकि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए हर स्तर पर छोटे ही सही लेकिन सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

**चिंतित हैं दुनिया भर के वैज्ञानिक:** पिछले 30 सालों से दुनिया भर के जलवायु वैज्ञानिक धरती के लगातार प्रलय की तरफ बढ़ते कदमों का हवाला दे रहे हैं और दुनिया भर की सरकारों से उम्मीदें कर रहे हैं कि वे इसे रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करेंगी। लेकिन हर कोई किसी दूसरे से धरती के लगातार खतरे में घिरने की बात कह रहा है। कोई यह नहीं कह रहा या कर रहा कि हम ये करें, जिससे यह खतरा कम हो। खतरे की चिंता की बातें तो बहुत हो गईं, अब वक्त आ गया है कि धरती को खतरे से बचाने के लिए कुछ व्यावहारिक उपाय अपनाए जाएं।



**प्रकृति संरक्षण दिवस मनाने की महत्ता:** हर साल 28 जुलाई को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरी दुनिया में नेचर कंजर्वेशन डे या प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इस दिन का मकसद एक-दूसरे को धरती के संकट के बारे में बताना और इस संकट से निकलने के लिए साझे प्रयासों की तैयारी करना है। प्रकृति संरक्षण दिवस मनाने के पीछे मकसद यही है कि हम जानें कि हमारी गतिविधियों से धरती किस कदर संकट में घिर गई है और यह भी कि आने वाली पीढ़ियों को हम जो धरती सौंपें वह कम से कम जीने लायक तो हो। एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव रखता है और धरती का पर्यावरण तभी स्वस्थ रहेगा, जब पृथ्वी में प्राकृतिक संसाधनों मसलन- हवा, पानी, खनिज, पेड़-पौधों, मिट्टी और वन्यजीवों के बीच एक संतुलनकारी सामंजस्य रहे। प्रकृति संरक्षण दिवस को मनाने का मकसद प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने की समझ को बढ़ाना और इसे सबके लिए स्वीकार्य बनाना है।

**इस साल की थीम है इंपॉर्टेंट:** हर साल कुदरत को बचाने के किसी विशेष थीम को माध्यम बनाकर विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इस साल की थीम है- लोगों और पौधों को जोड़ना और वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज करना। यह आंखें खोलने वाला विषय है कि हमने करीब-करीब दुनिया की हर जानकारी को, हर बात को और विषय को डिजिटल नॉलेज में तब्दील कर लिया है, लेकिन क्या धरती को बचाने की कोशिशों में भी इस डिजिटल क्रांति का कोई फायदा मिल रहा है? इस साल की थीम यही है कि हम इस क्रांतिकारी खोज को धरती को सुरक्षित रखने और बनाने में इस्तेमाल करें।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** यह दिन हमें अपनी भविष्य की पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी का एहसास दिलाता है। हमने जिस तरह से प्रकृति का विनाश किया है, वह भविष्य की पीढ़ियों के विरुद्ध घोर अन्याय है। जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में लगातार हो रही हानि, वनों की अंधाधुंध कटाई, जैसी हरकतों से धरती में लगातार बढ़ता तापमान, प्रदूषण और गहराती पर्यावरणीय चुनौतियां, ये वो संकट हैं, जिनके लिए हम अब भी अगर संवेदनशील नहीं हुए तो हमारे करने के लिए कुछ भी नहीं बचेगा। ये मुद्दे सिर्फ प्रकृति के लिए नहीं है बल्कि मौजूदा मानव समाज के स्वास्थ्य, उसकी अर्थव्यवस्था और जीवन जीने की समग्र गुणवत्ता का भी इससे सीधा रिश्ता है। प्रकृति के संरक्षण का मकसद है, उपभोग के साथ एक जिम्मेदारी हो। विकास की एक निरंतरता हो, जो हमारी जैव विविधता को संरक्षण देता हो। हम प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा करके ही भविष्य के प्रति सुरक्षित रहने की कल्पना कर सकते हैं। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति बेहद संवेदनशील और अनुशासित रवैय्या अपनाना होगा। इतना कुछ जान और समझकर भी अगर अब भी हमने धरती को बचाने की जिम्मेदारी नहीं ली, तो धरती के विनाश को कोई भी नहीं रोक सकता। *

कविता / अवतार सिंह

## नियति



गलती शेर की नहीं है
शेर होना..नियति है, विकल्प नहीं
भूख का अभिशाप
विवशता का सच है।
गलती हिरण की है
कि वो क्यों हिरण है?
उसकी कोमलता
मृत्यु का आमंत्रण है,
उसकी निरीहता
क्रूरता की प्रेरणा है।
जंगल ने हिरण को
पेट में जाने के लिए नहीं चुना,
हिरण की दुर्बलताओं ने
उसे उपहार में संकट दिए हैं
जीवन भर के लिए-
प्राण बचाकर भागते रहने वाला जीवन।
जंगल हो या दुनिया
जिनके मुंह में नुकीले दांत नहीं होते
उनकी गर्दन पर गढ़े हुए दांत होते हैं।



कहानी / डॉ. मंजरी शुक्ला

## साइकिल

समझ ना पाने की स्थिति में हम ऐसी गलती कर जाते हैं, जो किसी के दिल को दुखा सकती है, जबकि उस व्यक्ति के दिल में हमारी छवि एक 'अच्छे इंसान' की होती है। मानवीय स्वभाव को उकेरती एक मार्मिक कहानी।



मिश्रा जी को सुबह-सवेरे सिरदर्द की गोली खाते देखकर पत्नी मालती ने पूछा, 'अब आज मॉर्निंग वॉक पर जाकर किसका सिरदर्द ले आए?'

'मुझसे पूछो मत वरना मेरे अंदर का ज्वालामुखी फट जाएगा।' मिश्रा जी ने चिढ़चिढ़ाते हुए जवाब दिया।

'अरे, नहीं पूछूंगी तो दिन भर ऑफिस ना जाकर घर भर में भुनभुनाते हुए टहलते रहोगे, इसलिए पूरी नहीं तो आधी बात ही बता दो।' मालती ने माहौल को हल्का करने के इरादे से कहा।

'यह जो माली है ना, सामने वाला, इसको देखकर मेरा खून जल रहा है।' मिश्रा जी ने खिड़की की ओर कंधे उचकाते हुए कहा।

'अरे, तो उसे उचक-उचक कर देख ही क्यों रहे हो?' मालती ने सवाल किया।

'क्योंकि वह एहसान फरामोश इंसान है।' मिश्रा जी गुस्से से बोले।

'ये निशा भाभी का माली गोकुल है ना, जिसकी तुम बात कर रहे हो।' मालती ने पूछा। 'हां, वही। जरा एक कप चाय तो बना लाना अदरक और तुलसी वाली।' कहते हुए मिश्रा जी सोफे पर जाकर बैठ गए। मालती ने भरपूर नजरों से मिश्रा जी की तरफ देखा, पास रखी कुर्सी पर बैठते हुए बोली, 'पहले मुझे गोकुल के बारे में जानना है कि उसने आखिर किया क्या है?'

उसने अपनी साइकिल हमारे गेट के बाहर लगी क्यारी में खड़ी कर दी है, जिसके कारण जो छोटा वाला केले का पेड़ था, वो टेढ़ा हो गया है।' मिश्रा जी झुंझला कर बोले। मालती चुपचाप बैठी मिश्रा जी की बातें सुन रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि जरा-जरा सी बात पर दूसरों के साथ मिलकर रोने वाले इंसान को सिर्फ इसी बात पर गुस्सा नहीं आया होगा। मिश्रा जी आगे बोले, 'जब मैं सैर करके लौटा तो मैंने उससे कहा कि तुम्हारे कारण ये पेड़ टेढ़ा हो गया है, इसे सीधा कर दो तो वह तुरंत बोला- ये पेड़ तो पहले से ही ऐसा था।'

मालती थोड़ा गुस्से से बोली, 'यह तो गलत बात है। पहली बात तो यह कि वह जिनके घर काम करता है, उनके घर में साइकिल क्यों नहीं खड़ी करता और दूसरी बात यह कि जब पेड़ उसने टेढ़ा कर दिया है तो उसे अपनी गलती माननी चाहिए थी।'

यह बात सुनते ही मिश्रा जी बोले, 'पर अब मैं क्या करूं? तुम तो जानती हो मैं किसी से कुछ कह भी नहीं पाता कि कहीं कोई बुरा ना मान जाए।'

मालती मुस्कुराते हुए बोली, 'आप उसकी चिंता मत कीजिए, मैं कह दूंगी।'

अगले ही दिन मिश्रा जी ने देखा कि साइकिल क्यारी में, केले के पेड़ से कुछ ही दूरी पर खड़ी थी, लेकिन पेड़ अभी भी टेढ़ा था। मिश्रा जी का खून फिर खौल गया। वह कुछ कहते, इससे पहले ही गोकुल ने उन्हें दूर से ही आवाज लगाई, 'साहब, नमस्ते।' मिश्रा जी ने गुस्से से उसकी तरफ देखा और बिना कुछ कहे घर के अंदर चले गए। गोकुल के कुछ समझ में नहीं आया कि हमेशा मुस्कुराते रहने वाले मिश्रा जी को अचानक क्या हो गया?

अब तो मिश्रा जी का रोज का काम हो गया, सुबह सैर पर जाना और लौटते में गोकुल की साइकिल को अपनी क्यारियों के बीच खड़ा देखना और दिन भर सिर्फ उसी के बारे में सोचना। एक दिन मालती बोली, 'आप दिन-रात गोकुल की साइकिल के बारे में सोचा करते हैं, क्या उसे मना कर दूं कि वह हमारी क्यारी में साइकिल नहीं खड़ी करे?'

'हां, मना कर दो। मेरा दिमाग खराब हो गया है उस टूटी-फूटी कबाड़ साइकिल को रोज सुबह देख-देखकर।' कहते हुए मिश्रा जी ने बुरा-सा मुंह बनाया।

'ठीक है, आज ही कह देती हूं।' मालती ने कहा और खाना बनाने के लिए चली गई। पत्नी के यह कहते ही मिश्रा जी ने चैन की सांस ली और कई दिनों बाद अपना मनपसंद गाना गुन-गुनाने लगे। दिन भर ऑफिस में भी वह गोकुल की उस जंग लगी पुरानी सी साइकिल के बारे में सोचते रहे और अगली सुबह का इंतजार करते रहे, जब वह अपनी क्यारी में उस खटारा साइकिल को नहीं देखेंगे। उस रात मिश्रा जी बहुत चैन से सोए। अगली सुबह वह बेहद खुश थे कि कम से कम अब रद्दी, पुरानी साइकिल देखने को नहीं मिलेगी, जिसके कारण उनका छोटा-सा केले का पेड़ टेढ़ा हो चुका था। सुबह वह जल्दी से घूमने चले गए और जब हंसते-मुस्कुराते हुए सैर करके वापस लौटे तो क्यारियों के बीच में वही गंदी-सी पुरानी साइकिल उन्हें मुंह चिढ़ा रही थी। गुस्से के मारे उनका खून खौल गया। उन्होंने इधर-उधर देखा और किसी को ना पाकर साइकिल को पूरी ताकत से उठाकर सड़क के दूसरी ओर फेंक दिया। साइकिल तो वैसे भी भगवान भरोसे ही चल रही थी, जमीन पर पटके जाने से उसके सारे अस्थि-पंजर और ज्यादा ढीले हो गए। मिश्रा जी ने चैन की सांस ली और आराम से घर के अंदर चले गए। मालती ने उन्हें देखते ही मुस्कुराकर कहा, 'आप बेकार ही उस गोकुल की वजह से इतने दिनों से परेशान हो रहे थे।' मिश्रा जी हंसते हुए बोले, 'अरे, अब मैं कभी परेशान नहीं होऊंगा, चलो।'

'अच्छा हुआ कि हमारे माली ने आपको भी बता दिया वरना मैं भी आपको बताने ही वाली थी।' मालती बोली। मिश्रा जी ने सोचा, साइकिल फेंकने की बात इतनी जल्दी भला किसी को कैसे पता लग सकती है? तभी मालती बोली, 'अपना माली बता रहा था कि वो छोटा वाला केले का पेड़ तो उगा ही टेढ़ा था। इसमें उस बेचारे गोकुल की कोई गलती नहीं है, जिसके पीछे आप दिन-रात अपना खून जलाते रहते हैं।' मिश्रा जी यह सुनकर सन्न रह गए। तभी मालती फिर बोली, 'और वो जो निशा भाभी हैं ना, उन्होंने उसे साफ कह रखा है कि वह उनकी क्यारियों में अपनी साइकिल खड़ी नहीं करेगा, चाहे वह पैदल आए।'

मिश्रा जी माथे का पसीना पोंछते हुए कुर्सी पर बैठ गए पर मालती उनके भाव से बेखबर अपनी ही रौ में बोले जा रही थी, 'अब बताओ, बेचारे गोकुल के पैर में तो पिछले तीन साल से रॉड डली हुई है तो उससे तो ठीक से चला भी नहीं जाता है, तभी तो जैसे-तैसे करीब पांच किलोमीटर दूर से अपनी उस टूटी-फूटी साइकिल से यहां घंटे भर में पहुंचता है, इस लालच में कि कुछ कमाई हो जाएगी।'

इसके आगे मिश्रा जी से सुना नहीं गया, पूरा कमरा जैसे उनकी आंखों के आगे घूमने लगा। वह तुरंत बाहर की ओर भागे। सड़क के दूसरी तरफ गोकुल अपनी साइकिल को बार-बार खड़ा करने की कोशिश कर रहा था पर साइकिल थी कि उसके ऊपर ही गिरी जा रही थी। गोकुल मटमैले कुर्ते की आस्तीन से बार-बार अपनी आंखें पोंछ रहा था, सामने वाले घर से आवाज आ रही थी, 'मैं कहे देती हूं कि अगर साइकिल का बहाना बनाकर काम पर रोज देर से आए तो मैं दूसरा माली रख लूंगी।' मिश्रा जी तेज कदमों से लगभग भागते हुए गोकुल के पास जा पहुंचे। गोकुल उन्हें देखकर ऐसे भर-भराकर रो पड़ा मानो कोई बहुत अपना मिल गया हो। मिश्रा जी कुछ ना बोल पाए, ऐसा लगा कि गले में जैसे कुछ अटक गया हो।

'साहब, आप भले आदमी हो इसलिए आपकी क्यारी में खड़ी कर देता था। सड़क पर इसलिए नहीं खड़ी करते, क्योंकि इसमें ताला भी नहीं था। अगर सड़क से कोई चुराकर ले जाता तो मैं भला कहां से खरीदता दूसरी साइकिल।' कहते हुए गोकुल की आंखों से आंसुओं की दो बूंदें साइकिल पर टपक गईं। मिश्रा जी की आंखें शर्म से झुक गईं। वह गोकुल के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले, 'आओ, चलते हैं।' 'कहां?' गोकुल ने सूजी आंखों को रगड़ते हुए पूछा।

'तुम्हारे लिए नई साइकिल लेने।' कहते हुए ना चाहते हुए भी मिश्रा जी की आंखें डबडबा गईं और उन्होंने गोकुल का हाथ मजबूती से अपने हाथ में पकड़ लिया था। *




# एफडी पर 8 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दे रहे ये बैंक

सुझाव | बिजनेस डेस्क

फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश करना काफी लोगों के लिए भरोसेमंद माना जाता है। इसका कारण है कि इस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। साथ ही मार्केट के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ता। अब काफी बैंक सीनियर सिटीजंस को एफडी पर 8 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे हैं। निवेशकों का भरोसा अब फिक्स्ड डिपॉजिट में बढ़ रहा है। काफी लोग इसमें शॉर्ट और लॉन्ग टर्म के लिए निवेश कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि अब एफडी में ज्यादा ब्याज मिलने लगा है। साथ ही यहां किया गया निवेश शेयर मार्केट से जुड़ा नहीं होता है। ऐसे में इसमें निवेश करने पर फिक्स्ड रिटर्न मिलता है। काफी बैंक समय-समय पर एफडी से जुड़े स्पेशल प्लान भी लाते रहते हैं। इस समय ऐसे कई बैंक हैं जो एफडी पर 8 फीसदी से ज्यादा ब्याज दे रहे हैं। हालांकि यह ब्याज सीनियर सिटीजंस यानी ऐसे लोगों को मिल रहा है जिनकी उम्र 60 साल से ज्यादा है।

## ये बैंक दे रहे अच्छा रिटर्न

### आरबीएल बैंक

आरबीएल बैंक सीनियर सिटीजंस को एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज दे रहा है। दो साल की एफडी पर यह बैंक 8.50% का सालाना ब्याज दे रहा है। एक इसमें 10,000 रुपये निवेश करते हैं तो दो साल बाद यह रकम बढ़कर 11832 रुपये हो जाएगी।



निवेश मंत्रा
विनोद कौशिक

- 5, 10, 15 और 20 साल में दिखेगा मैजिक
- निवेश करने के बाद बार-बार रिटर्न देखने की बजाए इंतजार करें
- अच्छा निवेश लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देता है
- संयमित होकर धैर्य के साथ निवेश करना बेहतर

5000 रुपये की एसआईपी भी कर देगी कमाल और बना देगी मालामाल

# अपने निवेश को कंपाउंडिंग से करें बूस्ट, मिलेगा लाभ

लंबी अवधि के लिए निवेश बनाए रखना बेहर रिटर्न की फुल गारंटी है। शेयर बाजार के बड़े निवेशकों का कहना है कि अगर आप बाजार में 10 साल नहीं टिक सकते तो बाजार में उतरने की सोचते ही क्यों हैं। वे हमेशा से ही बाजार में लंबी अवधि का लक्ष्य रखकर ही निवेश की सलाह देते हैं। उनका कहना है कि निवेश करने के बाद बार-बार रिटर्न देखने की बजाए इंतजार करना सीखिये।

*निवेश की अवधि लंबी रखने पर ज्यादा रिटर्न की गारंटी, कंपाउंडिंग की ताकत समझ गए तो अमीर बनने से कोई नहीं रोक सकता*

अगर आप भी अमीर बनने का सपना देख रहे हैं तो पहले अपने लक्ष्य तय कर लें। इसके बाद लंबी अवधि के निवेश का प्लान बनाएं और हर साल अपने निवेश को कम से कम 10 फीसदी बढ़ाते जाएं। निवेश को कम से कम 5, 10, 15 या 20 साल तक बनाए रखें। इसके बाद आपको निवेश का जादू दिखेगा और बेहतरीन रिटर्न आपको लखपति या करोड़पति भी बना देगा। बस आपको अपने निवेका बार बार रिटर्न चेक नहीं करना है, बल्की इंतजार करना है। लंबी अवधि के लिए निवेश बनाए रखना बेहर रिटर्न की फुल गारंटी है। शेयर बाजार के बड़े निवेशकों का कहना है कि अगर आप बाजार में 10 साल नहीं टिक सकते तो बाजार में उतरने की सोचते ही क्यों हैं। वे हमेशा से ही बाजार में लंबी अवधि का लक्ष्य रखकर ही निवेश की सलाह देते हैं। उनका कहना है कि निवेश करने के बाद बार-बार रिटर्न देखने की बजाए इंतजार करना सीखिये। अच्छा निवेश लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देता है। निवेश की अवधि लंबी रखने पर ज्यादा रिटर्न की गारंटी बढ़ जाती है। वहीं लॉन्ग टर्म निवेश पर कंपाउंडिंग का भी फायदा मिलता है। उनका जोर इस बात पर होता है कि अगर आप कंपाउंडिंग की ताकत सही से समझ लें तो आपको अमीर बनने से कोई नहीं रोक सकता है। इसलिए हमेशा लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाकर चलें।



## कंपाउंडिंग की ताकत

आप सोच रहे होंगे कि कंपाउंडिंग की ताकत क्या है, इसका फायदा कैसे मिलता है। आपने कई स्कीम के बारे में सुना होगा कि किसी स्कीम में 8 फीसदी सालाना कंपांउंडिंग तो किसी स्कीम में 10 फीसदी सालाना कंपाउंडिंग के हिसाब से रिटर्न मिल रहा है। इसे सीधे-सीधे ऐसे समझ सकते हैं कि निवेश पर आपकी जो कमाई होती है, उसे फिर से निवेश कर देना कंपाउंडिंग है। इसमें आपको मूलधन के साथ उसके ब्याज पर भी ब्याज मिलता है। इससे आपका पैस दिन दोनी और रात चौगुनी के हिसाब से बढ़ता जाता है। यह कुछ ही समय में आपको अच्छा रिटर्न दिला सकता है और आपको अमीर बनने में अहम भूमिका भी निभाता है।

## ऐस जुड़ता है ब्याज पर ब्याज

कंबपाउंडिंग यानी ब्याज पर ब्याज या चक्रवृद्धि बयाज को आप इस तरह से समझ सकते हैं कि आपने कहीं 10,000 रुपये निवेश किया है और उस स्कीम में 10 फीसदी सालाना के हिसाब से रिटर्न मिला। तो एक साल बाद आपका पैसा 11,000 रुपये हो जाएगा। अगले साल के लिए 10,000 रुपये पर नहीं, बल्कि आपको 11,000 रुपये पर ब्याज मिलेगा। इसी तरह से ब्याज पर ब्याज मिलने का सिलसिला बढ़ता जाएगा। कंपाउंडिंग आपके निवेश को बढ़ाने का बड़ा जरिया है। आपको भी इसका फायदा उठाना है तो म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश एक बेहतर विकल्प है। यह आपके पैसे को कम समय में बेहतरीन तरीके से बढ़ाने में मदद करेगा। आपको पता तक नहीं चलेगा कि आप कब करोड़पति बन गए। इसलिए एसआईपी में निवेश करें और कम से कम 10 से 15 साल तक इसे भूल जाएं।

## ऐस समझें कैलकुलेशन

### 5 साल के निवेश पर

- मंथली एसआईपी : 5 हजार रुपये
- अनुमानित रिटर्न: 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधि: 5 साल
- आपका कुल निवेश: 3 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यू: 4.1 लाख रुपये
- फायदा: 1.12 लाख रुपये

### 10 साल के निवेश पर

- मंथली एसआईपी : 5 हजार रुपये
- अनुमानित रिटर्न: 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधि: 10 साल
- आपका कुल निवेश: 6 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यू: 11.6 लाख रुपये
- फायदा: 5.6 लाख रुपये

### 15 साल के निवेश पर

- मंथली एसआईपी : 5 हजार रुपये
- अनुमानित रिटर्न: 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधि: 15 साल
- आपका कुल निवेश: 9 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यू: 25.2 लाख रुपये
- फायदा: 16.23 लाख रुपये

### 20 साल के निवेश पर

- मंथली एसआईपी : 5 हजार रुपये
- अनुमानित रिटर्न: 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधि: 20 साल
- आपका कुल निवेश: 12 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यू: 50 लाख रुपये
- फायदा: 38 लाख रुपये

### कितना फायदा

- 20 साल के निवेश पर जहां एसआईपी वैल्यू 50 लाख होगी व कुल फायदा 38 लाख होगा।
- 15 साल के निवेश पर एसआईपी वैल्यू 25.2 लाख और कुल फायदा 16.2 लाख रुपये होगा।
- 10 साल के निवेश पर एसआईपी वैल्यू 11.6 लाख और कुल फायदा 5.6 लाख रुपये होगा।
- 5 साल के निवेश पर एसआईपी वैल्यू 4.1 लाख और कुल फायदा 1.12 लाख रुपये होगा।

## क्या है कंपाउंडिंग इंटरेस्ट

ब्याज दो तरह से मिलता है। कुछ स्कीम्स में साधारण ब्याज मिलता है और कुछ में चक्रवृद्धि ब्याज। साधारण ब्याज में आपको एक निश्चित समय तक केवल प्रिंसिपल अमाउंट पर ही ब्याज मिलता है, लेकिन चक्रवृद्धि ब्याज यानी कंपाउंडिंग इंटरेस्ट में मूलधन के साथ उसके ब्याज पर भी ब्याज मिलता है, इसके कारण आपका निवेश तेजी से दोगुना और तीन गुना होता है। लंबी अवधि में कंपाउंडिंग इंटरेस्ट के जरिए काफी मोटा फंड जुटाया जा सकता है। इसके जरिए करोड़पति बनना भी बड़ी बात नहीं है।

### इन योजनाओं में कंपाउंडिंग का लाभ

- पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ
- फिक्स डिपोजिट यानी एफडी
- सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी एसआईपी

# अगस्त से रायपुर-दुर्ग में मिलेगी बीएसएनएल 4जी की सुविधा, टॉवर लगाने का काम हुआ पूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारत संचार निगम लिमिटेड यानी बीएसएनएल की ओर से 4जी की सुविधा अगले महीने 15 अगस्त के बाद से मिलने लगेगी। इसके लिए बीएसएनएल ने सिम अपग्रेड करने का काम तेजी से शुरू कर दिया है। शनिवार को महाप्रबंधक टीएस मरकाम ने प्रेसवार्ता में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रायपुर संभाग में धमतरी, बलौदाबाजार, गरियाबंद समेत महासमुंद में 58 मोबाइल साइट्स हैं। इसी तरह दुर्ग में 59 साइट्स हैं। बीएसएनएल के ग्राहकों को अभी 3जी की सुविधा मिल रही है। वर्तमान में रायपुर शहर में 383 3जी टॉवर को 4जी में अपडेट किया जा रहा है। साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 150 नए टॉवर लगाने का काम भी 80 फीसदी पूरा हो चुका है। अगस्त के अंतिम में राजधानी में बीएसएनएल की 4जी सेवाएं शुरू हो जाएंगी। महाप्रबंधक ने बताया कि निजी कंपनी की तरह बीएसएनएल का रिचार्ज प्लान महंगे होने के कोई संकेत नहीं है। बता दें कि केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के हर गांव में मोबाइल नेटवर्क के लिए 1500 करोड़ की लागत से 1670 मोबाइल टॉवर लगाएं जाएंगे। तीन सालों से यह कार्य चल रहा है।

- 15 अगस्त के बाद बीएसएनएल उपभोक्ताओं को मिलेगी 4जी की सुविधा

## दुर्ग संभाग में 530 टॉवर लगे

दुर्ग संभाग में 530 मोबाइल टॉवर लगाए गए हैं। अभी तक दुर्ग शहर के लगभग 52 टॉवर को 4जी में अपग्रेड किया जा चुका है। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 130 नए टॉवर लगाए जाएंगे। बता दें कि निजी मोबाइल कंपनियों के रीचार्ज प्लान रेट में हुई वृद्धि से लोग अब भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल की ओर आकर्षित होने लगे हैं। जुलाई में रायपुर में नए उपभोक्ताओं की संख्या 10694 है तो वहीं 2359 लोगों ने पोर्ट कराया है। बीते दिन जिओ ने 25 प्रतिशत तो वहीं एयरटेल ने भी 21 प्रतिशत तक अपना टैरिफ प्लान बढ़ाया था, जिसका लाभ पूरे देशभर में बीएसएनएल को सर्वाधिक हुआ है। दोनों कंपनी की तुलना में बीएसएनएल के दाम में वृद्धि नहीं हुई है। सस्ते प्लान के कारण अब छत्तीसगढ़ में रोजाना 10 हजार नए ग्राहक जुड़ रहे हैं।

## निजी कंपनी से सबसे सस्ता प्लान

रिलायंस जिओ, एयरटेल जैसी प्राइवेट कंपनियों ने अपने दाम 21 से 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। एयरटेल और वोडाफोन के 28 दिनों वाले सबसे सस्ते प्लान अब 199 रुपए पर पहुंच गए हैं, वहीं जियो का 28 दिन वाला सबसे सस्ता प्लान 189 रुपए का है, जबकि बीएसएनएल का ऐसा ही प्लान सिर्फ 108 रुपए में उपलब्ध है। निजी कंपनियों के मुकाबले बीएसएनएल का प्लान काफी सस्ता और किफायती है।

# अब 20 लाख तक मिलेगा मुद्रा लोन, बन सकते हैं कारोबारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि मुद्रा योजना के तहत लोन सीमा दोगुनी यानी 20 लाख रुपये की जाएगी। कारोबारी बनने की चाह रखने वाले लोगों के लिए सरकार ने इस बजट में खास ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) चलाई जाती है। इस योजना के तहत 10 लाख तक का कोलैट्रल फ्री लोन दिया जाता था, लेकिन बजट के दौरान सरकार ने इस लिमिट को बढ़ाकर दोगुना कर दिया। अब इस स्कीम में 20 लाख रुपये तक का कोलैट्रल फ्री लोन मिलेगा। मोदी सरकार ने इस स्कीम को साल 2015 में शुरू किया था।

एक दिन में शेयर खरीदो-बेचो और कमाओ वाली सोच बदलें, 4 साल में मार्केट खूब चढ़ा, पर 70% ट्रेडर नुकसान में रहे

# एक दिन में अमीर बनने की सोच डुबा रही पैसा

एक ही दिन में करोड़ों रुपये कमाने या जल्द अमीर बनने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। पैसा कमाने के लिए पर्याप्त समय चाहिए और लक्ष्य भी साफ सुथरा होना जरूरी है। मसलन यदि आप अमीर बनना चाहते हैं तो संयम के साथ निवेश करें। एक दिन में अमीर बनने का सपना न देखें। देखने में आ रहा है कि भारतीय शेयर बाजार में लगातार पिछले 3-4 सालों से लगातार बड़ी तेजी देखने को मिल रही है। लेकिन हैरानी की बात है कि इतनी तेजी के बावजूद 70 फीसदी से ज्यादा निवेशक नुकसान में हैं। पहले फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग पर शेयर बाजार नियामक संस्था यानी सेबी ने अपनी रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें बताया गया था कि 10 में से 9 एफएंडओ ट्रेडर भारी नुकसान उठाते हैं। अब सेबी ने इक्विटी कैश सेगमेंट पर अपने अध्ययन को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। सेबी की इस स्टडी से पता चला है कि इक्विटी कैश सेगमेंट में 10 में से सात इंट्राडे कारोबारियों को वित्त वर्ष 2022-23 में घाटा उठाना पड़ा। दरअसल शेयर बाजार में शेयर की खरीद और बिक्री एक ही कारोबारी दिन में पूरी करने को 'इंट्राडे' ट्रेडिंग कहा जाता है। इसमें रोजाना शेयर खरीदे और बेचे जाते हैं।



## सेबी की रिपोर्ट में दावा

सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने अपनी यह स्टडी रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2018-19 की तुलना में 2022-23 के दौरान इक्विटी कैश सेगमेंट में इंट्राडे कारोबार करने वाले लोगों की संख्या 300 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है।

## 30 साल के युवा ट्रेडर्स बढ़े

इस स्टडी का एक दिलचस्प पहलू यह है कि मुनाफे में रहने वाले कारोबारियों की तुलना में घाटे में चलने वालों ने औसतन कहीं अधिक संख्या में सौदे किए। इसके अलावा 30 वर्ष से कम आयु के युवा इंट्राडे कारोबारियों की हिस्सेदारी इस अवधि में काफी बढ़ गई। युवा इस समय निवेश में काफी रूचि ले रहे हैं। हालांकि इनमें सबसे ज्यादा युवा इंट्रा डे ट्रेडिंग में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। युवाओं की यही आदत उन्हें नुकसान में धकेल रही है। हर कोई चाह रहा है कि एक ही दिन में अमीर यानी करोड़पति बन जाऊं।

## क्या कहते हैं जानकार

बाजार के जानकारों का कहना है कि अमीर बनने का कोई शॉर्टकट नहीं है। इसके लिए संयम, समय औ लक्ष्य होना बेहद जरूरी है। इसलिए निवेश जब भी करें, अपने लक्ष्य को थोड़ा लंबी अवधि का बनाएं। इससे आप नुकसान में नहीं रहेंगे और कम समय में ही अच्छा मुनाफा प्राप्त करेंगे।

## सेबी ने यह किया अध्ययन

सेबी ने इक्विटी कैश सेगमेंट में व्यक्तिगत इंट्राडे कारोबार में भागीदारी और लाभ व हानि के रुझानों के विश्लेषण के लिए यह अध्ययन किया है। इसमें कोविड महामारी से पहले और बाद के रुझानों का तुलनात्मक विश्लेषण करने के लिए वित्त वर्ष 2018-19, वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 की अवधि को लिया गया।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422 मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

सभी प्रकार के रोगों का निःशुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र — सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617 मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड़ नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130



## नीनो 10 ओलंपिक खेलने वाली दुनिया की एकमात्र महिला

चेटोरॉक्स। जॉर्जिया की निशानेबाज नीनो सालुकवाजे कॅरियर में 10 ओलंपिक खेलने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई जो पहले सोवियत संघ के लिए खेलती थी। सालुकवाजे ने 1988 से हर ओलंपिक खेला है। उन्होंने 1988 में 19 वर्ष की उम्र में स्वर्ण पदक जीता था। वह पेरिस ओलंपिक में जॉर्जिया के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में उतरी। वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना सकी और क्वालीफिकेशन में 38वें स्थान पर रही। वह 2008 बीजिंग ओलंपिक में भी चर्चा में आई थी जब रूस ने कुछ समय के लिये जॉर्जिया से युद्ध लड़ा था। सालुकवाजे ने कांस्य पदक जीता था और रजत पदक जीतने वाली रूस की नतालिया पेडरिना को पोडियम पर गले लगाया था।

### ओलंपिक : पदक तालिका

| क्र. | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 2 | चीन | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | बेल्जियम | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 4 | जापान | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 5 | कजाख्स्तान | 1 | 0 | 1 | 2 |
| - | भारत | 0 | 0 | 0 | 0 |

# पेरिस ओलंपिक : मनु भाकर ने फाइनल में बनाई जगह, 60 शॉट के क्वालीफाइंग में बनाए 580 अंक

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 के पहले दिन शनिवार को शूटिंग में भारत के लिए अच्छी खबर सामने आई है। निशानेबाज मनु भाकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। मनु भाकर 60 शॉट के क्वालीफाइंग रांउड में कुल 580 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97, तीसरी में 98, चौथी में 96, पांचवीं में 96 और छठी सीरीज में 96 अंक हासिल किए। मनु भाकर का फाइनल रविवार दोपहर भारतीय समयानुसार 3.30 बजे होगा।

बता दें कि वूमेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में रिदम सांगवान भी भाग ले रही थीं, लेकिन उन्होंने निराश किया। रिदम 573 अंकों के साथ 15वें स्थान पर रहीं। 22 साल की मनु भाकर टोक्यो ओलंपिक में कुछ खास नहीं कर पाई थीं, लेकिन इस बार वह बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। वह तीन स्पर्धाओं में हिस्सा ले रही हैं, जिसमें 10 मीटर एयर पिस्टल, 25 मीटर पिस्टल और 10 मीटर पिस्टल मिक्स्ड टीम शामिल हैं।

**10 मीटर एयर पिस्टल : फाइनल आज दोपहर 3.30 बजे**



### भारतीय निशानेबाज क्वालीफिकेशन में बाहर

पेरिस। एयर राइफल मिश्रित टीमों की ओलंपिक खेलों में शनिवार को यहां निराशाजनक शुरुआत के बाद सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा ने टुकड़ो में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह नहीं बना सके। सरबजोत क्वालिफिकेशन में 577 के कुल स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे जबकि अर्जुन 574 के स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे। इससे पहले भारतीय निशानेबाज 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी। रमिता जिंदल और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे।

### ओलंपिक — आज भारत का शेड्यूल

| खेल | समय |
|---|---|
| बैडमिंटन  | पीवी सिंधू/एफएन अब्दुल रज्जाक, दोपहर 12:50 बजे, एचएस प्रणय/फैबियान रोथ, रात 8 बजे |
| निशानेबाजी  | 10 मीटर एयर राइफल : इलावेनिल वलारिवन, दोपहर 12.45 बजे, संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता, दोपहर 2.45 बजे, महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनलः मनु भाकर, 3.30 बजे |
| नौकायन | पुरुष एकल स्कल (रेपेचेज दो): बलराज पंवार, दोपहर 1.18 बजे |
| टेबल टेनिसः  | श्रीजा अकुला / क्रिस्टीना कालबर्ग -दोपहर 12.15 बजे, मनिका बत्रा / अन्ना हर्से - दोपहर 12.15 बजे, शरथ कमल / डेनी कोजुल - दोपहर 3.00 बजे |
| तीरंदाजीः  | महिला टीम (क्वार्टर फाइनल): भारत (अंकिता भक्त, भजन कौर और दीपिका कुमारी) बनाम फ्रांस/नीदरलैंड - शाम 5.45 बजे, महिला टीम (सेमीफाइनल): शाम 7.17 बजे, महिला टीम (पदक चरण के मैच): रात 8.18 बजे से। |

तैराकी : 100 मीटर बैकस्ट्रोक (हीट 2): श्रीहरि नटराज - दोपहर 3.16 बजे, 200 मीटर फ्रीस्टाइल (हीट 1): धीनिधि देसिंगु - दोपहर 3.30 बजे

### पेरिस खास खबरें

## चीन ने जीता पहला स्वर्ण पदक



पेरिस। यूटिंग हुआंग और लिहाओ शेंग की चीन की जोड़ी ने शनिवार को यहां निशानेबाजी की मिश्रित टीम एयर राइफल स्पर्धा जीतकर पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक जीता। यूटिंग और लिहाओ की जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जिहयिओन केयुम और हाजुन पार्क की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 16-12 से हराया। जिहयिओन और हाजुन की जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस स्पर्धा का कांस्य पदक एलेक्सांद्रा ली और इस्लाम सतपायेव की कजाखस्तान की जोड़ी के नाम रहा जिन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में ऐना यानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच की जर्मनी की जोड़ी को 17-5 से शिकस्त दी।

## हर रात दिखेगी ओलंपिक कॉल्ड्रल

पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान उड़ान भरने वाली ओलंपिक कॉल्ड्रल (ओलंपिक ज्वाला) दिन के दौरान जमीन पर रहेगी जबकि रात में यह आसमान में होगी। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने कहा कि शनिवार से गुब्बारे से जुड़ी कॉल्ड्रल सूर्यास्त से लेकर रात दो बजे तक लौवर संग्रहालय के ग्लास पिरामिड के प्रवेश द्वार के पास तुइलरीज गार्डन से 60 मीटर (197 फीट) से अधिक ऊपर उड़ेगी। दिन के समय में रोजना इसे देखने के लिए 10,000 लोगों को पास जारी किए जाएंगे।

## रूडी 6 ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले पहले बास्केटबॉल खिलाड़ी



विलनोवडास्क। स्पेन के रूडी फर्नांडिज छह ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले पहले पुरुष बास्केटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्पेन की ओर से उतरकर यह उपलब्धि हासिल की। सोमवार को जब अमेरिका की महिला टीम जापान के खिलाफ उतरेगी तो डायना टोरासी भी छह ओलंपिक में खेलने वाली पहली महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी बन जाएंगी। स्पेन के युआन कार्लोस नवारो, पुएर्टो रिको के टियोफिलो क्रूज, ऑस्ट्रेलिया के एंड्रयू गेज, ब्राजील के आस्कर शमिट और अर्जेन्टीना के लुई स्कोला पांच ओलंपिक में हिस्सा ले चुके हैं।

## नौकायनः बलराज चौथे स्थान से रेपेचेज में पहुंचे



*चेटेरोक्स। पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को यहां पुरुष एकल स्कल स्पर्धा की पहली हीट में चौथे स्थान पर रहे और अब रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। पच्चीस साल के बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया। वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेकंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकंड) से पीछे रहे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा।*

## हॉकी : भारत का जीत के साथ आगाज न्यूजीलैंड को रोमांचक मैच में हराया

पेरिस। आखिरी मिनटों में पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने पेरिस में अपने अभियान का आगाज न्यूजीलैंड पर शनिवार को 3-2 से मिली रोमांचक जीत के साथ किया। एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले न्यूजीलैंड टीम ने 2-2 से बराबरी कर ली। भारत को 57वें से 58वें मिनट के बीच तीन पेनल्टी कॉर्नर और 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में



बदलकर युवेस डु मनोयेर स्टेडियम पर भारी तादाद में आए भारतीय समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ा दी। न्यूजीलैंड के लिये सैम लेन (आठवां मिनट) ने पहला और साइमन चाइल्ड (53वां) ने दूसरा गोल किया जबकि भारत के लिए मनदीप सिंह (24वां मिनट ), विवेक सागर प्रसाद (34वां मिनट) और हरमनप्रीत (59वां मिनट) ने गोल दागे।

### खबर संक्षेप



### अर्जेंटीना ने ईराक को 3-1 से हराया

पेरिस। अर्जेंटीना ने पहले मैच में मिली अप्रत्याशित हार से उबरते हुए पेरिस ओलंपिक में लियोन में खेले जा रहे फुटबॉल मुकाबले में शनिवार को ईराक को 3-1 से हराया। खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही अर्जेंटीना टीम को ग्रुप बी में मोरक्को ने पहले मैच में 2-1 से हरा दिया था। मोरक्को के प्रशंसकों के मैदान पर उतर आने के कारण मैच दो घंटे विलंब से शुरू हुआ था। अर्जेंटीना, ईराक और मोरक्को तीनों टीमों के तीन तीन अंक हैं।

### विधात्री उर्स ने जीता डब्लपीजीटी खिताब



बेंगलुरु। भारतीय महिला गोल्फर विधात्री उर्स ने शनिवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 10वें चरण का खिताब अपने नाम किया। बतौर पेशेवर गोल्फर यह उनका चौथी शुरूआत में दूसरा खिताब है। विधात्री ने नौंवे चरण का खिताब जीता था और लगातार 10वें चरण के प्लेऑफ में जीत हासिल की। उन्होंने और अमनदीप द्राल ने अंतिम दौर में दो ओवर 74 का कार्ड बनाया जिससे खिताब के लिए दोनों के बीच प्लेऑफ खेला गया।

### रूट का 63वां अर्धशतक 12 हजार रन पूरे

बर्मिंघम। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच की पहली पारी में वेस्टइंटीज ने 282 रन बनाए। जो रूट (87) ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 12,025 रन पूरे कर लिए। टेस्ट में उनका 63वां अर्धशतक रहा। जो रूट इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में एलिएस्टर कुक के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## टेनिस : स्वियाटेक, अल्काराज और जोकोविच की आसान जीत







पेरिस। सात सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले कार्लोस अल्काराज, इगा स्वियाटेक और नोवाक जोकोविच ने रोलां गैरो में खेले जा रहे ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में अपने अभियान का आगाज सीधे सेटों में जीत के साथ किया। बारिश के कारण छत को बंद करके इन मुकाबलों को खेला गया। फ्रेंच ओपन में तीन बार की गत चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वियाटेक ने रोमानिया की इरिना कैमेलिया बेगु को सीधे सेट में हराया। सात हफ्ते पहले रोलां गैरो पर चौथा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाली पोलैंड की स्वियातेक ने बेगु को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। मौजूदा फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियन अल्काराज ने लेबनान के हेडी हबीब को 6-3, 6-1 से हराया। ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त सर्बिया के जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया।

### चोटिल फाबियन रेबोल हटे मोनफिल्स ने ली जगह



स्टार खिलाड़ी गेल मोनफिल्स शनिवार को यहां भारत के रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर के मैच में एडवर्ड रोजर-वेसलिन के साथ खेलेंगे क्योंकि फाबियन रेबोल चोट के कारण इस मुकाबले से हट गए हैं। मोनफिल्स के अंतिम समय में कोर्ट में उतरने से मैच पर असर पड़ सकता है क्योंकि बोपन्ना और बालाजी ने रेबोल और रोजर-वेसलिन की जोड़ी से मुकाबले के लिए पूरी तैयारी कर रखी थी।

### बैडमिंटन : सात्विक-चिराग लक्ष्य सेन ने दर्ज की जीत

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में पदक के दावेदार सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग सेन की जोड़ी ने पुरुष युगल स्पर्धा में पहले दौर में शनिवार को आसान जीत दर्ज की। पदार्पण कर रहे लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल स्पर्धा में जीत के साथ शुरुआत की। तीसरी वरीयता प्राप्त एशियाई खेल चैंपियन सात्विक और चिराग ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनान लाबार को 21-17, 21-14 से हराया। वहीं लक्ष्य ने ग्रुप एल में दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी केविन कोर्डन को 42 मिनट में 21-8, 22-20 सीधे गेम में हराया।

### सिसोदिया ने की खेल मंत्री मांडविया से मुलाकात



रायपुर। आज भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व संयुक्त सचिव डॉ. विक्रम सिसोदिया ने युवा एवं खेल मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्री सिसोदिया ने पेरिस ओलंपिक के लिए गए भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ में हो रही खेल गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। ज्ञात रहे कि डॉ. विक्रम सिसोदिया 2018 ऑस्ट्रेलिया में हुए कॉमनवेल्थ खेलों में भारतीय दल के शेफ-डी-मिशन रह चुके हैं।

## टी-20: भारत ने श्रीलंका को 43 रन से दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| पालेकल

भारतीय टीम ने कप्तान सूर्यकुमार यादव (58) के आक्रामक अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को 43 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। सूर्यकुमार और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 213 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।इस बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम 19.2 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (40 रन) और शुभमन गिल (34 रन) के अच्छी शुरुआत करने के बाद सूर्यकुमार और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (49 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी से भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। भारत की टी20 कप्तान के कप्तान बनाए जाने के बाद सूर्यकुमार ने अपने पहले मैच में 26 गेंद की पारी में आठ चौके और दो छक्के जड़े।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी स्ट मेंडिस बो हसारंगा | 40 | 21 | 5 | 2 |
| गिल का फर्नांडो बो मदुशंका | 34 | 16 | 6 | 1 |
| सूर्यकुमार पगबाधा बो पाथिराना | 58 | 26 | 8 | 2 |
| ऋषभ पंत बो पाथिराना | 49 | 33 | 6 | 1 |
| हार्दिक पंड्या बो पाथिराना | 09 | 10 | 1 | 0 |
| पराग पगबाधा बो पाथिराना | 07 | 06 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह बो फर्नांडो | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 10 | 05 | 0 | 1 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 213/7
गेंदबाजी : मदुशंका 3-0-45-1, फर्नांडो 4-0-47-1, तीक्ष्णा 4-0-44-0, हसारंगा 4-0-28-1, मेंडिस 1-0-9-0, पाथिराना 4-0-40-4.

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| निसांका बो अक्षर पटेल | 79 | 48 | 7 | 4 |
| कुसल का यशस्वी बो अर्शदीप | 45 | 27 | 7 | 1 |
| परेरा का रवि बिश्नोई बो अक्षर | 20 | 14 | 3 | 0 |
| कामिंदु मेंडिस बो पराग | 12 | 08 | 2 | 0 |
| चरिथ का यशस्वी बो रवि बिश्नोई | 00 | 02 | 0 | 0 |
| दासुन शनाका रन आउट | 00 | 00 | 0 | 0 |
| हसारंगा का पराग बो अर्शदीप | 02 | 03 | 0 | 0 |
| महीश तीक्ष्णा बो पराग | 02 | 05 | 0 | 0 |
| पाथिराना का पटेल बो सिराज | 06 | 07 | 0 | 0 |
| असिथा फर्नांडो नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| दिलशान मदुशंका बो पराग | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 19.2 ओवर में 170/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-24-2, सिराज 3-0-23-1, अक्षर 4-0-38-2, बिश्नोई 4-0-37-1, पंड्या 4-0-41-0, पराग 1.2-0-5-3.

### भारतीय टीम महिला और श्रीलंकाई टीम में होगा सामना

# रिकॉर्ड 8वां एशिया कप खिताब जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| दाम्बुला

मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखकर श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में जीत दर्ज करके रिकॉर्ड आठवां खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने लीग चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से, संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से और नेपाल को 82 रन से हराया था। सेमीफाइनल में उसने बांग्लादेश को 10 विकेट से पराजित किया था। भारत के शीर्ष



क्रम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अभी तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को कोई मौका नहीं दिया है। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन टीम प्रबंधन गेंदबाजों विशेषकर दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह के प्रदर्शन से काफी खुश होगा। दीप्ति ने टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक 9 विकेट लिए हैं जबकि रेणुका सात विकेट लेकर तालिका में तीसरे नंबर पर है। इन दोनों का इकोनॉमी रेट भी शानदार है जिसका मतलब है कि उन्होंने विरोधी टीम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया है। इन दोनों की कसी गेंदबाजी का फायदा भारत के अन्य गेंदबाजों को भी मिला है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव इसका उदाहरण है जिन्होंने अभी तक 5.5 के इकोनॉमी रेट से 6 विकेट लिए हैं। भारतीय टीम के लिए कोई विभाग चिंता का विषय नहीं है लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी के कम मौके मिलने से वह थोड़ा चिंतित हो सकता है।

### श्रीलंका अभी तक अजेय

श्रीलंका भी अभी तक अजेय रहा है। उसने टूर्नामेंट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी हासिल की है। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में मलेशिया को 144 रन से हराया था। श्रीलंका की तरफ से कप्तान चमारी अटापट्टू ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक 243 रन बनाए हैं लेकिन उनके अलावा श्रीलंका की कोई भी अन्य बल्लेबाज 100 रन तक नहीं पहुंची है। भारत को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे श्रीलंकाई कप्तान पर अंकुश लगाना होगा। भारत के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने श्रीलंका के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। ऑफ स्पिनर कविशा दिलहारी (सात विकेट) को छोड़कर अन्य श्रीलंकाई गेंदबाज अभी तक प्रभाव छोड़ने में विफल रही हैं।

## मुश्किल समय में सांस छोड़ें और एक कदम पीछे हटें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने अपने उत्तराधिकारी गौतम गंभीर को उन चुनौतियों से निपटने के लिए एक विशेष संदेश दिया है जिनका उन्हें सामना करना पड़ सकता है। द्रविड़ के संदेश से गंभीर भी भावुक हो गए। द्रविड़ ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में भारत के चैंपियन बनने के बाद मुख्य कोच का पद छोड़ दिया था। उनकी जगह गंभीर को मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक वीडियो एक्स पर जारी किया है, जिसमें द्रविड़ ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट टीम के एक कोच का दूसरे कोच को संदेशः सबसे मुश्किल

**द्रविड़ का गंभीर को संदेश**



समय में लंबी सांस छोड़ें और एक कदम पीछे हटें। मेरी आपको शुभकामनाएं गौतम। मुझे पूरा विश्वास है कि आप भारतीय टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जाओगे। भले ही यह आपके लिए मुश्किल हो, लेकिन मुस्कुराइए। जो कुछ भी होगा, वह लोगों को चौंका देगा।'

सच्चे मन से अगर ईश्वर से कुछ मांगा जाए तो वह निश्चित ही मिलता है। कुछ ऐसा ही यकीन अलीगढ़ के तहसील इगलास के गांव हस्तपुर की रहने वाली 55 वर्षीय सरोज देवी में है। जिन्होंने आज से करीब 4 साल पहले तप पर बैठकर अपनी यकीन को पुख्ता किया था।

# बारिश के लिए तप कर रही 55 साल की महिला, इंद्रदेव से लगाई अनोखी गुहार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला की तरफ से आज से 4 साल पहले तप पर बैठकर इंद्रदेव को मनाने का प्रयास किया। तो दूसरे दिन ही गांव में बारिश हो गई थी और फिर महिला ने तप से हटने का निर्णय लिया था।

## बरसात के लिए तप

एक बार फिर आसपास के क्षेत्र में बारिश हो रही है, लेकिन महिला के क्षेत्रीय गांव में बारिश न होने के चलते गांव की फसल बर्बाद होने के कगार पर पहुंच चुकी है। आसपास के किसान कई फसल बोते हैं। बारिश न होने से अब फसले उजड़ जाने के डर से महिला ने गांव की खुशहाली के लिए तप पर बैठने का निर्णय लिया है। जब तक गांव में बारिश नहीं होगी, तब तक तप पर बैठकर महिला की तरफ से इंद्रदेव को मनाने का प्रयास किया जा रहा है।



## बेटे ने कही ये बात

जानकारी देते हुए सरोज देवी के पुत्र गौरव ने बताया कि गांव की खुशी के लिए उनकी मां तप पर बैठी हुई हैं। किसी भी तरह से गांव में बारिश हो जाए, तो गांव की फसलों को उजड़ने से बचाया जा सकता है। गौरव का कहना है कि जब तक बारिश नहीं होगी, तब तक उनकी मां तप स्थल से नहीं उठेंगीं।

## इस वजह से लिया फैसला

दरअसल, पूरा मामला जिला अलीगढ़ के तहसील इगलास के गांव हस्तपुर का है। यहां की रहने वाली सरोज देवी की उम्र 55 वर्ष की हैं। उनके पति कृष्ण गोपाल सिंह की 2005 में कैंसर की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। सरोज देवी के दो पुत्र हैं। दोनों मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। सरोज देवी कई दिन से परेशान चल रही थीं। वजह थी गांव में बारिश न होना. गांव में बारिश न होने की चर्चा हर रोज होती थी, जिसको लेकर सरोज देवी ने गांव की खुशहाली के लिए तप पर बैठने का निर्णय लिया।

खासियत

110 सालों से हैं आस्था के केंद्र

# पांच मंगल हाजरी से खुलते हैं इमला वाले हनुमानजी के चमत्कार के द्वार!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड अंचल में स्थित प्राचीन मंदिरों में आज भी सालों पुरानी मान्यताएं जीवित है। दमोह जिले के छतरपुर मार्ग पर बकायन गांव में विराजमान हनुमान लला का ये मंदिर काफी साल पुराना बताया जाता है।

जहां आज भी 110 सालों से पुरानी मान्यताएं चली आ रही है। इस मंदिर की खासियत है कि हनुमानजी के दरबार में 5 मंगलवार/शनिवार अर्जित लगाकर श्रीफल अर्पित करने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

## 5 मंगलवार हाजरी लगाने से मनोकामना होती है पूर्ण

दरअसल, जिला मुख्यालय से 27 किमी दूर बकायन गांव में इमला वाले हनुमान जी का प्रसिद्ध मंदिर है। जहां 5 मंगलवार हनुमान लला के दरबार में हाजरी लगाने से हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है। मनोकामना पूर्ण हो जाने के बाद भक्त बाकायदा यहां की परंपरा अनुरूप कपूर महाआरती करते हैं। जोकि 110 सालों से चली आ रही है। महाआरती की खासियत है कि ये सिर्फ मंगलवार और शनिवार को ही होती है। जिसे करने के लिए कई किलो कपूर का उपयोग किया जाता है। जो देखने अनोखी होती है।

## जानिए क्या है कहानी

अक्सर बुजुर्गों के मुंह से सुनने में आता है कि यह प्रतिमा 250 साल पुरानी है। जिस जगह हनुमान जी विराजमान हैं, वहां पहले श्मशानघाट हुआ करता था। जहां बड़ी संख्या में खजूर और इमली के पेड़ लगे थे। बहुत साल पहले एक संत महाजन दास आए थे। रात में उन्होंने यहां विश्राम किया। तब उन्हें एक सपना आया कि यहां एक हनुमान जी की मूर्ति है। सुबह होते ही संत ने यह बात ग्रामीणों को बताई और इमली के पेड़ के नीचे खुदाई करने पर इमली के पेड़ के नीचे से हनुमान जी की प्रतिमा निकली।



## हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है ये दिव्य धाम

हिन्दू धर्म में देवी देवताओं के मंदिर लोगों की आस्था के प्रमुख केंद्र माने जाते हैं। जहां हजारों की तादात में लोग इकट्ठा होकर ईश्वर की भक्ति में लीन होकर पूजा अर्चना करते हैं। इमला वाले हनुमानजी के दरबार में भी पूरे साल भर भक्तों का तांता लगा रहता है। सप्ताह के दूसरे और छठे दिन यानी मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी महाराज को झंडा व चोला चढ़ाने की परंपरा आज भी जीवित है। इस स्थान की ऐसी मान्यता है कि पांच मंगलवार यहां हाजरी लगाने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। ये परंपरा बीते कई दशकों से चली आ रही है। यहां विराजी हनुमानजी की प्रतिमा इमली के पेड़ के नीचे मिली थी, इसलिए इन्हें इमला वाले हनुमान जी के नाम से पूरे बुंदेलखंड अंचल में जाना जाता है।

# मंगल ग्रह को लेकर नासा का बड़ा खुलासा, रोवर ने दिए ऐसे संकेत



**न्यूयार्क।** सबसे बड़ा सवाल है कि क्या ब्रह्मांड में पृथ्वी के अलावा किसी और ग्रह पर जीवन है? इस सवाल का जवाब सालों से वैज्ञानिक तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। वैज्ञानिकों को मंगल पर जीवन की अधिक संभावना दिखती है। अब इस बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पर्सीवरेंस रोवर ने लाल ग्रह पर एक बड़ी खोज की है। इस खोज में मंगल ग्रह पर प्राचीन जीवन के सबूत मिले हैं। यह खोज बेहद अहम है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि दूसरे ग्रहों पर जीवन की संभावना हो सकती है। अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा के प्रमुख बिल नेल्सन का भी मानना है कि ब्रह्मांड में पृथ्वी के अलावा कहीं और जीवन हो सकता है। एक बार बिल नेल्सन से सवाल किया गया कि क्या आपको विश्वास है कि एलियन का अस्तित्व है? उन्होंने इस सवाल के जवाब में सिर्फ एक शब्द कहा हां है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# शादी करने के लिए यहां चुरानी पड़ती है दूसरे की पत्नी



**लंदन।** दुनिया में कई जनजातियां और आदिवासी प्रजातियां रहती हैं। इन जनजातियों को उनकी परंपराओं, रहन-सहन और खान-पान के लिए जाना जाता है। पश्चिमी अफ्रीका में एक ऐसी जनजाति रहती है, जो एक अजीबोगरीब परंपरा का पालन करती है। इस जनजाति में शादी करने के लिए किसी दूसरे की पत्नी को चुराना पड़ता है। यहां पर परंपरा की वजह से लोग एक-दूसरे की बीवियों को चुराकर शादी करते हैं। इस अनोखे रस्म और रिवाज से जुड़ी बातों के बारे में हम आपको बताते हैं।

दरअसल, पश्चिमी अफ्रीका में रहने वाली वोदाब्बे जनजाति के लोग एक-दूसरे की बीवियों को चुराकर शादी करते हैं। इस तरह की शादी वोदाब्बे जनजाति के लोगों की पहचान है। इस जनजाति के लोगों में एक-दूसरे की पत्नी को चुराने की अजीबोगरीब परंपरा है।

# चमत्कारी मंदिर, तेल-घी नहीं, बल्कि पानी से जलता है दीया



**नई दिल्ली।** भारत में कई बहेद रहस्यमयी मंदिर हैं। मदिर के रहस्यों का आज तक वैज्ञानिक भी पता नहीं लगा पाएंगे। हिमाचल प्रदेश में स्थित विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर में हमेशा ज्वाला जलती रहती है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश में एक रहस्यमयी मंदिर है, जहां पर दीपक जलाने के लिए किसी घी या तेल की जरूरत नहीं होती। यह सिलसिला आज से नहीं, बल्कि कई सालों से चलता आ रहा है।

गड़यिाघाट वाली माताजी के नाम से यह मंदिर मशहूर है। यह मंदिर कालीसिंध नदी के किनारे आगर-मालवा के नलखेड़ा गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर गाड़िया गांव के पास मौजूद है। इस मंदिर में बीते पांच साल से एक महाजोत लगातार जलती आ रही है। लेकिन देश में ऐसे अनेक मंदिर हैं, जहां इससे भी लंबे समय से दीये जलते आ रहे हैं, लेकिन यहां के महाजोत की बात सबसे अलग है। मंदिर के पुजारी का दावा है माताजी के मंदिर में जो महाजोत जल रही है, उसे जलाने के लिए किसी घी, तेल, मोम या किसी अन्य तेल की जरूरत नहीं होती है, बल्कि यह आग के दुश्मन पानी से जलती है।

## नदी का जल स्तर बढ़ने से यह मंदिर पानी में डूब जाता

पानी से जलने वाला यह दीया बरसात के मौसम में नहीं जलता है। दरअसल, वर्षाकाल में कालीसिंध नदी का जल स्तर बढ़ने से यह मंदिर पानी में डूब जाता है। इससे यहां पूजा करना संभव नहीं होता। इसके बाद शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन यानी पड़वा से दोबारा ज्योत जला दी जाती है, जो अगले वर्षाकाल तक लगातार जलती रहती है। बताया जाता है कि इस मंदिर में रखे दीपक में जब पानी डाला जाता है, तो वह चिपचिपे तरल में बदल जाता है और दीपक जल उठता है।

मुँह के छालों से पाइये राहत Rs.25 ONLY
पान, पान मसाला गुटखा खाने से मुँह कटने व मुँह के छालों में लाभदायक
एग्रो मुआमाक्योर लोशन
एग्रो का होलोग्राम देखकर खरीदें
Retailer OFFER :96 पीस की खरीद पर एक आकर्षक cello की बोतल मुफ्त पायें
HELPLINE: 8899500500

कैंसर के अत्याधुनिक इलाज, कीमोथेरपी, इम्यूनोथेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं पैलिएटिव केयर हेतु कुशल एवं विश्वसनीय टीम
डॉ. विकास गोयल MD, DM
डॉ. अनिकेत ठोके MD, DNB, ESMO
डॉ. राकेश मिश्रा MD, DM
डॉ. अविनाश तिवारी MBBS, MD
NABH, छत्तीसगढ़ शासन, FCI, NMDC, SECL, CSEB, NTPC, Railway, SAIL, BSP, ESIC, BSKY
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
मरीज़ों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389905010, 7389904010, +91 7714081010, 4061010

हरारत
बदन दर्द
आखें लाल होना
इनसे बचने के लिए असली चिरायतायुक्त...
बैद्यनाथ असली आयुर्वेद
महासुदर्शन काढ़ा
वर्तमान समय में होनेवाली तकलीफें हाथपाँव का जकड़ना, मुँह का स्वाद कड़वा होना, भूख न लगना, सिरदर्द, आखें लाल होना, बदन दर्द, तेज ज्वर आदि तकलीफें दूर करने में उपयोगी।
वैद्यकीय सलाह : 844 844 4935
www.baidyanath.co

24x7 Helpline: 85568 09999
Dr. Juneja's ACCUMASS
वज़न बढ़ाए आत्मविश्वास जगाए
एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स

मित्तल हॉस्पिटल कैंसर विभाग
भिलाई : सुर्या टी.आई. मॉल के पास फोन: 0788 - 2294443, 90392 38971, 77228 80844
रायपुर : होली क्रॉस स्कूल के पास, अवंति बाई चौक, पंडरी फोन: 91313 99570, 93430 79151
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
हमारे अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ
डॉ. सुमन मित्तल, डॉ. स्नेहा बोथरा जैन, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. पुनीत सेठ, डॉ. जसवंत जैन, डॉ. नवीन बर्मा, डॉ. अंबर गर्ग, डॉ. निहार गुप्ता
Deepak Advts

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ के अनुभवी पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ
डॉ संजय अग्रवाल (M.D., D.M. Gastroenterology)
हमारी सुविधाएं: एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इआरसीपी, सोनोग्राफी, ब्लड टेस्ट
पेट सम्बन्धी बीमारियों का इलाज: गैस, खट्टी डकार, फैटी लीवर, खाना निगलने में परेशानी, पेट फूलना, लीवर सिरोसिस, पैंक्रियाटाइटिस, उल्टी में खून आना, लीवर ट्रांसप्लांट
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें: 9238175001/9238175002
www.smchospital.in
INFRONT OF BSNL OFFICE, VIDHAN SABHA ROAD, NEAR ASHOK RATAN, SHANKAR NAGAR, RAIPUR (C.G.)
#Rajesh

करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल
अरबिंदो नेत्रालय के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर
कैंसर का इलाज संभव है
मुँह एवं गले का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, स्तन कैंसर, रक्त सम्बन्धी विकार, पेट, लिवर, गुदा द्वार का कैंसर
उपलब्ध सुविधाएं: कीमोथेरेपी, सर्जरी, रेडिएशन, इम्यूनोथेरेपी
आयुष्मान भारत योजना से अनुबंधित
अधिक जानकारी एवं सहायता हेतु संपर्क करें: 0771 4280003, 6232143778

ओम हॉस्पिटल
डॉ. प्रतीक बारले
डॉ. हनुमंत
उपलब्ध सुविधाएं: हर्निया, चर्बी की गांठ, फिस्टुला, पाइल्स, अपेंडिक्स, स्तन में बनने वाली गांठ, दूरबीन से होने वाली समस्त सर्जरी, पेट से संबंधित समस्त सर्जरी, लेजर द्वारा बवासीर का इलाज, दूरबीन से हर्निया व गॉल ब्लेडर सर्जरी
मो. 8370008551, मो. 9302734809, मो. 8370008558
#Rajesh

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
न्यूरोलॉजी विभाग
सिर दर्द (माईग्रेन), मिर्गी, लकवा, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कठिन समस्याएं अब न होंगी
सच्ची सहेली है बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबसे भरोसेमंद औषधि एवं टॉनिक
पूर्ण स्वदेशी, पूर्ण आयुर्वेदिक
Clinically Tested
67 दुर्लभ जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक निम्न समस्याओं में विशेष सहायक है।
कठिन दर्द, चिड़चिड़ापन, थकान, कमजोरी, कमर कटना, इम्यूनिटी
सच्ची सहेली
24x7 Helpline: 77106 44444 | www.sachisaheli.in | Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com